श्री महावीर ग्रंथ अकादमी—पंचम पुष्प

बाई अजीतमति एवं उसके समकालीन कवि

[१६ वीं-१७ वीं शताब्दि के चर्चित, अज्ञात एवं अल्पचर्चित पांच कवियों—बाई अजीतमति, परिमल्ल, ब्रह्मपाल, भ० महेन्द्रकीर्ति एवं हेमराज के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ उनकी सम्पूर्ण कृतियों के मूल पाठों का प्रथम बार संकलन प्रकाशित]

लेखक एवं सम्पादक
डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल
एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

प्रकाशक
श्री महावीर ग्रंथ अकादमी जयपुर

प्रथम संस्करण : अप्रैल, १९८४

मूल्य ५०.००

सम्पादक —डा० हीरालाल माहेश्वरी एम.ए., डी०फिल, डी.लिट जयपुर
डा० राजाराम जैन, एम.ए. पी-एच.डी साहित्याचार्य आरा
डा० गंगाराम गर्ग, एम.ए.पी-एच.डी. भरतपुर

निदेशक एव प्रधान

सम्पादक— डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, जयपुर

प्रकाशक— श्री महावीर ग्रंथ अकादमी
८६७ अमृत कलश प्रतियाँ ११००
बरकत नगर, किसान मार्ग
टोंक फाटक, जयपुर–१५ मूल्य ५० रुपये

मुद्रक—मनोज प्रिन्टर्स, जयपुर–३ फोन—६७२६७

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी

प्रगति परिचय

श्री महावीर ग्रंथ अकादमी के प्रगति परिचय में मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि जिस उद्देश्य को लेकर अकादमी की स्थापना की गयी थी उसकी ओर वह निरन्तर आगे बढ़ रही है। प्रस्तुत पुष्प सहित अब तक उसके सात पुष्प निकल चुके हैं। इन सात पुष्पों में जिन कवियों का व्यक्तित्व एवं कृतित्व के रूप में मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया है उनमें से अधिकांश कवि अब तक अचर्चित, अज्ञात अथवा अल्प चर्चित रहे हैं। कुछ कवि तो ऐसे हैं जिनके व्यक्तित्व को प्रकाश में लाने का एक मात्र श्रेय श्री महावीर ग्रंथ अकादमी को दिया जा सकता है।

अकादमी के छट्ठे पुष्प कविवर बुलाखीचन्द, बुलाकीदास एवं हेमराज का विमोचन तिजारा (राजस्थान) में पञ्च कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के विशाल समारोह मे परमादरणीय महामहिम राष्ट्रपति श्री ज्ञानी जैलसिंह जी सा० ने अपने कर कमलों से किया था। यह संभवतः प्रथम अवसर है जब महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने किसी जैन विद्वान की पुस्तक का ऐसे विशालतम समारोह में विमोचन किया हो। इसलिये ऐसा गौरव प्राप्तकर लेखक एवं अकादमी दोनों माही गौरवान्वित हैं।

प्रस्तुत सप्तम पुष्प में हमने पांच कवियों का परिचय एवं उनकी कृतियों का संकलन किया है उनमें चार तो अब तक पूर्णतः अचर्चित एवं अज्ञात माने जाते रहे हैं। हिन्दी साहित्य में कवयित्रियों के नाम अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं इसलिये बाई अजीतमति की उपलब्धि एक उल्लेखनीय खोज है। बाई अजीतमति के अतिरिक्त भगवान, ब्र० महेन्द्रकीर्ति एवं जैनेन्द्र सभी अचर्चित कवि हैं।

राजस्थान के शास्त्र भण्डारों में हिन्दी रचनाओं का विशाल भण्डार छिपा हुआ है। इन शास्त्र भण्डारों की जितनी अधिक खोजबीन की जाती है उतनी ही

नयी एवं अचर्चित कृतियों की उपलब्धि होती रहती है प्रस्तुत पुष्प में जिन चार कवियों का परिचय दिया गया है उनमें तीन कवियों की उपलब्धि अभी गत वर्ष १९८३ में की गयी खोज का सुखद परिणाम है।

अब तक प्रकाशित सात भागों में ८० से भी अधिक कवियों पर विस्तृत प्रकाश डाला जा चुका है। उनमें महत्त्वपूर्ण कवि, १ भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति, २ बूचराज, ३ छीहल, ४ ठक्कुरसी, ५ गारवदास, ६ चतुरुमल, ७ ब्रह्मजिनदास, ८ भट्टारक रत्नकीर्ति, ९ कुमुदचन्द्र, १० अभयचन्द्र, ११ शुभचन्द्र, १२ श्रीपाल, १३ संयमसागर, १४ धर्मसागर, १५ गणेश, १६ आचार्य सोमकीर्ति, १७ ब्रह्म यशोधर, १८ सांगु, १९ गुणकीर्ति, २० यशःकीर्ति, २१ बुलाखीचन्द, २२ बुलाकीदास, २३ हेमराज गोदीका, २४ हेमराज पांडे, २५ बाई अजीतमति, २६ जगपाल, २७ परिमल्ल, २८ ब्र० महेन्द्रकीर्ति, २९ देवेन्द्र, एवं ३० ब्रह्म रायमल्ल के नाम उल्लेखनीय है। प्रस्तुत भाग को मिलाकर अब तक २८५० पृष्ठों का विशाल मेटर उपलब्ध कराया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हिन्दी के जैन कवियों का जैसे-जैसे परिचय, मूल्यांकन एवं उनकी कृतियों का संकलन हिन्दी के विद्वानों के पास पहुंचेगा, जैन कवियों के प्रति उनकी उपेक्षा की भावना उतनी ही तेजी से दूर हो सकेगी और जैन कवियों को भी हिन्दी की मुख्य धारा में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो सकेगा।

सहयोग

अकादमी को समाज का जितना सहयोग अपेक्षित है उतना सहयोग अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है। हम चाहते हैं कि अकादमी के प्रत्येक ग्राम एवं नगर में सदस्य हों जिससे इसके द्वारा प्रकाशित सभी महत्त्वपूर्ण पुस्तकें साहित्य प्रेमियों के हाथों में पहुंच सकें। फिर भी जितना सहयोग हमें अब तक मिला है उसके लिये हम उन सभी महानुभावों के आभारी हैं जिन्होंने अकादमी का सदस्य बन कर साहित्य प्रकाशन की योजना को मूर्त रूप देने में सहयोग दिया है। हमारी हार्दिक भावना तो यही है कि अकादमी द्वारा प्रति वर्ष तीन प्रकाशन हों, एक सेमिनार का आयोजन एवं प्राचीन साहित्य की खोज के विभिन्न कार्यक्रम तीव्र गति से होते रहें। अकादमी के संरक्षक माननीय श्री निर्मलकुमार जी सा० सेठी लखनऊ की भी यही भावना है कि अकादमी की साहित्य प्रकाशन की योजनाओं पर अच्छी राशि खर्च हो। हम सेठी जी की भावनाओं के प्रति आभारी हैं। आपका अकादमी के प्रति सहज सहयोग प्रशंसनीय है। इसी तरह अकादमी के परम संरक्षक स्वामी श्री पंडिताचार्य भट्टारक चारुकीर्ति जी महाराज मूडबिद्री एवं डा० दरबारी लाल

श्री डा० कोठिया वाराणसी के सहयोग के लिये भी हम आभारी हैं। डा० कोठिया सा० से स्वयं का तो सहयोग मिलता ही रहता है, वे दूसरों को भी अकादमी का सदस्य बनाने की भी प्रेरणा देते रहते हैं।

अकादमी के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल जी सा० पहाड़िया मद्रास के आकस्मिक निधन से संस्था को गहरी क्षति पहुंची है। पहाड़िया सा० अच्छे समाज सेवी थे तथा दक्षिण भारत में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते थे। वे अकादमी के प्रति पूर्ण सहयोग की भावना रखते थे। इस अवसर पर हम अकादमी की ओर से उनके प्रति हार्दिक श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हैं।

नये संरक्षक सदस्यों का स्वागत

षष्ठ पुष्प प्रकाशन के पश्चात् माननीय श्री रतनचन्द जी सा० कटारिया एवं श्री डालचन्द जी सा० जैन सागर ने अकादमी के संरक्षक सदस्य बनने की स्वीकृति दी है। कटारिया सा० समाज सेवा एवं साहित्य प्रकाशन दोनों में पूर्ण रुचि लेते हैं तथा बिना किसी प्रदर्शन के अपनी सेवाओं से समाज को लाभान्वित करते रहते हैं। इसी तरह माननीय श्री डालचन्द जी सा० जैन मध्यप्रदेश में ही नहीं किन्तु पूरे देश में अपने सेवा भावी जीवन के लिये प्रसिद्ध हैं। आप देश के जाने माने उद्योगपति हैं तथा अपनी उदारता एवं सरल स्वभाव के लिये सभी ओर लोकप्रिय हैं। हम दोनों ही महानुभावों का हार्दिक स्वागत करते हैं।

नये अध्यक्ष का का स्वागत

कलकत्ता निवासी श्री शांतिलाल जी सा० जैन ने अकादमी के अध्यक्ष पद की स्वीकृति देकर अपने सहयोगी भावना का परिचय दिया है। आप एक युवा व्यवसायी हैं तथा धार्मिक लगन वाले व्यक्ति हैं। आपने अभी इसी वर्ष श्री महावीर जी में सम्पन्न पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म इन्द्र का यशस्वी स्थान लेकर अपनी धार्मिक रुचि का परिचय दिया था। अकादमी की ओर से हम आपका हार्दिक स्वागत करते हैं।

वर्ष १९८३ में जिन महानुभावों ने अकादमी का उपाध्यक्ष बन कर संस्था को सहयोग दिया है उसके लिये हम सभी के हार्दिक आभारी हैं। वे महानुभाव हैं जयपुर के सर्व श्री पूरणचन्दजी पांड्या, शरतकुमारसिंह जी पाटोदी, एवं श्री मोहन लाल जी कासलीवाल, वाराणसी की श्रीमती चमेलीदेवीजी कोठिया, देहली के श्रीकांति प्रसाद जी जैन एवं उज्जैन के श्री अजितकुमार जी जैन। श्री पूरणचन्द जी पांड्या युवा व्यवसायी हैं तथा सभी के प्रति सहयोग की भावना रखते हैं। धार्मिक

कार्यों में अपना अच्छा योगदान देते रहते हैं। श्री भरतकुमार सिंह जी पूर्णतः धार्मिक जीवन जीने वाले व्यक्ति हैं। व्रत उपवास पूजा पाठ जिनका प्रति दिन का नियम है। संस्थाओं को आर्थिक सहयोग देने की भावना रखते हैं। श्री मोहन लाल जी सा० काला अग्रवाल जयपुर के जाने माने चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट हैं। धार्मिक लगन एवं समाज सेवा की भावना रखते हैं। साहित्य प्रकाशन में अत्यधिक रुचि लेते हैं। श्रीमती कमलीदेवीजी कोठिया समाज के यशस्वी मनीषी डा० दरबारीलालजी कोठिया की धर्मपत्नी हैं। हमारे उपाध्यक्षों में आप एक मात्र महिला सदस्या हैं। अकादमी के कार्यों में आप विशेष रुचि रखती हैं। हम आपकी भावनाओं का हार्दिक स्वागत करते हैं। देहली के श्री शांतिप्रसाद जी सा० जैन स्वयं बड़े भारी पुस्तक व्यवसायी हैं। आपकी धार्मिक एवं साहित्यिक लगन देखते ही बनती है। बिना किसी प्रदर्शन एवं यश लिप्सा के आप सभी को अपना आर्थिक सहयोग देते रहते हैं। इसी तरह श्री ललितकुमार जी जैन उज्जैन के प्रतिष्ठित युवा समाज सेवी एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं तथा मालवा में अत्यधिक लोकप्रिय हैं। हम आप सबका हार्दिक स्वागत करते हैं।

इसी तरह कलकत्ता के श्री दुलीचन्द जी सरावगी, बम्बई के श्री राजमल जी जवेरी, सागर के श्री महेन्द्र कुमार जी मलैय्या, जयपुर के श्री गणपतराय जी सरावगी एवं भावनगर के श्री भंवरलाल जी सा० अजमेरा ने अकादमी का सम्माननीय सदस्य बन कर जो सहयोग दिया है इसके लिये हम सभी महानुभावों के आभारी हैं।

सम्पादन में सहयोग

प्रस्तुत पुष्प के सम्पादन मे राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ० हीरालाल जी माहेश्वरी, आरा कालेज के प्रोफेसर डॉ० राजाराम जी जैन एवं भरतपुर राज्यकीय महाविद्यालय के व्याख्याता डा० गंगारामजी गर्ग ने जो सहयोग एवं मार्ग दर्शन दिया है इसके लिये हम तीनों ही विद्वानो के आभारी हैं। डॉ० माहेश्वरी सा० ने तो विद्वतापूर्ण सम्पादकीय भी लिखा है जिसके लिये हम उनके विशेष आभारी हैं।

विद्वानों का स्वागत

अमृत कलश स्थित अकादमी कार्यालय में देश विदेश के विद्वानों का स्वागत करने का अवसर मिलता रहता है। इस वर्ष जिन विद्वानों ने विशेष रूप से अमृत कलश में पधार कर अकादमी के कार्यों को देखा, परखा एवं अपना आशीर्वाद

प्रदान किया उनमें डॉ० भागचन्द भागेन्दु दमोह, श्रीमती राजकुमारी दीवेशीय, कटनी, डॉ० जिनास्त कोलवाई प्राच्य विद्या विभाग, लुवेन विश्वविद्यालय बेल्जियम, डॉ० महेन्द्र सागर प्रचंडिया एवं डॉ० आदित्य प्रचंडिया अलीगढ, डॉ० भागचन्द भास्कर नागपुर एवं श्रीमती डॉ० पुष्पा जैन नागपुर, डॉ० प्रेमचन्द रावका मनोहरपुर के विशेष रूप से आभारी हैं। हम समाज के सभी विद्वानों का स्वागत करते हैं।

आगामी पुष्प

अकादमी का अष्टम पुष्प "मुनि सभाचन्द एवं उनका पद्मपुराण" का प्रकाशन कार्य भी मई ८४ तक पूर्ण हो जावेगा। इस भाग में हिन्दी में रचित प्रथम पद्मपुराण का पूरा पाठ एवं कवि के काव्य का मूल्यांकन किया गया है। जिसमें ५६० से भी अधिक पृष्ठ रहेंगे।

आभार

अन्त में मैं इन सभी महानुभावों का आभारी हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से अकादमी को अपना सहयोग/आशीर्वाद तथा आर्थिक संबल प्रदान किया है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

निदेशक एवं प्रधान सम्पादक

संरक्षक की ओर से

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी के सप्तम पुष्प "बाई अजीतमति एवं उनके समकालीन कवि" को पाठकों को हाथों में देते हुए मुझे अत्यधिक प्रसन्नता है। प्रस्तुत पुष्प में बाई अजीतमति, परिमल चौधरी, भ० महेन्द्रकीर्ति, बनपाल एवं देवेन्द्र कवि-इन पांच कवियों का जीवन परिचय एवं उनके काव्यों के विस्तृत अध्ययन के साथ उनकी मूल कृतियों को भी प्रकाशित किया गया है। यह प्रथम अवसर है जब योजनाबद्ध प्राचीन जैन कवियों की रचनाओं को सुसम्पादित करके साहित्यिक जगत के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। सप्तम पुष्प के पांच कवियों में से परिमल चौधरी को छोड़ कर शेष सभी चार कवि अब तक अज्ञात एवं अचर्चित रहे हैं। यही नहीं हिन्दी जगत के समक्ष एक महिला कवि बाई अजीतमति को खोज निकालने में भी डा० कासलीवाल जी को सफलता मिली है। बाई अजीतमति की कृतियो के अध्ययन के पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है वह कि आध्यात्मिक कवयित्री थी तथा भक्ति परक पद रचना में पूर्ण रुचि लेती थी।

भ० महेन्द्रकीर्ति के सभी १५ पद उच्चस्तर के हैं जो अध्यात्म एवं भक्ति रस में ओत प्रोत हैं। बनपाल कवि ऐतिहासिक पदों के लिखने में रुचि लेते थे। वे पहले कवि हैं जिन्होंने केशोराय पाटन में स्थित भगवान मुनिसुव्रतनाथ, आमेर (जयपुर) में स्थित भगवान नेमिनाथ, टोडारायसिंह में स्थित भगवान आदिनाथ एवं सांगानेर में स्थित भगवान महावीर की अतिशययुक्त प्रतिमाओं के स्तवन के रूप में पद लिखे हैं। इसी तरह देवेन्द्र कवि हैं जिन्होंने संवत १६३८ में यशोधर रास को महुआ नगर (गुजरात) में निबद्ध किया था। यशोधर रास १६वीं शताब्दी की महत्वपूर्ण कृति है जिसका भी प्रथम बार प्रकाशन किया गया है। इसी पुष्प में १७वीं शताब्दी के महत्वपूर्ण कवि परिमल चौधरी का गहन अध्ययन किया गया है। कवि परिमल अपने युग में ही नहीं किन्तु उसके पश्चात् भी शताब्दियों तक

अत्यधिक लोकप्रिय रहे हैं इसीलिए उनकी "श्रीपाल चरित्र" कृति की पचासों पाण्डुलिपियां जैन ग्रन्थागारों में उपलब्ध होती हैं। डा० कासलीवाल ने ऐसी महत्व-पूर्ण कवियों एवं उनकी कृतियों को खोज निकालने में जो अथक परिश्रम किया है और उसमें सफलता प्राप्त की है उसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। साहित्यिक जगत उनकी इस महान् सेवा के लिए चिरऋणी रहेगा।

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी साहित्य सेवी संस्था है जिसकी स्थापना समस्त हिन्दी जैन साहित्य को योजनाबद्ध बीस भागों में प्रकाशित करने के लिए की गई है। यह उसका सप्तम पुष्प है इसके पूर्व छह पुष्पों में, ब्रह्म रायमल्ल, बूचराज, छीहल, गारवदास, ठक्कुरसी, ब्रह्मजिनदास, भ० रत्नकीर्ति, भ० कुमुदचन्द्र, आचार्य सोमकीर्ति, सांगा, ब्रह्म यशोधर, बुलाखीचन्द, बुलाकीदास, पांडे हेमराज, हेमराज गोदीका जैसे कवियों पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के रूप में बहुत सुन्दर प्रकाश डाला जा चुका है।

अकादमी के षष्टम पुष्प का विमोचन गत वर्ष मार्च में महामहिम राष्ट्रपति श्री ज्ञानी जैलसिंह जी ने तिजारा (राजस्थान) में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में अपने कर कमलों से किया था। यह प्रथम अवसर था जबकि देश के महामहिम राष्ट्रपति जी ने किसी जैन विद्वान की कृति का विमोचन किया हो। इसके पूर्व के पुष्प भी स्व० डा० सत्येन्द्र, क्षुल्लकरत्न सिद्धसागर जी महाराज लाडनू वाले, भट्टारक चारुकीर्ति जी महाराज मूडबिद्री जैसे मनीषियों एवं सन्तों द्वारा विमोचित हो चुके हैं।

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र की तरह साहित्यिक क्षेत्र में भी कार्य करते रहने की ओर निरंतर जागरूक है। वह यह भी चाहती है कि श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी जैसी साहित्यिक संस्था द्वारा जैन साहित्य के प्रकाशन का कार्य निरन्तर आगे बढ़ता रहे। मैं समाज के सभी महानुभावों से प्रार्थना करता हूं कि वे अकादमी के अधिक से अधिक से संख्या में सदस्य बन कर जैन साहित्य के प्रकाशन में अपना पूर्ण योगदान देवें।

निर्मल कुमार जैन

दो शब्द

(डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, एम.ए., एल्-एल्. बी., डी. फिल्., डी. लिट्)

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं—विशेषत: हिन्दी, गुजराती और राजस्थानी के साहित्येतिहासों में जैन काव्य धारा का महत्वपूर्ण स्थान है। वह धारा बड़ी व्यापक है। जैन काव्य की गणना धार्मिक काव्य के अन्तर्गत है। जिन जैन कवियो ने लौकिक प्रेम कहानियो और इतिहास को आधार बनाया है, उन्होंने भी धार्मिक रचनाएँ तो लिखी ही हैं।

मध्य युग में मुख्यतः तीन तत्व जनभावना को प्रेरित करते थे—राजा, धर्म और परम्परा। धार्मिक प्रेरणा से ही हमारी अधिकांश सांस्कृतिक और साहित्यिक थाती सुरक्षित रह गई है। जैन काव्य का निर्माण, संरक्षण और प्रचार–प्रसार इस प्रेरणा के फलस्वरूप हुआ है। आत्मिक उत्थान उसका लक्ष्य है। माध्यम है—तद्–तद् कालीन क्षेत्र–विशेष मे प्रचलित सरल भाषा और कथ्य है—(1) परम्परागत और पौराणिक कथाएँ तथा (2) स्वानुभव और भावपूर्ण उद्गार। साहित्यिक दृष्टि से सर्वाधिक आकर्षक है—जैन कथा और चरित काव्य। ऐसे काव्यों में स्थान–स्थान पर मनोवृत्तियों और दशाओं, विभिन्न वस्तुओं, त्योहारो, अवसरों, प्रकृति आदि के भाव–भीने चित्रण मिलते हैं। कथा मे वर्णित समाज की युग–युगीन झांकी के भी दर्शन होते हैं। इन काव्यों की विशिष्ट शब्दावली का सांस्कृतिक महत्व है। इस महत्व को भलीभांति दर्शाना अध्ययन का एक पृथक् पहलू है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

यद्यपि भारतीय साहित्य भिन्न–भिन्न भाषाओं मे लिखा गया है तथापि वह मूलत: एक है। देश, काल, युगीन मान्यताओं, विचारों और परम्पराओं के कारण उसमें अलग–अलग रंगत दिखाई देती है। भारतीय साहित्य वाटिका में भिन्न–भिन्न भाषा–साहित्यो के फूलों की यह रंगत भी उसका विशिष्ट सौन्दर्य है।

ऐसी ही एक संपत्त जैन काव्य की है। यह हमारी गौरवपूर्ण धरोहर है जिस पर गर्व होना उचित ही है।

इस धरोहर की कुछ बानगी डॉ० कस्तूरचंद कासलीवाल ने दिखाई है– प्रस्तुत ग्रंथ में और इससे पूर्व प्रकाशित ६ अन्य ग्रंथों में। प्रेमी पाठकों और अध्येताओं के लिए यह ग्रंथमाला अत्यन्त उपादेय सिद्ध होगी, इसमें संदेह नहीं ऐसा कार्य कितना कठिन, श्रम और व्यय–साध्य है, यह भुक्तभोगी ही जान सकता है, और इसके लिए साहित्य जगत की ओर से डॉ० कासलीवाल बधाई के पात्र हैं।

यह खेद की बात है कि अभी तक भी जैन काव्य का साहित्येतिहासों में सम्यक् आकलन और विवेचन नहीं हो सका है। इसका कारण साहित्येतिहासकार उतने नहीं जितने स्वयं जैन काव्य प्रेमी हैं। जैन काव्य–कृतियां इस काव्य के जैनेतर अध्येताओं और इतिहासकारों को भी सुलभ नहीं हो पाती, साधारण पाठक की तो बात ही क्या है। उसकी यह किंचित चर्चा जैन समाज तक ही अधिकांशतः सीमित है। दूसरे, जैन दर्शन और चिन्तन की पगडंडियों में जैन काव्य खो गया है यद्यपि यह विचित्र बात है कि साधारण जिज्ञासु और पाठक के लिए जैन काव्य ही उसके दर्शन और चिन्तन के प्रसार का सुदृढ आधार है। विभिन्न जैन–संस्थाएँ इन बातों की ओर किंचित् ध्यान दे सकें, तो साहित्य का बड़ा उपकार होगा। तब जैन काव्य जैनेतर समाज मे भी और अधिक चर्चा–परिचर्चा का विषय बन सकेगा जिसके फलस्वरूप उसके अनेक पक्षों के अतिरिक्त उसकी आज की प्रासंगिकता भी उजागर होगी। प्रस्तुत कार्य और अन्य ऐसे कार्यों को प्रोत्साहन देना और उनका प्रचार–प्रसार करना ही इसका एक मात्र उपाय है। विश्वास है जैन समाज इस ओर ध्यान देगा।

विनीत

हीरालाल माहेश्वरी

लेखक की ओर से

देश में हिन्दी भाषा का विशाल साहित्य विद्यमान है। विगत सात शताब्दियों से कवियों एवं लेखकों ने हिन्दी साहित्य के भण्डार को इतना अधिक आप्लावित किया है कि उसकी थाह पाना किसी नये द्वीप की खोज करने के समान है। हम किसी भी गांव/शहर में स्थित शास्त्र भण्डारो अथवा व्यक्तिगत संग्रहों की खोज में निकल जावें तो कभी २ कुछ ऐसी कृतियां उपलब्ध हो जाती है जिनके बारे मे हमने अब तक सुना भी नहीं होगा। इसलिये हिन्दी साहित्य के विशाल भण्डार को इतिहास के रूप मे बांधना किसी एक विद्वान के लिये सभव नहीं है। अब तक हिन्दी साहित्य के जो इतिहास निकले है वे सब किसी न किसी प्रकार अपूर्ण है क्योंकि उनमें समग्र हिन्दी साहित्य का प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया है। उदाहरण के लिये हम जैन कवियों द्वारा स्थित हिन्दी साहित्य को ही लें। इस साहित्य को किसी भी विद्वान् ने उचित स्थान प्रदान नहीं किया। अब तो प्राचीन कवियो को इतिहास में स्थान मिलना ही बन्द सा हो गया है। जैन कवियो एवं उनकी काव्य कृतियो के बारे मे अभी तक जो कुछ भी सामग्री सामने आई है उसे केवल सेम्पिल सर्वे (Sample Survey) कह सकते है। यही कारण है कि जैसे-जैसे अकादमी के प्रकाशनों की सख्या बढ़ रही है वैसे ही अज्ञात एवं अचर्चित कवियों की सख्या में आशातीत वृद्धि हो रही है। अब तक हम ऐसे ३० हिन्दी जैन कवियों को प्रकाश में लाने में सफलता प्राप्त कर चुके हैं जिनके बारे में हम अब तक पूर्णतः अन्धकार में थे। प्रस्तुत सप्तम पुष्प मे चार कवि पूर्णतः अज्ञात एवं अचर्चित है तथा एक कवि अल्प चर्चित है।

में इन पांच कवियों मे एक कवयित्री अजीतमति है जो १७ वीं शताब्दि मे अपनी कविताओं से श्रोताओं को आनन्दित किया करती थी। अजीतमति प्रथम जैन कवयित्री के रूप में हिन्दी जगत् के सामने आयी है। इसकी उपलब्धि की कहानी भी अत्यधिक रोचक है। जिस पोथी में कवयित्री की कृतियों का संकलन

है इसकी दशा जीर्ण शीर्ण होने से वह उपेक्षित रही और उसके [illegible] एक पाठ नहीं देखे जा सके। करीब ६-७ महिने पूर्व वह पोथी पुनः देखने में आयी और जब उसका एक २ पृष्ठ देखते २ आगे बढ़ने लगा तो एक पत्र पर बाई अजीतमति का नाम पढ़ने में आया। एक महिला कवि बाई अजीतमति का नाम पढ़कर उसकी कृति को पूरा पढ़ने की ओर भी उत्सुकता बढ़ी तथा धीरे २ पूरी पोथी के एक २ पृष्ठ को ध्यान से देखने पर अजीतमति की अच्छी सामग्री प्राप्त हो गयी। साथ में उसके स्वयं के द्वारा लिखा हुआ वह पत्र जिसमें संवत् १६५० अंकित है। इतनी प्राचीन कवयित्री की उपलब्धि अत्यधिक प्रसन्नता की बात है। अजीतमति मीराबाई की समकालीन थी। मीरा का जन्म सं० १५५५-१५७१ के मध्य माना जाता है तथा उसकी मृत्यु १६०३-१६०४ के मध्य मानी जाती है इसी तरह बाई अजीतमति का जन्म हमने सन्१५५० के आसपास एवं मृत्यु सन्१६१० के आस पास मानी है। जैसे मीरा ने भक्ति परक पद लिखे उसी प्रकार अजीतमति ने भी आध्यात्मिक पद लिखे हैं। यही नहीं संवत् १६५० (सन् १५९३) में प्रयुक्त हिन्दी गद्य के प्रयोग का भी एक गद्यांश मिला है जो भाषा साहित्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

प्रस्तुत पुष्प के दूसरे कवि परिमल चौधरी है जिनके बारे में डॉ० प्रेम सागर, डॉ० नेमिचन्द शास्त्री एवं पं० परमानन्द शास्त्री ने संक्षिप्त प्रकाश डाला है। कवि की एक मात्र रचना श्रीपाल चरित्र ४०-४५ वर्ष पहिले प्रकाशित हुई थी जो अनुपलब्ध मानी जाती है। परिमल्ल कवि उच्च स्तरीय कवि थे। उनके कवि श्रीपाल चरित्र में श्रीपाल की घटनाओं का बहुत विशद रूप से वर्णन मिलता है। कवि की भाषा में लालित्य एवं शब्दों में मधुरता है। कवि ने श्रीपाल के चरित्र का इतना सुन्दर एवं आकर्षक वर्णन किया है कि पूरा काव्य रोचक बन हो गया है। उसके वर्णनों में सजीवता एवं हृदय पुलकित करने को भरपूर क्षमता है। इसलिये कोई भी पाठक श्रीपाल चरित्र को एक बार प्रारम्भ करने के बाद उसे पूरा करने के बाद ही छोड़ता है। प्रस्तुत भाग में काव्य का प्रारम्भिक एवं अन्तिम अंश दिया गया है वह काव्य का प्रमुख अंश है।

तीसरे कवि धनपाल है। जिनकी चर्चा भी साहित्यिक जगत् के समक्ष प्रथम बार की जा रही है। धनपाल घेल्ह कवि के द्वितीय पुत्र थे। पिता का कवि होना और उनके दोनों पुत्रों का भी कवि होना अत्यधिक उल्लेखनीय है संयोग है। धनपाल की अभी तक कुल कोई बड़ी कृति नहीं खोज सके हैं लेकिन उनके जो चार पद मिले हैं वे चारों ही इतिहास परक हैं। फिरोजाबादपाटन, आमेर, सांगानेर एवं टोडारायसिंह के मुनिसुव्रतनाथ, नेमिनाथ, महावीर एवं आदिनाथ स्वामी की

प्रतिमाओं का इन पदों में उल्लेख किया गया है। जैन कवियों ने इस प्रकार के बहुत कम पद लिखे हैं।

प्रस्तुत भाग के चतुर्थ कवि भट्टारक महेन्द्रकीर्ति हैं जो अजमेर की भट्टारक गादी के सन्त थे। महेन्द्रकीर्ति के पदों का प्रकाशन भी प्रथम बार हो रहा है। डिग्गी ग्राम के दिगम्बर जैन मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संगृहीत एक गुटके मे इनके पदों का संग्रह मिला है। भ० महेन्द्रकीर्ति पूर्णतः आध्यात्मिक सन्त थे। उनके पदो के अध्ययन से पता चलता है कि जैसे अध्यात्म उनके जीवन का प्रमुख अंग था। कवि के सभी पद एक से बढ़ कर हैं। सरल एवं ललित भाषा में निबद्ध हैं। चेतन काहे ,भरम भुलानो एवं चेतन चेतत क्यू नहि मन में जैसे पद कविवर भूधर दास, बनारसी दास, रूपचन्द द्वारा लिखे हुए पदों के समान है।

देवेन्द्रकीर्ति इस पुष्प के अन्तिम कवि है जिन्हें महाकवि की उपाधि से भी सम्बोधित किया जा सकता है। देवेन्द्रकीर्ति १६वीं एवं १७वीं शताब्दि के एक सशक्त कवि थे जिनका एक मात्र रास काव्य यशोधर रास अपने युग का महाकाव्य है। यद्यपि काव्य की भाषा जटिल एवं दुरूह अवश्य है लेकिन जब रास का गहराई से अध्ययन किया जाता है तो कवि के काव्य कौशल को देख कर मन झूमने लगता है। एक महाकाव्य के लिये जो आवश्यक तथ्य स्वीकृत किये गये है वे सब इस रास काव्य मे है। यशोधर रास की कथा मे पूर्व कवियो द्वारा प्रतिपादित कथा ग्रहण करने के पश्चात् भी कवि ने प्रत्येक घटना का वर्णन जितना गहन, रोमाञ्चक एव अलंकारिक किया है वह अपने ढंग का अनूठा है। कवि ने राजगृह नगर, राजपीर नगर एवं अवन्ती एव उज्जयिनी नगर चारों का बहुत विस्तृत वर्णन किया है। अवन्ती की शोभा का तो पूरे ४० पद्यों में वर्णन हुआ है नगर के वैभव एव समृद्धि का वर्णन करते हुए उसे इन्द्रपुरी से भी उत्तम नगर सिद्ध किया है।

धनद तिहां एक अहीं अनेक, इन्द्र घणा नर आहां सुविवेक
चतुर घणा नर सुर गुरु समा, घणी घणी भोम तिलोत्तमा ॥४०॥

सवे नार भर्त्ता उर्वसी, घिर घिर नार सुकेसी जी।
रंभा जणी ऊर घणी मानमी, रंभा वन मंडित अवनी ॥४१॥

इसी तरह कवि उज्जयिनी के वर्णन में इतना डूब गया कि उसका वर्णन ५१ छन्दों मे भी कठिनता से पूर्ण हो पाया है। कवि ने चीन देश की स्त्रियों का उल्लेख किया है। एक वर्णन मे कवि ने लिखा है कि वहां स्फटिक के ऊंचे भवन थे इसलिये जब जाली में से चन्द्रकिरण आती थी तो चीनी कुमारियां उसे चन्द्रहार समझ कर ढूंढने लगती थी। जब कभी चन्द्रमुखी ऊंचे प्रासाद पर रात्रि को बैठ

आया करती थी तो लोग उसे पूर्णिमा का चन्द्र समझ कर आकाश में देखने लगते थे। कवि के वैसे तो सभी वर्णन एक से एक बढ़ कर है लेकिन इनमें यशोधर की रानी अमृतमती के सौन्दर्य एवं उसके विवाह का वर्णन बहुत अच्छा हुआ है। प्रत्येक रीतिरिवाज का बड़ी सूक्ष्मता से वर्णन किया गया है। बारात की पहरावणी होना एक महत्वपूर्ण रिवाज माना जाता है कवि ने लिखा है कि पहरावणी के लिये परिवार के सभी सदस्य एकत्रित हो गये हैं। राजा यशोधर अपनी रानी अमृतमती के रूप सौन्दर्य पर मुग्ध था। रात्रि को जब वह अमृतमती के महल में गया तो उसका एक २ मंजिल पर जितना स्वागत हुआ कवि ने उसका बहुत सूक्ष्म वर्णन किया है उसने अपने जीवन में उसे अमृत के समान समझा। यशोमती रानी का बसन्त क्रीड़ा का वर्णन भी अनूठा हुआ है। इन सबके अतिरिक्त मुनि सुदत्ताचार्य द्वारा धर्मोपदेश का भी कवि ने १३१ पद्यो में वर्णन किया है। पूरा रास काव्य ६ अधिकारों में विभक्त है जो किसी काव्य के लिये पर्याप्त कहे जा सकते हैं।

इस भाग मे परिमल्ल चौधरी के श्रीपाल चरित्र का एक भाग ही दिया जा सका है शेष अभी कवियो की सभी रचनाओं के पूरे भाग इस में दिये गये हैं। यशोधर रास स्वयं ही एक काव्य है, इसके अतिरिक्त बाई अजीतमति की ९ कृतियां, महेन्द्र कीर्ति के पूरे १५ पद एवं धनपाल के ४ गीत इस प्रकार ३० मूल कृतियों के पाठ भी दिये गये हैं।

सम्पादक मंडल :—

प्रस्तुत पुष्प के संपादक मंडल में माननीय डॉ० हीरालाल जी माहेश्वरी, डॉ० राजाराम जी जैन एवं डॉ० गंगाराम जी गर्ग हैं। डॉ० माहेश्वरी राजस्थान विश्वविद्यालय मे हिन्दी विभाग में रीडर हैं। आप राजस्थानी भाषा के जाने माने इतिहासज्ञ विद्वान एवं लेखक हैं। अकादमी पर आपकी विशेष कृपा रहती है आपने विद्वतापूर्ण "दो शब्द" व्याख्या लिखने की जो कृपा की है उसके लिये हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। डॉ० राजाराम जैन मगध विश्वविद्यालय के प्राकृत एवं अपभ्रंश के प्रोफेसर है समाज आपकी विद्वता से चिरपरिचित है। इसी तरह डॉ० गंगाराम जी गर्ग युवा पीढ़ी के विद्वान् है। जैन साहित्य पर शोध कार्य आपकी रुचि में शामिल है। पार्श्वदास निगोत्या पर आपने अच्छी खोज की है। तीनो ही विद्वानों के हम हृदय से आभारी हैं।

अकादमी के संरक्षक श्री निर्मल कुमार जी सेठी ने "संरक्षक की ओर से दो शब्द" लिखने की महती कृपा की है। सेठी साहब उदार व्यक्तित्व के धनी

है तथा साहित्य प्रकाशन में बहुत रुचि लेते हैं। अकादमी को आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त है।

प्रस्तुत भाग के उपयोग के लिये श्रीपाल चरित्र की पाण्डुलिपि के लिये श्री पं० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ एवं श्री राजमलजी संघी, नवीतमति की पाण्डुलिपि के लिये कैलाशचन्द जी सोगानी, धनपाल एवं महेन्द्र कीर्ति की पाण्डुलिपियों के लिये श्री माणक चन्द जी सेठी डिग्गी एवं यशोधर रास की पाण्डुलिपि के लिये श्री लक्ष्मीचन्दजी गांधी, प्रतापगढ़ का आभारी हूं जिन्होंने उदारता पूर्वक पाण्डुलिपियां देकर इस भाग के प्रकाशन में योगदान एवं सहयोग प्रदान किया है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

१०—६—८४

विषय-सूची

पूर्व पीठिका

१७वीं शताब्दी में जितने व्यापक रूप से हिन्दी कृतियां लिखी गयी उतनी कृतियां इसके पूर्व किसी शताब्दी में भी नहीं लिखी जा सकी। इस शताब्दी में देश के सभी प्रदेशों में हिन्दी रचनायें लोकप्रिय बन रही थीं। प्राकृत एवं संस्कृत ग्रन्थों के हिन्दीकरण का यह युग था। जैन कवियों का इस ओर विशेष ध्यान जा रहा था। पाण्डे रूपचन्द इसी शताब्दी के कवि थे जिन्होंने समयसार कलश पर हिन्दी टब्बा टीका लिखी थी। जैन कवि स्वतन्त्र रूप से भी काव्य रचना करते तथा गीत, रासो एवं काव्य की अन्य विधाओं के माध्यम से छोटी बड़ी रचनाएं लिखते रहते थे। इस शताब्दी में होने वाले ब्रह्म रायमल्ल, भ. प्रतापकीर्ति का अकादमी के प्रथम पुष्प में भट्टारक रत्नकीर्ति, कुमुदचन्द एवं उनके समकालीन ६८ अन्य कवियों का। चतुर्थ पुष्प मे बुलाखीचन्द, बुलाकीदास एवं हेमराज जैसे सुप्रसिद्ध कवियों का छठे भाग में परिचय दिया जा चुका है। इनके अतिरिक्त अभी और भी पचासो कवियों का परिचय अवशिष्ट है जिन्होंने हिन्दी साहित्य के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

इस शताब्दी में होने वाले कवियों मे कवयित्री 'अजीतमति' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। किसी जैन कवयित्री की यह उपलब्धि विगत ५०-६० वर्षों में की गयी सतत खोज के बाद हो सकी है। जैन हिन्दी कवयित्रियों में दिगम्बर समाज मे चम्पाबाई का नाम आता है जो करीब १०० वर्ष पूर्व टोंग्या परिवार में देहली में हुई थी और जिनकी एक मात्र कृति 'चम्पा शतक' का मैंने सम्पादन करके प्रकाशित करवाया था। श्वेताम्बर समाज की कवयत्रियों में हरकू बाई, (सं. १८२०) हुल साजी (सं. १८८७) सरूपा बाई, जड़ावजी एवं सूर सुन्दरी जैसे नाम और आते हैं लेकिन ये सब कवयित्रियां हरकूबाई एवं हुलसाजी के अतिरिक्त एक शताब्दी पूर्व ही हुई हैं। इसके अतिरिक्त जहां हिन्दी जैन कवियों की संख्या ४०० से कम नहीं होगी वहां महिला कवियों की यह संख्या एक दम नगण्य है इससे पता चलता है कि महिला समाज में कभी साहित्यिक चेतना नहीं रही या फिर उनके द्वारा निबद्ध साहित्य की उपेक्षा की गयी और उसको संग्रहणीय नहीं समझा गया। इसलिये १६वीं-१७वीं शताब्दी में होने वाली कवयित्री अजीतमति से हिन्दी साहित्य निःसंदेह गौरवान्वित हुआ है।

बाई अजीतमति

अजीतमति ने अपने आपको बाई अजीतमति लिखा है। वह भट्टारक वादिचन्द्र (१६वीं–१७वीं शताब्दी) की प्रमुख शिष्या थी। उन्ही के सघ मे ब्रह्मचारिणी साध्वी के रूप में रहती थी। वादिचन्द्र स्वय अपने समय के प्रसिद्ध विद्वान् भट्टारक थे। जो मूलसंघ के भट्टारक ज्ञानभूषण के प्रशिष्य एवं प्रभाचन्द्र के शिष्य थे। स्वयं वादिचन्द्र एक समर्थ साहित्यकार थे जिन्होने संस्कृत एवं हिन्दी मे कितनी ही रचनायें निबद्ध करने का श्रेय प्राप्त किया था। साध्वी अजीतमति ने इन्हीं के संघ में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी।

कवयित्री अजीतमति हुंबड जाति के श्रावक कान्ह जी की पुत्री थी काह्नजी अपने समय के प्रभावशाली व्यक्ति थे। वे हूबड जाति के शिरोमणि थे। उनका निवास स्थान सम्भवतः सागवाडा था जिसका उन्होंने एक गीत मे निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

"सागवाडा नयरे छि बहु अवास, श्रीय सघनी पुरवो स्वामी आस"

इसके अतिरिक्त कवयित्री का जन्म कब हुआ, कहा हुआ इस सम्बन्ध मे कोई जानकारी नही मिलती लेकिन उसके स्वय का हाथ लिखा हुआ जो गुटका मिला है उसमे कवयित्री द्वारा रचित सभी पाठो का सग्रह है। गुटका का लेखनकाल सवत् १६ ५० (सन् १५९३) है इससे उसके जन्म काल का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उसने गुटके मे जो पाठ लिखा है वह ऐतिहासिक तथ्यो से युक्त है इसलिये यदि उसकी आयु उस समय ४० वर्ष की भी होगी तो उसका जन्म संवत् १६१० (सन् १५५३) के आस पास हुआ होगा।

अजीतमति की शिक्षा दीक्षा के बारे में भी कोई जानकारी नही मिलती लेकिन क्योंकि उसके गुरु भ. वादिचन्द्र स्वय अच्छे विद्वान् थे, ग्रन्थो के निर्माता थे। संस्कृत, हिन्दी एव गुजराती मे ग्रन्थ रचना करने में प्रवीण थे। इसलिये अजीतमति की शिक्षा दीक्षा भी अच्छी होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त जिस तरह की उसकी रचनायें मिली हैं उनसे भी पता चलता है कि उसने सभी रचनायें स्वान्तः सुखाय लिखी थी।

कवयित्री के जिस गुटके में उसकी रचनायें मिली हैं उसमें बीच-बीच मे ऐसे पाठ भी हैं जो अधिकांश गुटकों मे नहीं मिलते हैं। उसकी लिपि भी इतनी सुन्दर नहीं है जितनी एक महिला कवि की होनी चाहिये। फिर भी जैन समाज का यह सौभाग्य है कि उसमें ऐसी विदुषी कवयित्री ने जन्म लिया और अपनी रचनाओं से एक रिक्त स्थान की पूर्ति की। राजस्थान के अवशिष्ट शास्त्र भण्डारों की यदि सघन खोज की जावे तो सम्भवतः और भी कुछ कवयित्रियों के नाम एवं उनका साहित्य मिल सकता है।

कवयित्री अजीतमति द्वारा निर्मित तथा एक ही गुटके में संग्रहीत रचनाओं के नाम निम्न प्रकार है—

१. अध्यात्मिक छन्द
२. षट पद
३. भक्ति परक पद—७
४. इतिहास परक घटनाओ का वर्णन—

उक्त सभी रचनाओं का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

अध्यात्मिक छन्द

आध्यात्मिक विषय पर प्रायः सभी जैन कवियों ने थोड़ा बहुत अवश्य लिखा है। यदि किसी कवि ने स्वतन्त्र रचना नही लिखी हो तो उसने अपनी अन्य कृतियो मे ही अध्यात्म विषय का वर्णन किया है। कवयित्री अजीतमति ने भी "अध्यात्मिक छन्द" निबद्ध करके अपनी आध्यात्मिकता का परिचय दिया है। इसमें केवल ३० पद्य हैं लेकिन सभी पद्यो मे आत्म रस भरा हुआ है जो मानव को अपनी आत्मा का ज्ञान कराते हैं। अपनी आत्मशक्ति की वास्तविकता को बतलाते हैं और उसे सचेत करते हैं। क्योकि यदि शुद्ध दृष्टि से अपने आपको देखा जावे तो अपने भीतर ही हमें आत्म प्रकाश मिल सकता है।

जो खरी दृष्टि करी निहालि, ज्ञान जोत घट भीतर बालि ॥२॥

कवयित्री अजीतमति ने आगे चलकर कहा है कि यदि "तुझे देखना ही है तो अपनी आत्मा को देख। दूसरे को देखने से आत्म ज्ञान की प्राप्ति अथवा आत्म दर्शन कभी नहीं हो सकता। क्योंकि दूसरों के कपड़ों को धोने से अपने कपड़े कभी नहीं धुल सकते अर्थात् अपने कपड़ों का मैल कभी साफ नहीं हो सकता—

जो जूझि तो अप्पा जूझि, पर कि जूझि ठाम न हुँति ।
पर का झगड़ा क्या तु ओदि, अपना मैल करि वही ओहोदि ।।७।।

बाई अजीतमती ने इसी अध्यात्म ग्रंथ मे आगे कहा है कि यदि तेरा मन झगड़ालू है तो दूसरो के झगड़ो मे जाकर क्यो पड़ता है। दूसरों के झगडों में तुझे किञ्चित् भी स्थान अर्थात् सद्गति प्राप्त होने वाली नहीं है क्योंकि तू अपना झगड़ा निपटाने अथवा शांत करने के स्थान पर दूसरो का झगड़ा शात करने में लगा हुआ है।[1]

यह बत्ती वाला दीपक सभी को देखता है किन्तु यदि उसमे बत्ती न हो उसे कोई नहीं देख सकता लेकिन यह आत्मा तो बिना बत्ती का ही दीपक है जो स्वय तो सबको देख लेता है और दूसरा इसे कोई नही देख पाता। वह स्वय ही अपने ज्ञान के द्वारा अपने को देख सकता है।[2] अपनी इसी बात को कवयित्री ने आगे के पद्य मे फिर दुहराया है और जो अधिक स्पष्ट है—

बाती दीपक सबको जाणि, बिण बाती कोई न पिछाणि ।
सो अप्पा सो अप्पसु ध्यावि, बिण बाती का दीपक पावि ।।२१।।

मानव का यह मन बहुत ही भटकता है स्थिर रहना तो मानो जानता ही नही। अधिक डोलने से वह अपना मार्ग ही भूल गया है। अनेक जातियो मे वह फिर चुका है जन्म ले चुका है लेकिन अभी तक उसे सद्बुद्धि नहीं आयी है क्योंकि वह आत्मा से परे रहता है और आत्म ज्ञान के बिना उसे सुख नहीं मिल सकता।

एह मन मेरो बोहोत डोलाल्यो, फरी फरी भी निजरो भुलाल्यो ।
बहु प्रकार ब्योहो गति करी आवि, अप्पा बिण कही सुख न पावि ।।२२।।

आत्म ज्ञान मानव के लिये आवश्यक है। जैसे सिद्धालय मे आत्मा निवास करती है उसी प्रकार शरीर मे भी आत्मा का निवास रहता है इस प्रकार जो

---

१. **जो झगड़ु मन होवि तेरा, पर कि झगडि जावि घणेरा ।**
पर कि झगडि छोडन पावि, अप्पार झोडी डर कुं ध्यावि ।। ।।

२. **आतम दीपक सबको देखे, बिण बाती कोइ नहीं देखे ।**
अप्पा अप्प ध्यान करि ध्यावा, बिण बाती का दीपक पावा ।।१७।।

आत्मा को जानता है। वही आत्म सुख का अनुभव कर सकता है और जन्म मृत्यु के बन्धनों से मुक्त हो सकता है।

इस प्रकार अध्यात्मिक ग्रंथ के सभी पद्य आत्म रस से ओत प्रोत है। इससे मालूम पड़ता है कि अजीतमति का जीवन पूर्ण वैराग्यमय था तथा आत्म चिन्तन मे उसकी अधिक रुचि थी।

इसमे ३० पद्य हैं। अन्तिम पद्य में कवयित्री ने अपने गुरु वादिचन्द्र को नमस्कार किया है। भाषा यद्यपि अधिक परिष्कृत नहीं है किन्तु कवयित्री के भावों को समझने के लिये पर्याप्त है। भाषा पर गुजराती का प्रभाव है।

२. षट पद—यह लघु कृति है जिसमें केवल पाच छंद है और प्रत्येक छन्द में पाच छह पंक्तियां हैं। विषय की दृष्टि से इसमें किसी एक विषय का वर्णन न होकर एक से अधिक पर चर्चा के रूप मे है। प्रथम छन्द में आत्म का वर्णन है तो दूसरे छन्द मे भगवान आदिनाथ के माता-पिता, शरीर प्रमाण एवं वंश का उल्लेख हुआ है। यह छन्द नमस्कार के रूप मे है।[1]

तीसरे पद्य मे भट्टारक वादिचन्द्र का परिचय दिया गया है। वादिचन्द्र ने बडिल वश मे जन्म लिया। उनके पिता का नाम विरा एवं माता का नाम उदया था जो रत्नाकर के समान थी। वे जब प्रवचन देते थे तब उनकी वाणी मेघ के समान गर्जना करती थी। वादिचन्द्र साधुओ के शिरोमणि थे।

चतुर्थ पद्य मे भी अपने गुरु वादिचन्द्र का ही और अधिक परिचय दिया गया है। वादिचन्द्र मूलगुणों एव उत्तरगुणों सभी का पालन करते थे। अपने समय के वे प्रसिद्ध साधु थे जिन्होने मोह एव काम दोनों पर विजय प्राप्त की थी। उनमें विद्वत्ता भी खूब थी इसलिये कुवादियों के लिये वे सिंह के समान थे। ये भट्टारक प्रभाचन्द्र के पट्ट पर विराजमान थे।

वसं बडिल विख्यात, ख्यात विरा सुत गुणकर
रूप कला चातुर्य, चतुर चारीमह अधिकरं
उदयी उदरि तास, तास जननी रत्नाकर
वाणी गाजि मेघ, मेघ जसु जन रत्नाकर
गुणाकर यतीश्वर जयो, श्री वादिचन्द्र वादीन्द्रवर
बाइ अजीतमती [illegible]

अन्तिम पद में पंच परमेष्ठी की शरण ही एक मात्र उत्तम शरण है इसी भाव को उसमें बतलाया गया है।

३. बाई अजीतमति ने कुछ पद भी लिखे थे जिनकी संख्या अभी तक सात है।

प्रथम पद मे चौबीस तीर्थंकरो को नमस्कार किया गया है लेकिन पद शैली में लिखा होने से "नेमजी तू मुझ महलाओ" स्थायी अन्तरा है। यद्यपि इसमें पद का कोई सम्बन्ध नहीं है। इसमें १३ अन्तरें हैं। भाषा एवं शैली दोनों ही सामान्य हैं। इस पद को सम्भवतः उजीलगढ में जो पर्वत शिखर पर स्थित था, लिखा गया था। कवयित्री ने इसका निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

> उजीलगढ गिरिवर तणो नेमी जिनराय।
> कर जोड़ अजीतमती कहि, नित सेवु रे पाय ॥१३॥

दूसरे पद मे ऋषभदेव की स्तुति की गयी है। तीसरा पद मानव को चेतावनी के रूप मे है। चौथा पद नेमिनाथ स्तवन है जिसे कवयित्री ने सागवाडा नगर में निर्मित किया था। इसमे ६ अन्तरे हैं। पंचम पद मे धन यौवन पर हमने बहुत अभिमान किया इसका वर्णन किया गया है। छठा पद उपदेशी है तथा सातवा पद पार्श्वनाथ स्तवन के रूप मे हैं। भाषा एवं भावो की दृष्टि से सभी पद सामान्यत: अच्छे हैं।

४. ऐतिहासिक लेख

यह एक ऐतिहासिक लेख है जिसमे वृषभनाथ के पौत्र मारिचि द्वारा दूसरे मतो की स्थापना से प्रारम्भ होता है। भरत चक्रवर्ती के द्वारा ब्राह्मण मत की स्थापना की गयी। तीर्थंकर शीतलनाथ के पीछे यज्ञशालाओ की स्थापना हुई थी। भगवान पार्श्वनाथ के युग में पिहितास्रव के शिष्य बुधिकीर्ति द्वारा बुद्ध मत की स्थापना की गयी। जो मांस मद्य सेवन मे दोष नहीं मानते थे। विक्रमादित्य के पीछे सम्वत् १३० मे यत्याचार्य भद्रबाहु के शिष्य जिनचन्द्र ने श्वेताम्बर सम्प्रदाय की स्थापना की थी। जो स्त्री की मुक्ति, केवली कवलाहार, आहार और नीहार, गर्भापहरण, केवली उपसर्ग आदि मान्यताओं को मानने वाला है। ५२६ वर्ष पश्चात् पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दि द्वारा द्राविड संघ की स्थापना, संवत् ७५३ में कुमारसेन द्वारा काष्ठा संघ की स्थापना, चमरो की पीछी का ग्रहण, इसी तरह विक्रम संवत् २००

के पीछे माथुर गच्छ की स्थापना। सवत् १८०० के पश्चात् लोग विपरीत क्रिया करने लगेंगे ऐसा भी लिखा है।

उक्त लेख स्वय अजीतमति द्वारा सवत् १६५० में लिपिबद्ध किया गया था।

इस तरह साध्वी अजीतमती ने यद्यपि लघु रचनाएं निबद्ध की हैं लेकिन वे उसकी काव्य शक्ति की परिचायक हैं। वे सभी रचनाएं एक ही गुटके में लिपिबद्ध हैं जो स्वय अजीतमति का था। हो सकता है अभी राजस्थान के शास्त्र भण्डारो मे कवयित्री की और भी रचनायें संग्रहीत हों। एक महिला कवि द्वारा इतनी सारी काव्य रचना करना प्रशंसनीय है।

कृतियो की भाषा गुजराती प्रभावित है। अलंकार शैली एवं भावों की दृष्टि से सभी रचनायें सामान्य हैं।

अध्यात्मिक छन्द

आर्या

परमाणंदं नत्वा अनिभारति देवी गुणं धरीवा ।
छंदो परमाणंदो प्राणंदो एहि गुणकंदो ॥

हवि छंद

आतम आपज दृष्टि जोवि, परम जोत घर भीतर होवि ।
जो खरी दृष्टि करी लिलावि, ज्ञान जोत घर भीतर पावि ॥१॥

गीत कवीत क्या लिलाया, गुणी छोडि निर्गुणी कु ध्याया ।
गध वरण रस उसका नाही, परम जोत सोहे घट माहि ॥२॥

घट छोडी उर क्या तु चाहि, घट मांहि न्यान पट सोहि ।
घट भूला तु फरे सायणा, घट मा सुता चतुर सुजाणा ॥३॥

नीर विकल्प तु काहे नही ध्यावि, विकल्प सेथि क्या लिलावि ।
एह विकल्प कि जीव का जाणा, परम जोत कु नही समाणा ॥४॥

रे आतम चित किहा फिरावि, जे न्या हालि सो घट मां पावि ।
एक समो जब कदि पेस्वे, ज्ञान जोत घर भीतर देख ॥५॥

न्यान छोडी जीव उर कु ध्यावि, वीतया सेथि चिन्ह चलावि ।
इसि मन कु तु अंतर ल्यावि, परम समाधी समिमां पावि ॥६॥

जो जूझि तो अप्पा जूयि, परकि जूयि ज्ञान न होयि ।
परका उजवल क्या तु धोवि, अपणा मैल कदि नही खोहोवि ॥७॥

जो झगडु मन होयि तेरा, पर कि झगडि जायि घणेरा ।
परकि झगडि ठोकन पावि, अतर छोडी उर कु ध्यावि ॥८॥

रे जीव ज्ञान काहा तु जोवि, जे जूयि सो घटमां होवि ,
सूता जे मन जाइ अमाया, मन मारी अपणे घरे आया ॥९॥

मन रूंधी करी कां नहि राखि, वीतया फल या फरी फरी चाखि ।
आप्या जब अपणे घरि मावि, तब होवी अमता नही आवि ॥१०॥

जो रे जीव मन [illegible] [illegible]।
एक [illegible] [illegible] ॥११॥

रे जीव [illegible] [illegible]।
एक [illegible] मन का [illegible] ॥१२॥

रे जीव [illegible] [illegible] हारि।
[illegible] बिन [illegible] भीतर [illegible] ॥१३॥

रे जीव [illegible] [illegible]।
[illegible] बिन [illegible] ॥१४॥

रे तला परम सुपिवें, जाणि काम बहुती न देवे।
एक समो [illegible] [illegible], अनंतकाल के बाद जमाया ॥१५॥

अनाद का थिर विकलप भाइ, थीर विकलप कु रहा समाइ।
थीर वीकलप कु जो मन लावि, निरविकलप [illegible] पावि ॥१६॥

आतम दीपक सबको पेखे, बिण बाती कोइ नहीं देखे।
अप्पा अप्प ध्यान करी ध्याया, बिण बाती का दीपक पाया ॥१७॥

रे जीव ध्यान धरो [illegible] [illegible] ।
जो पंथी [illegible] [illegible] ॥१८॥

घर की जोत न जाणि कोइ, अंग पढ्यां पण ध्यान न होइ।
रे जीव फरी फरी विकलप ध्यावि, विकलप ध्यानि ध्यान न पावि ॥१९॥

एह विकलप जे जीव का नांहि, निर विकलप कु कह्या न जाहि।
जेह जोगी जोगीश्वर जाण्या, उसका गुण मही मांहि बिखाण्या ॥२०॥

बाती दीपक सबको जाणि, बिण बाती कोइ न पिछाणि।
सो अप्पा सो अपसु ध्यावि, बिण बाती का दीपक पावि ॥२१॥

भूली रह्या जग मां सहु कोइ, पर की दृष्टि आनम होइ।
स्वकीय ज्ञान दृष्टि करी पेखे, पर की दृष्टि कुं सेहेजे देखे ॥२२॥

एह मन वैरी बोहोत डोलाणो, फरी फरी ओ विसरो भूलाणो।
बहु पकव [illegible] करी ध्यावि, अप्पा बिण कहीं सुख न पावि ॥२३॥

रे जीव [illegible] सवि [illegible], फरी फरी भमसि बहु दुःख पायो।
फरी फरी भमी [illegible] [illegible], अपणा घर बिणु ठोइ न पायो ॥२४॥

उपसम कु तु काहेनी बुधि, उपसम तेरे घट मा सुधि।
अपणा ज्ञाता जोति न जाण्या, पर का गुण सेहज वखाण्या ॥२५॥

साची दृष्टि करी कान नीहालि, जे चाहि सो नही देखालि।
साची दृष्टि करी अतर न्याहाल्या, करम कीटडणि तत क्षिण जाल्या ॥२६॥

राक दृष्टि करी काहे देखे, घर की अंतर काहे न पेखे।
घर घर जोत रहि घर भीतर, घर छोडी उर नहीं अतर ॥२७॥

शब्द ज्ञान सब कोइ जाणि, पडित ने नि शब्द पिछाणी।
तिस की बुधि क्या सहनाम्यु, अंतर छोडीउ रंकथा ध्याउ ॥२८॥

जेसो सीखालि तिसो देहालि, असो करी जे नर नीहालि।
अप्पा आतम सुख बहु पावि, जनम जरा उठा कु नही आवि ॥२९॥

इति कलस

सोहि जगमा तेह जेह अतर लिलावि
सोहि जगमा तेह,जेह सुन्य ध्यानि ध्यावि।
सोहि जगमा तेह, जेह अप्पा गुण गावि।
सोहि जगमा तेह जेह धरी सिव पद पावि॥
सोहि जगमा जतु काह्नि सुम बिना अनुभवहि।
वादीचंद्र नमी कहि अजितमती लब्ध बिना ते नवि लहि॥३०॥
इति अध्यात्मि छंद समाप्तः।



षट पद

गुरु नीरंजन एकअनेक आतम व्यवहारि
घट माहि सोहि एक, अनेक बहु विचारि
ध्यान धरे गुन एक, अनेक ध्यानह विस्तारी।
[illegible] [illegible] बंधु काहि, न [illegible] ध्या हम रहि।
बाइ अजितमति एवं वदति धर्म विना ति नवि लहि ॥1॥

अयोध्या नयरी नरेंद्र, नाभिनंदन हेम प्रभ।
मरुदेवी सुत वृषभ, वृषभसेन वंदति जिन वृषभ।
उन्नत धनुष सत पंच, पंच कल्याणक सुखाकर।
इक्ष्वाक वंस विख्यात, ख्यात उदये दीवाकर।
श्री आदीदेव आदि जयो श्री वादीचंद्र सेवे सदा।
बाइ अजीतमति एवं वदती, जनम जरा नाषि कदा ॥2॥

वर वढिल विख्यात, ख्यात पिता सुत सुन्दर।
रुप कला चातुर्य, चतुर चारीत्रह मंदिर।
उदयो उदरि वास, तास जननी रत्नाकर।
वाणी गाजि मेघ, मेघ सहु जन सुखाकर॥
सुखाकर जतीवर जयो, श्री वादीचंद्र वादिंद्र वर।
बाइ अजीतमती एवं वदती सकलसंघ आणंद कर ॥3॥

मूल उत्तरगुणसार सार कीया सुभ मंडित।
जग मां जतीवर एह, मयण मोहमद खंडित।
विद्वजन मां एह, एह सोहि गुण पंडित॥
कुवादी गज सिंघ सिंघ चउवीह करी वंदति।
श्री वादीचंद्र वादि निपूण श्री श्री प्रभाचन्द्र पट्टाभरण
बाइ अजीतमती एव वदती सकल संघ मंगल करण ॥4॥

पंच परम गुरु तेह, जेह पचमी गइ पामीय।
पंच परम गुरु तेह, जेह जन सहु जयकारीय।
पंच परम गुरु तेह, जेह गुणाली वर धामीय।
पंच परम गुरु एहवा जे [illegible] [illegible] [illegible] धपि।
बाइ अजितमती एवं वदती [illegible] [illegible] ते नर तरे ॥5॥

राग केदारो

तू तो वृषभ जिनेस्वर वृषभ जन सहु कृत
वृषभ लांछन सोवनमि कायो करी सोहि रायो
वृष मगट करी राजसहु परहरी मुगति रमणि सुति चित लायो ॥१॥

कुमार पदवी सलाख पूरबगयो, त्रिसिट लाख पूरब काल सुखमि हुयो।
एक लाख पूरब काल जब रह्यो, तब जिनवर वैराग भयो ॥२॥

लोकातिक देव जय जय करतु हि, जीव जीवतु नंद नंद।
तप कुठार करी कर्म कानन वन, तेह नी कीधो स्वामीतिनी कंद ॥३॥

नृत्य नीलंजसा देखी नी मीत करी, संजम श्री कुलिचित्त धरी।
कर जोडी बाइ अजीतमती कहि, मुगति रमणि जिन वेग वरी ॥४॥

राग केदारो

तू चेते चेतन चतुर नरा, मेरा कहा भूलो नही चित्त धीरा।
कर्म्म नो कर्म्म आवरणि कावावीयो, ते दुर सुख्ट तू जीत विरा ॥१॥

हृदय कमल सेज्यामि सुवतु हि, जागत ऐनस पास नाथि।
जनम जरा मरण दूरी करी, ते नर सिव पुरी पेवे जावि ॥२॥

दूष दमि जिम कांचन विराजतु हि, तेम देह मां देही तु परम देवा।
त्रिकाल जोग धीरी कर्म सहु नजिरी प्रगति रमणि तुझ करई सेवा ॥३॥

अतुल बल वीर्य पराक्रम पुरतु, तुझ सम नही कोइ परम जीया।
कर जोडी बाइ अजीतमती कहि, तुझ समरे मुनी सुगति गया ॥४॥

राग बसन्त

श्री सरसति देवी नमीय पाय, गाएसु गुण श्री नेमि जिनराय।
जेह नामि सौख्य अनंत थाय, भूरी पातिग भर दुरे पलाय ॥१॥

सीव नारी सु नेम रमि बसंत, मतिसि सर्वानि कीधो गुणवंत।
ग्यान सरोवर सांत रसि भरयू माहत, मुनी हंसी करी सरोवर सोहंत ॥२॥

समुद्र विजय सिवादेवी नंद, [illegible] सुन्दर वहि रे हुवो आणंद ।
सुं जनमि भाव्यो भवं कंद, सुभ मनोहर वहि देवना वृंद ॥३॥

हरिवंस कमलनी सुं भण्यो सूर, [illegible] सुं रे कमनुं पूर ।
मिले जोबन परिण तजि रानी दूर, मोह ममत्व राषिलो कीधा दूर ॥४॥

जाईल सुर सुभद्र कुंवर, सुन गगन मन माहि मलीय जाये ।
जन लावो तीतर पाससे पंथासि, त्याग मोह बहुत तेह उपाय ॥५॥

[illegible] नवदे ति बहु अभ्यास, कीय संयमी सुरखो स्वामी पास ।
सुभ असुभ कर्मनो करे विनास, [illegible] अजीतमती ए बोली [illegible] ॥६॥

पद

धन जोबन कुकरी बहुत फरी । तेह अतीत हुवे ।
तीन भुवनि के रायजलि मन सबहि अतीत भये ॥१॥ ।धन॥

चेतो चेतो रे तहिं आपु रे, लख चौरासि बहु लख आये ।
कबहि न ठाडे भये । धन जोबन ॥२॥

दरसन ज्ञान चरण तप बहुत बार लहे ।
मोह ममता राषि जब कोप्यो तब मुफ कु न रहे ॥धन॥३॥

हूं जिसको नहि को नहि मेरो जब, सुध ध्यान धरे ।
कर जोडी बाइ अजितमति कहे तेह के काज सरे ॥धन॥४॥

[illegible]

हु बलिहारी चितन की, जो चेतन सु चितलावे रे ।
वसुकर्मरज जि आवडाये तो ते सहु चिकाटी जाये रे ॥१॥

मोह फांस बलि कोडीमले, तेहु सु [illegible] रे ।
[illegible] अरुपी [illegible], ते कुन [illegible] रे ॥२॥हु॥

पे विलासि पदारथ दिसी ते उपरि बहु रंग रे ।
मोहलि कर मिहु लपटाणो, तो फरी फरी पम्यो [illegible] रे ॥हु॥३॥

आपु पयास बबहु सार वरी मुन सु वर सीहु जाय रे ।
कर जोडी बाइ अजितमति कहि, सुद्ध भाव बरो मन लाइ रे ॥हु॥४॥

राग सामरी

नमो नमो पास जिणंदह पाय
नील बरण शुभ सुंदर काय, पूजतां पातिग जाय ॥१॥

अश्वसेन वम्मादेवी नंदन वंदन, जन जन आधार ।
सुर नर फणीपती खगपती नमती करे जिन जय जयकार ॥२॥ नमो॥

नयर बणारसि जनम्यो एह प्रभु, सतगुरु सतसु आय ।
हस्ता नव सोहि उन्नत काय, इक्ष्वाकवंस को राय ॥३॥

घाति अघाति कर्म सब नीजंगी, पोहोतो मुगतीवास ।
कर जोडी बाह्‌ अजितमति कहि, पूरवो हमारी आस ॥४॥नमो॥

४. इतिहास परक घटनाओं का वर्णन

श्री वृषभनाथनिवाणी मरीचि अनेक दर्शन अनेक मतनी स्थापना कीधी । भरत चक्रवर्त्ति ब्राह्मणनी स्थापना कीधी । श्री सीतलनाथ पछि पर्वति यागनी स्थापना कीधी । पहिलि मुंडशालायणि दश कु दाननी स्थापना कीधी । श्री पार्श्वनाथनिवारि पहितास्रवस्य शिष्य बुधीकीर्ति ते णे बुद्धनी स्थापना कीधी । मास मद्यना दोष न मानि । श्रीमहावीरनिवारि मसक पूर्ण मुनीस्वरि तर्कनी स्थापना कीधी । राजा वीक्रम पछि वर्ष १३६ गते भद्रबाहु शिष्य यत्याचार्य तास शिष्य जिनचंद्रेण स्वेताम्बरनी स्थापना कीधी । स्त्रीनि मोक्ष ग्रहीनि मोक्ष । तीर्थंकर ने आहार न्याहार रोग वस्त्र केवलीनि उपसर्ग गर्भ संचार कहि । तीर्थंकरी करी कहि महावीर ब्राह्मणी गर्भ संचार कहि । मास मध गहे आहारनी छोतिनमानि । वर्ष २०५ जाते श्री कलसेन आचार्य आपुली गच्छनी स्थापना कीधी । पंछि वर्ष ५३६ गते श्री पुज्यवाद शिष्य वज्रनंदी द्राविड संघनी स्थापना कीधी । बीज अन्न पासी सचीत्त न मानि । क्षेत्रा दीसावद्य न मानि । वीक्रम पछि ७५३ विनयसेन शिष्य कुमारसेन सन्यास भग करीनि काष्ट संघनी स्थापना कीधी । पीछि कठण चमरनी लीधो । स्त्रीनि पुनरपी दीक्षा । क्षुलकनि वीरचरी । छहु अणुव्रत कहि । वीक्रय पछि २०० जाते मथुराया रामसेने माथुरा गच्छनी स्थापना कीधी । नपीछीया । दक्षण देसे विभ देसे पुष्कलावती नगरे वीरचंद्र मुनिना तेम करीष्यति भीलिसंघ । वीक्रम पछी वर्ष १८०० जाते कीया वीपरीत करीस्यती । संवत् १६५० दर्श पंचमी दिने लखीत बाई अजीतमती निज कर्मक्षयार्थ ॥

कविवर परिमल्ल

परिमल्ल १६वीं-१७वीं शताब्दी के कवि थे। उनका जन्म ग्वालियर में हुआ लेकिन उनकी जवानी एवं बुढ़ापा आगरा में व्यतीत हुआ। कवि का परिवार एवं पूर्वज अत्यधिक प्रतिष्ठित एवं राज्य द्वारा सम्मानित थे। उसने अपने पूर्वजों का निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

चन्दन चौधरी
|
रामदास चौधरी
|
आसकरन चौधरी
|
परिमल्ल चौधरी

चन्दन चौधरी ग्वालियर के महाराजा मानसिंह द्वारा सम्मानित व्यक्ति थे। सम्भवतः वे मानसिंह के विश्वस्त उच्चाधिकारी अथवा नगर सेठ थे। उनका यश एवं ख्याति सारे देश मे व्याप्त थी। उनके पुत्र रामदास जो कवि के बाबा थे अपार सम्पत्ति के स्वामी थे। जीवन में उन्होंने अपार सुख प्राप्त किया। उनके पुत्र एवं परिमल्ल कवि के पिता आसकरन अपने कुल के दीपक थे और अपने परिवार की ख्याति एवं प्रतिष्ठा को पूर्ण रूप से बनाये रखा था।[1] ऐसे परिवार में जब परिमल्ल का जन्म हुआ तो चारों ओर प्रसन्नता छा गयी। परिवार एवं माता-पिता का उन्हें पूरा लाड प्यार मिला। ग्वालियर में ही उनकी शिक्षा दीक्षा हुई और यहीं अपने पिता की छत्रछाया में उनका बाल्यकाल समाप्त हुआ।

कवि दिगम्बर जैन बरहिया जाति के श्रावक थे। उस समय ग्वालियर में बरहिया जाति के अच्छी संख्या में घर थे। सभी वैभव सम्पन्न मर्यादा पूर्ण एवं यशस्वी थे। लेकिन कवि के पूर्व होने वाले महाकवि रइधू ने बरहिया जाति का

गोपगिरि गिरि गढ़ उत्तिम थांन, सूरवीर जहाँ राजा मान।
ता आगें चंदन चौधरी, कीरति सब जग में विस्तरी ॥१५॥
जाति बरहिया गुन गंभीर, अति प्रताप कुल रंजन धीर।
ता सुत रामदास परवीन, नंदन आसकरन गुन लीन ॥१६॥
ता सुत [illegible] नंदन परिमल्ल, [illegible] में [illegible]।

कोई उल्लेख नहीं किया। १८वीं शताब्दी में होने वाले पंडित बखतराम साह[1] ने चौरासी जातियों के नामों मे बरहिया जाति का कोई उल्लेख नहीं किया लेकिन यदि बारहसेनी जाति ही बरहिया जाति का दूसरा नाम है तो इसका उल्लेख तो यत्र तत्र मिलता है। फिर भी सम्वत् १५४५ के एक मूर्तिलेख[2] में बरहिया कुल का उल्लेख अवश्य मिलता है इससे यह तो स्पष्ट है कि बरहिया जाति दिगम्बर जैन धर्मानुयायी थी और उसका ग्वालियर एवं आगरा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव था।

परिमल्ल को अपने पिता एवं बाबा का कब तक प्यार मिला तथा तब तक उनकी छत्रछाया में ग्वालियर में रहे इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता लेकिन वे ग्वालियर छोड़कर अपने परिवार के साथ आगरा आकर रहने लगे थे इस घटना का कवि ने अवश्य उल्लेख किया है। आगरा मे वे शल्य रहित होकर रहने लगे थे इसका कवि ने निम्न पंक्ति मे उल्लेख किया है।

"ता सुत कुल मंडन परिमल्ल, बसै आगरे में तजि सल्ल"

आगरा मे उनका जीवन शान्तिपूर्ण था। जब उन्होंने श्रीपाल चरित्र की रचना प्रारम्भ की थी उस समय देश में अकबर बादशाह का शासन था। कवि ने अकबर के शासन काल का उल्लेख ही नहीं किया किन्तु उसके तेज एवं प्रताप की भी प्रशंसा की है। उसने समस्त पृथ्वीतल को अपने वश में कर लिया था तथा उसकी चारो ओर दुहाई फिरती थी। इसी के साथ परिमल्ल कवि ने बाबर एव हुमायु का भी उल्लेख किया है—

बाबर पातिसाहि हौई गयौ, तासु साहि हुमाऊं भयौ।
ता सुत अकबर साहि प्रवान, सो तप तप्यौ दूसरौ भान ॥३२॥
ताके राज न कहूं अनीति, बसुधा सकल करी बसि जीति।
जंबूदीप तास की आन, दूजौ अवरंग ताहि समान ॥३३॥

रचना काल

अधिकांश पाण्डुलिपियो में रचना समाप्ति के समय का उल्लेख होता है लेकिन श्रीपाल चरित्र में कवि ने रचना के आरम्भ करने का उल्लेख किया है जो सम्वत्

---

1. बुद्धिविलास—बखतराम साह पृष्ठ संख्या—८६
2. संवत् १५४५ वर्षे वैशाख सुदि १० [illegible] श्री मूलसंघे [illegible]
   जिनचंद्रदेवा: [illegible] बरहिया कुले [illegible] प्रणमति
   आदीश्वर बिम्बं [illegible]। भट्टारक सम्प्रदाय—पृष्ठ संख्या १०४

१६५१ आषाढ सुदी अष्टमी शुक्रवार है। रचना समाप्त कब हुई और उसमें कवि को कितना समय लगा इसका कवि ने कहीं भी उल्लेख नहीं किया।

संवत् सोलहसै ऊपरै, तापर इक्यावन जानौ।
मास असाढ पहुंतौ आई, वर्षारित को कहु बढाइ ॥२०॥

पख उजालो आठें जानि, सुक्रवार वार परवानि।
कवि परिमल्ल सुभ करि चित, आरंभ्यो श्रीपाल चरित ॥२१॥

श्रीपाल चरित्र के अतिरिक्त कवि ने और कितनी रचनायें निबद्ध की इसका भी कहीं नामोल्लेख नहीं मिलता और न शास्त्र भण्डारों में परिमल्ल की श्रीपाल चरित की अतिरिक्त कोई रचना प्राप्त हो सकी है। जिसका अर्थ यही है कि प्रस्तुत कृति ही कवि की एक मात्र कृति है जिसको उसने अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में लिखी थी।

श्रीपाल चरित की पूर्व कृतियां

जैन धर्म में श्रीपाल का जीवन अत्यधिक लोकप्रिय है। सिद्ध चक्र पूजा के महात्म्य के कारण श्रीपाल का कुष्ट रोग दूर हुआ था इसलिये पूरा समाज श्रीपाल और मैना सुन्दरी के पावन जीवन से प्रभावित है और यही कारण है कि प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत एवं हिन्दी सभी भाषाओं के कवियों ने श्रीपाल चरित को कविता बद्ध करने में अपना गौरव समझा। अपभ्रंश भाषा में निबद्ध जयमित्रहल, पंडित नरसेन एवं पंडित रइधू के 'सिरिवाल चरिउ' पर्याप्त लोकप्रिय रहे हैं। संस्कृत भाषा में भट्टारक सकलकीर्ति एवं पंडित नेमिदत्त के श्रीपाल चरित्र समाज में चर्चित ग्रन्थ रहे हैं। हिन्दी भाषा में परिमल्ल कवि के पूर्व ब्रह्म जिनदास एवं ब्रह्म रायमल्ल (संवत् १६१५) के नाम उल्लेखनीय है। यही नहीं परिमल्ल के साथ साथ ब्र० वादिचन्द्र ने भी उसी वर्ष (संवत् १६५१) में श्रीपाल आख्यान लिखकर समाज में श्रीपाल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

लेकिन जितनी लोकप्रियता परिमल्ल के श्रीपाल चरित्र को प्राप्त हुई उतनी अन्य कवियों के काव्यों को नहीं मिल सकी। यही कारण है कि राजस्थान के शास्त्र भण्डारों में कवि के श्रीपाल चरित की पाण्डुलिपियां सर्वाधिक संख्या में मिलती है। अभी तक उपलब्ध पाण्डुलिपियों में साहित्य शोध विभाग (वर्तमान जैन विद्यासंस्थान

१. देखिये—राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची भाग चतुर्थ—
पृष्ठ संख्या ७७१.

श्री महावीरजी) के एक गुटके में संग्रहीत पाण्डुलिपि है जिसका लेखन काल संवत् १६६० द्वितीय वैशाख शुक्ला तीज है।[1] उक्त प्रति के अतिरिक्त १७वीं १८वीं शती में लिपि की गयी निम्न पाण्डुलिपियां भी उल्लेखनीय है।

१	शास्त्र भण्डार दि. जैन तेरह पंथी मन्दिर, दौसा	पत्र सं. १८०	लिपि काल सं. १६६९ फागुण सुदी १२

२.	"	दि. जैन मन्दिर [illegible] दीवान पुरानी दीग	गुटके मे है	सं. १७५७
३.	"	दि. जैन बीस पंथी मन्दिर दौसा	९७	१७७४
४	"	दि. जैन तेरहपंथी बडा मंदिर जयपुर	१५८	१७७६
५.	"	दि. जैन मंदिर गोधो का, जयपुर	८५	१७९०
६	"	दि जैन मंदिर वैर (भरतपुर)	१५८	१७९६

लेकिन संवत् १८०० के पश्चात् लिपि की हुई पचासों पाण्डुलिपियां राजस्थान के कितने ही शास्त्र भण्डारो मे संग्रहीत है। किसी २ शास्त्र भण्डार में तो ५–६ अथवा इससे भी अधिक पाण्डुलिपियों का संग्रह मिलता है। राजस्थान के अतिरिक्त आगरा, देहली, मैनपुरी आदि नगरों के शास्त्र भण्डारों में भी श्रीपाल चरित्र काव्य की अच्छी संख्या मे पाण्डुलिपियां मिलनी चाहिये।

पद्य संख्या

श्रीपाल चरित की विभिन्न पाण्डुलिपियो का तुलनात्मक अध्ययन करने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकल सकता है कि उनमे पद्यों की संख्या समान नहीं है। श्री दि. जैन मन्दिर चौधरियो की पाण्डुलिपि में २२२२ पद्यों की संख्या दी गयी है जबकि राजमहल [टोंक] की पाण्डुलिपि २२०० पद्य, बयाना की पाण्डुलिपि मे २२९० तथा गोधा मन्दिर जयपुर वाली पाण्डुलिपि मे पद्यो की संख्या २३४१ दी हुई है। यह संवत् १७९० की पाण्डुलिपि है। इस तरह अन्य पाण्डुलिपियो में पद्यों की संख्या मे अन्तर हो सकता है।

भाषा—श्रीपाल चरित ब्रज भाषा का काव्य है। आगरा ब्रज भाषा का प्रमुख केन्द्र रहा है इसलिये परिमल्ल कवि ने भी अपने काव्य मे ब्रज भाषा का प्रयोग किया है।

> आपस में सब मंत्री कराहिं, जाचो वीरदमन पै जांहि।
> जो आईस देहै हम जोग, सोई मानि लेहु सब लोग ॥१४०॥

> [illegible] [illegible] [illegible] करि [illegible], [illegible] लिखि [illegible] में [illegible] ।
> [illegible] भेंट [illegible] [illegible] करी, [illegible] लीन [illegible] है [illegible] ॥१४१॥

मांकी, कोहु, गरी, आ देखे (२०/१५) जाकी (७१/१६) जैसे शब्दों की अधिकता है ।

काव्य की विशेषताएं

श्रीपाल एवं मैनासुन्दरी पर हिन्दी में अब तक जितने भी काव्य लिखे गये हैं उनमें प्रस्तुत काव्य सभी दृष्टियों से उत्तम है । भाषा एवं वर्णन शैली दोनों ही आकर्षक हैं । कवि ने नायक, नायिका एवं उपनायिकाओं के जीवन में घटने वाली घटनाओं का सरस वर्णन किया है । कवि की वर्णन शैली से काव्य के सभी पात्रों का चरित्र विकसित हुआ है तथा पाठकों में उनके प्रति सहानुभूति, करुणा अथवा रोष के भाव जाग्रत होते हैं ।

काव्य का नायक श्रीपाल है जो कोटिभट है । असंख्य योद्धाओं की शक्ति का प्रतीक है । विपत्तियों एवं संकटों के सामने वह कभी हार नहीं मानता है किन्तु अपनी शक्ति, साहस एवं सूझबूझ से उन सभी पर विजय प्राप्त करता है । वह युवावस्था में ही राज शासन चलाता है लेकिन कुछ ही समय के पश्चात् वह भयंकर कुष्ट रोग से पीड़ित हो जाता है । यह कुष्ट रोग उसके सात सौ अंग रक्षकों के भी हो जाता है । खाना, पीना, उठना, बैठना, नहाना, धोना, वस्त्र पहिनना आदि सभी सभी क्रियायें दूसरों द्वारा की जाती हैं । राध एवं पीप की दुर्गन्ध से सारा वातावरण दुर्गन्धमय बन जाता है । नाक एव अंगुलियां गिरने लग जाती है । कवि ने कुष्ट रोग पीड़ा का बहुत अच्छा वर्णन किया है—

> [illegible] राज [illegible] शरीर, होई [illegible] बहुत [illegible] ।
> कोढ उदम्बर [illegible] अति राई, [illegible] अंगुली [illegible] [illegible] ॥१२१॥
> रक्तपीत [illegible] तन [illegible], हारे [illegible] राई [illegible] सीस ।
> भरे प्रसेद [illegible] सौ [illegible] देह [illegible] [illegible] रही ॥१२२॥
> स्याम [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] हि [illegible] [illegible] ।
> भरजन करें [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] ॥१२३॥

श्रीपाल राजा थे लेकिन प्रजावत्सल थे । उनके कुष्ट रोग के कारण जब प्रजा को दुख होने लगा, नगर दुर्गन्ध से भर गया, तथा उनका खाना पीना हराम हो गया तब मन्त्रियों ने राजा से विनयपूर्वक प्रजा की व्यथा बतलायी । तत्काल श्रीपाल ने कुष्ट रोग से मुक्ति पाने तक राज्य का समस्त भार अपने चाचा वीर-

दमन को सौंपने का निश्चय किया। इस अवसर पर कवि ने प्रजा के महत्व पर बहुत सुन्दर प्रकाश डाला है—

रइयति बिन सोभा नही रहै, रइयति बिन को राजा कहै।
बिन पंखनि है पंखी जिसो हूं रइयति बिन बीसो तसो ॥१५२॥

×　　　　×　　　　×　　　　×

रैयति को हम उपर छांह, रैयति बसे हमारी बांह ॥१५९॥

ऐसै कहे सयाने लोय, राजा प्रजा बराबरि होय ॥१६०॥

मैनासुन्दरी जब सोलह वर्ष की हुई तब रूप एवं सौन्दर्य की राशि बन गयी। जिसने उसके रूप को देखा उसी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। मैना सुन्दरी का कवि के शब्दो मे सौन्दर्य देखिये—

षोडस बरस चढी परवान, कोउ रूप न ताहि समान।
ताको रूपसो हेम करंडु, मानौ सरद पून्यौ कौ चंदु।
लोचन परम सुबनत अति बने, ज्यौ चकृत मृग सावक तने ॥२६॥

कटाक्ष दृष्टि मांनु बहु बान, भृकुटी कुटिल धनष्ष कमान।
माथै मांगे बिराजै भार, मानौ नागनि के उनिहार ॥२७॥

कवि ने मैनासुन्दरी के प्रत्येक अंग के सौन्दर्य का वर्णन किया है जब मैना सुन्दरी को कोढी के साथ विवाह करने के समाचार सुने तो चारों ओर राजा को धिक्कारने तथा मति भ्रष्ट होने, विनाश होने के ताने सुनने को मिले। इसी प्रसंग में अपने २ कर्त्तव्य का पालन नहीं करने के कारण किन २ का विनाश होता है इसका काव्य मे बहुत ही सुन्दर वर्णन मिलता है।

विनसै मंत्री संकाधरै, विनसै राज अन्ध जो करै।
विनसै भामिनी आइसु तजै, विनसै धुक देखि रण भजै ॥४०४॥

विनसै ईसु कोहु परहरै, विनसै सांचु चाडु जो करै।
विनसै बाला तजै विवेक, विनसै बाछल चलै विष एक ॥४०५॥

श्रीपाल का कुष्ट रोग सिद्धचक्रव्रत पूजा के प्रभाव से गया था। मैना सुन्दरी ने पूर्ण आस्था एवं विधि के साथ इस व्रत का विधान किया था। अन्तिम तीन दिन तक गन्धोदक से स्नान करने पर श्रीपाल का कुष्ट रोग दूर हुआ था।

कवि ने इस व्रत के अवसर पर मांडने, फिर उस पर पूजा करने आदि क्रियाओं का विस्तृत वर्णन किया है। इससे पता चलता है कि परिमल्ल कवि पंडित भी थे।

> तीन चिकनु वंदनिक सुहाय, कोषु चिन्तकि पहुंचे अनुराग ।
> कंचन वरण भयो तनु ऐसो, सोहनु काम देवको जैसो ।।

श्रीपाल जब विदेश गमन करने लगे तो मैना सुन्दरी अतीव धर्मात्मा होने पर भी पति विरह के दुख को सहन नहीं कर सकी और पति को अपनी विरह व्यथा निवेदन करने लगी—

> यह कहि गवनु कीयो वरवीर, कामिनि व्याकुल भई शरीर ।
> लोचन भरे चित्त उमह्यो, मनु गाढो करि न चलु गह्यो

श्रीपाल की बलि देने के लिये उसे धवल सेठ के पास ले गये। श्रीपाल सुन्दरता की प्रतिमूर्ति होने पर भी धवल सेठ के हृदय में किञ्चित् भी दया नहीं आयी। और उसने उसकी बलि देने की स्वीकृति दे दी। लोभ मनुष्य का गला काटता है। इस प्रसंग में कवि ने लोभ रूपी पाप का विस्तृत वर्णन किया है—

> लोभ अंध जो मानुषु होई, पाप पुण्य जानै नहि सोई ।
> लोभ अंध मारै हूं प्राण, मलिन नाव नहि सर्व निदान ।।६०१।।
>
> लोभ अंध जो करही मित्त, तो पर करो न कबहू चित्त ।
> लोभ अन्ध जाको मन रहै, तो न भलो काहू को कहै ।।६०२।।

श्रीपाल का जीवन विदेश में भी पूर्णतः धार्मिक था। जहां भी उसे जिन चैत्यालय मिलता, वह दर्शन करके ही भोजन करता। यदि मुनिराज होते तो फिर उनके भी दर्शन करता।

> जिन चैत्यालो वंदौ जाय, तब हौं भोजन करि हौं आय ।
> अरु मुनिवर के वंदौ पाय, भोजनु करौ तबहीं जाय ।।

धवल सेठ ने जब रैनमंजूषा के रूप को देखा वह कामान्ध बन गया और पिता पुत्र के सम्बन्ध को भुला बैठा। वास्तव में मनुष्य जब काम का शिकार बन जाता है तो वह भाई बहिन, माता पिता, पुत्री के सम्बन्ध को भुला बैठता है इसी को कवि के शब्दों में देखिये—

> काम पुरुष सरवर बरहूँ, कामहीन कछु चिन्ता न करै ।।

सुरत भान ते सूर्य सत्रु आय, जथा होम ज्यों पावकु जाय ॥१२१०॥

× × × × × ×

कामी जन बंछै परनारि, कामी जन मन भावै गारि ।
कामी जन छांडै गुरु सेव, मानैं नाहिं न पूजै देव ॥१२४७॥

कामी जन जनकै उलटी रीति, उत्तम तजै मध्यम सौं प्रीति ।
कामी जन कै मित्तु न बंधु, नैननि देखै सदा निरंधु ॥१२४८॥

श्रीपाल फिर संकट में फंस जाता है। धवल सेठ द्वारा वह समुद्र में गिरा दिया जाने के पश्चात् वह सागर तैरकर दूसरे द्वीपमें आ जाता है। वहां सागर तटपर राजा के सिपाही उसका स्वागत करते हैं। और सागर तैर कर आने के उपलक्ष में राजा द्वारा अपनी लडकी गुणमाला से उसका विवाह कर दिया जाता है। वे दोनो कुछ समय तक सुख से रहते है लेकिन जब धवल सेठ का जहाज उसी द्वीप मे आ जाता है। श्रीपाल को देखकर घबरा जाता है और एक नयी चाल खेलता है। वह भांडों को बुलाकर राज दरबार मे श्रीपाल को भांड पुत्र सिद्ध कर देता है। जिस व्यक्ति के बुरे दिन आने लगते हैं तो अपनी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है तथा वह धर्म का मार्ग छोड देता है। कवि ने इसका अच्छा वर्णन किया है—

यह सुनि सेठ विचारै तबै, किमस हाल होतु मर अबै ।
पहलैं मति ताकी तजि जाय, बुधि कछु करै कुटकाय ॥१५३७॥

तीनै सतु चले पुनि सीलु, धीरजु छीनि देह बलहीनु ।
महिमा ताकै पास न रहै, भानु ताहि तजि मारगु गहै ॥१५३८॥

संजम सीलु तजै फुनि ताहि, दया विवेकु वसै चित नाहि ।
पहलैं कुमति बैसै आय, गेरै असुभु जु कंठ लगाय ।
बहोरि होय अदया सौ प्रीति, बहोरि असत्य करै असि जीति ॥१५४०॥

भांडों ने राज्य सभा मे श्रीपाल को अपनी जाति का तथा अपना लडका सिद्ध कर दिया। भांडों द्वारा किये हुए प्रदर्शनको देखिये—

कोउ कंठ लागि रोवय, कोउ मुखु पौंछै बिहुसाय ।
कोउ ताकै पकरै पाव, कोउ बांह गहै अकुलाय ।

कोउ ताकै पीछे पंथु, ताहि देखि हल्यो सबु संघु ।
कोउ कहै धनि भूपाल, याको भयो यहां प्रतिपालु ॥

भांडों ने विचित्र प्रकार से राजा को समझा दिया कि श्रीपाल उन्हीं का पुत्र

है। श्रीपाल को फिर अशुभ कर्मों ने घेर लिया। राजा ने कोपित होकर चंडालों को श्रीपाल को मारने का आदेश दे दिया।

> बहु सुनि राय कोप अति भयो, चांडालनि को आयसु दयो।
> मारौ अब कीय मैं धरि करो, या पापी तैं धूरी भरो ॥१६८२॥

इसके पश्चात् रैनमंजूषा से श्रीपाल का पूरा परिचय सुनने के पश्चात् राजा ने श्रीपाल से क्षमा मांग ली और फिर से नगर में उसका जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात् तो विभिन्न द्वीपों से श्रीपाल के सामने विवाह के प्रस्ताव आने लगे और श्रीपाल ने भी सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर अपनी उदारता का परिचय दिया।

श्रीपाल को राजकुमारियों से विवाह करने से पूर्व उनकी समस्या पूर्ति भी करनी पड़ी। कोकन पट की आठ राजकुमारियों द्वारा रखी गयी समस्या का श्रीपाल द्वारा निम्न प्रकार से पूर्ति की गयी।

समस्या—जहां साहसु तहां सिधि (श्रृंगार गौरी द्वारा)

पूर्ति—सत्त सरीरह आपतो, प्रगटै अधिक सुबुद्धि।
सील सुसाधन परहरै, जहां साहसु तहां सिधि ॥१७१८॥

समस्या—यो पेखंतह सबु (पद्मलोमी द्वारा)

पूर्ति—नवि पूजा नवि दान हित, अनिबापो यो दव्व।
वृथा जनम गवाइयो, गयो पेखंता सव्व ॥१७१९॥

समस्या—ते पंचायण सिंह (पउलोमी द्वारा)

पूर्ति—सील विहूना जे नर, तिन की देह मलीन।
जे चारित्रह निर्मला, ते पंचायण सिंह ॥१७२०।

समस्या—कासु पिबाउ खीरु
रावन विषा सीभियो, दसमुख एक सरीर।
तास माय चर्म परी, कासु पिबाउ खीरु ॥१७२२॥

इसके पश्चात् और भी देश की राजकन्याओं के साथ श्रीपाल ने विवाह कर लिया। एक दिन अचानक उसे मैनासुन्दरी की याद आ गयी और किया हुआ वायदा। वह तत्काल गुणमाला और रैनमंजूषा के पास आ गया और वहां से चलने की तैयारी कर ली. दलपट्टन के राजा ने उसे निम्न प्रकार सैन्य बल दिया—

मल्ल राय पुत्री विहसंतु, एक हजार वसु ग्रामवंत ।
च्यारि सहस वर वसु तुरंग, दीने द्रुम पखर वर अंग ॥

अनेक देशों में होता हुआ श्रीपाल उज्जैनी पहुंच गया जहां मैना सुन्दरी उस की प्रतीक्षा कर रही थी । उसके दीक्षा लेने के समय में केवल एक रात्रि बाकी थी । मैनासुन्दरी के लिये एक रात्रि की प्रतीक्षा भी कठिन हो रही थी । मैनासुन्दरी एवं उसकी सास के मध्य होने वाले वार्तालाप को सुनकर श्रीपाल ने घर में प्रवेश किया । दोनों को वह रात्रि को ही अपने कटक में ले गया और अपनी माता एवं रानी को अपनी विशाल सेना एवं अपनी पत्नियां बतलाई । उसने सबके सामने मैनासुन्दरी को पट्टरानी—महारानी घोषित किया तथा रैन मन्जूषा, गुणमाला, चित्ररेखा को रानियां घोषित की । मैनासुन्दरी का हृदय प्रसन्नता से भर गया और उसने श्रीपाल से निम्न प्रकार निवेदन किया—

मेरे पिता करम नहि मान्यो, मानभंग कीजे ता तनौं ।
कंवर पहरि कुहारी कंध, कर पीजा की मरी सबंध ।
ऐसी विधि जब मिलि है तोहि, तब ही सुख उपजैगो मोहि ॥

दूत ने तत्काल जाकर राजा से इसी प्रकार के वेश मे श्रीपाल से भेंट करने का आग्रह किया । राजा ने क्रोध में आकर दूत को पकड़ लिया । लेकिन मन्त्री के कहने से उसे छोड़ दिया । राजा पहुपाल ने उसी तरह श्रीपाल से मिलने की बात मान ली लेकिन मैनासुन्दरी ने जब राजा का मान भंग होता सुना तो श्रीपाल से पुनः अपने पिता को राजा के तरीके से बुलाने के लिये कह दिया । दोनों में जब परस्पर मिलन हुआ तो चारो ओर आनन्द छा गया ।

राजा पहुपाल ने जब मैना सुन्दरी एवं श्रीपाल के वैभव को देखा तो उसके आखों में आंसू बह चले और निम्न शब्दो मे मैना सुन्दरी की प्रशंसा करने लगा—

भो पुत्री सबही गुण खान, शील धुरंधर सुख निधान ।
तु ं अति दयावंत जीव बोध, तो सम पुत्री और न कोय ॥
मै तेरी देख्यौ अब करमु, अब आराध्यो जिनवर धरमु ।

अभी श्रीपाल को अपना स्वयं का राज्य और लेना था जिसे वह अपने चाचा को दे आया था इसलिये जब उसने अपना राज्य दूत भेजकर मांगा तो उसे निम्न प्रकार उत्तर मिला—

बिनु भुजबल बिनु खड्गप्रहार, बिनु रण जुरै न करै प्रकार ।
जौलौ एहु करम नहि होय, तौ लौं राज न पावै कोय ॥१६४६॥

श्रीपाल ने एक बार दूत भेजकर अपने चाचा को समझाने का प्रयास किया तो वह और भी क्रोधित हो गया और दूत को ही मारने का आदेश दे डाला—

दूत ने [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥

लड़ाई की तैयारियां होने लगी और उसने तत्काल आक्रमण करने का आदेश दे दिया।

आवै मार मार तिहु बार, हुम [illegible] [illegible] ते हुसीयार ।
यो संग्राम मिटे हम बाह, जैसे श्रीपाल एक न [illegible] ॥१९८८॥

यहै कहत करी उमरी चढ्यौ, कौर लै [illegible] [illegible] रिस बढ्यौ,
ता देखत ही सबै जुझार, [illegible] [illegible] [illegible] तिहि बार ॥१९७९॥

सैनिकों की पत्नियां जब अपने अपने पति को युद्ध के लिए विदा किय उन्होंने निम्न प्रकार अपने विचार प्रगट किये—

कोउ प्रिया मांगे रतिदान, हम तुम कंत [illegible] है [illegible] ।
कोउ कहै युद्ध भुज लगो, [illegible] पिय [illegible] [illegible] ॥१९९९॥

कोइ सीख देई कुल लाम, युद्ध हारि मति आवो धाम ।
बहुत दोस जो आवौ भाल, स्वामी काम [illegible] करो हलाल ॥२०००॥

कोउ कहै संगिनी नारि, जियो पीय जो आनि हारि ।
एक कहै मुकतनि के हार, [illegible] पाटंबर और अपार ॥२००१॥

दोनों में युद्ध होने लगा। गज से गज, अश्व से अश्व एवं पायक से पायक भिड गये। शाम हो गयी लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। मन्त्रियों के परामर्श से अन्त में यह निश्चय किया गया कि श्रीपाल एवं वीरदमन में परस्पर युद्ध होने पर जो जीत जायेगा वही राजा पद प्राप्त करेगा। दोनों में भीषण युद्ध होने लगा।

तब ए [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] करै [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥२०२८॥

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], श्रीपाल की [illegible] [illegible] [illegible] ।
ताके [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥२०२९॥

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥२०३१॥

वीरदमन ने अपनी हार मान ली और श्रीपाल को राज्य भार सम्हला कर स्वय ने जिन दीक्षा धारण कर ली। श्रीपाल ने सब राज्य सुख भोगा और धर्म नीति के अनुसार राज्य किया। कवि ने धर्म की बडी महिमा गायी है। धर्म का प्रभाव एवं तेज अपूर्व होता है जिसके हृदय मे धर्म उतरता है उसे चारों ओर से सुख शाति एवं अपूर्व आनन्द प्राप्त होता है—

धर्म एक त्रिभुवन में सार, धरमैं कुगति विनासन हार।
धर्म एक सब सुख को कंदु, धरम एक भवै दुख दंदु ॥२०२५॥

धर्म पसाय गज गुडरें, धरम पसाय होस हीय धरें।
धरम पसाय चंवर सिर ढरें, धरम पसाय छत्र सिर धरें ॥२०२६॥

अन्त मे श्रीपाल एवं मैनासुन्दरी दूसरे सहस्रो राजाओं एवं रानियो के साथ जिन दीक्षा धारण कर ली। मैनासुन्दरी की घोर तपस्या का बहुत ही अच्छा वर्णन किया है—

अब वन मारग सो पगु धरै, ग्रीषम रितु सिकता पर जरै।
सरद सौम सम बदनी बिका दु, पोसनि करती पोष पियास।
ग्रीषम हल माह परभात, हो ती मलिन सीत की घात ॥७॥

इस प्रकार श्रीपाल चरित हिन्दी का उत्तम काव्य है। इस काव्य से हिन्दी काव्य जगत् को गतिशीलता मिलती है। महाकवि तुलसीदास की रामायण के पूर्व दोहा, चौपई मे रचित श्रीपाल चरित से तत्कालीन समाज में हिन्दी का अध्ययन अध्यापन, काव्य निर्माण मे कवियो एव विद्वानो की रुचि बढी थी। परिमल्ल कवि का आगरा केन्द्र था और ब्रज भूमि मे हिन्दी का प्रचार प्रसार करने मे जैन कवियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

श्रीपाल चरित मे काव्य के नायक द्वारा जिन जिन देशों एव द्वीपो का भ्रमण किया था उनके नाम निम्न प्रकार है—

१. राजगृह—राजा श्रेणिक की राजधानी, भगवान महावीर के विहार का प्रमुख केन्द्र।

२, चम्पापुर—अग देश की राजधानी, श्रीपाल के राज्य की राजधानी, भगवान वासुपूज्य की निर्वाण स्थल।

३. उज्जैन—मालवा प्रदेश की राजधानी, मैना सुन्दरी की जन्म स्थली,

श्रीपाल द्वारा कुष्ठी जीवन यापन, वन में सिद्ध चक्रव्रत की पूजा से कुष्ट निवारण। कवि के शब्दों में—

> देस मालवो सब सुख थानु, मध्यलोक में अमरपुरी मान।
> पुर मांहि सिद्धि है वासर रैनि, सुबस बसै तहां नगर उज्जैनि ॥६॥

४. कौशांबीपुर—श्रीपाल उज्जैन से कौशांबीपुर पहुंचा जहां उसकी धवल सेठ से भेंट हुई। वहीं से वह सेठ के साथ आगे व्यापार के लिये गया।

५. हंस द्वीप—यात्रा का प्रथम पड़ाव। श्रीपाल ने इसी द्वीप में स्थित जिन मन्दिर के बज्रकपाट खोले थे तथा उसका रैनमंजूषा से विवाह हुआ था।

६. कुंकुम द्वीप—दलपट नगर—समुद्र को तैरता हुआ श्रीपाल इसी द्वीप के किनारे पहुंचा तथा दलपट नगर के राजा द्वारा अपनी लड़की गुणमाला से उसका विवाह कर दिया। धवल सेठ के आने पर भांडो द्वारा श्रीपाल को अपना लड़का बतलाने पर राजा द्वारा श्रीपाल को सूली लगाने का आदेश दिया। लेकिन रैन मंजूषा के पहिचान के कारण श्रीपाल सूली से बचा तथा पुनः सम्मान प्राप्त किया। धवल सेठ की वहीं मृत्यु हुई।

७. कुण्डलपुर द्वीप—हंस द्वीप में कुण्डलपुर द्वीप पहुंच कर चित्ररेखा के साथ विवाह हुआ।

८. कंचनपुर—विलासवती का जन्म स्थान।

९. कोंकण पट्टन—यहां श्रीपाल ने पहुंचकर आठ राजकुमारियों की समस्या पूर्ति करके उनके साथ विवाह किया।

१०. पंढीय देश—कोंकण पट्टन से श्रीपाल पंढीय देश में पहुंचा।

११. मेवाड़ देश—पंढीय देश से मेवाड़ देश में पहुंचा।

१२. तिलिंग देश—श्रीपाल की यात्रा का अन्तिम देश।

१३. सोरठ देश (सौराष्ट्र)—तिलिंग देश से श्रीपाल वापिस कुंकुम द्वीप के दलपट नगर में पहुंचा तथा वहां कुछ समय विश्राम के पश्चात् रैन मंजूषा, गुणमाला आदि रानियों के साथ उज्जैन के लिये प्रस्थान किया। तथा सौराष्ट्र में पहुंचा।

१४. सौराष्ट्र से श्रीपाल वहा के राजाओं से कर वसूल करता हुआ मरहट (महाराष्ट्र) देश में पहुंचा।

१५. उज्जयिनी—महाराष्ट्र से श्रीपाल उज्जयिनी नगरी मे पहुंचा जहां मैनासुन्दरी उसकी १२ वर्ष से प्रतीक्षा कर रही थी।

१६. चम्पापुरी—उज्जयिनी में कुछ समय अपने श्वसुर के यहां ठहर कर अन्त मे वह चम्पापुरी पहुंचा। यहां उसका अपने चाचा वीरदमन से युद्ध हुआ और अन्त में विजय प्राप्त करके अपना राज्य प्राप्त किया।

काव्य की विशेषता

श्रीपाल चरित्र अत्यधिक रोचक काव्य है। कवि ने घटनाओं के वर्णन के साथ और भी ऐसे वर्णन प्रस्तुत किए है जिनके कारण काव्य और भी सुन्दर बन गया है। श्रीपाल का पूरा जीवन ही कर्म प्रधान है वह भाग्य के सहारे आगे बढ़ता है इसलिए निम्न मान्यता में वह अपना पूर्ण विश्वास रखता है :—

> विधना जो कछु लिख्यौ लिलार, शुभ अरु अशुभ अंक शुभ सार।
> जैसो निमित्त जास कै होइ, ताहि मिटाइ सकै नहिं कोई ॥३०३॥

इससे आगे कवि और भी अपने भाव निम्न शब्दों मे प्रस्तुत करता है :—

> पूरब ते पछिम रवि उवै, नर फुनि मेरु चूलिका छुवै।
> सायर हू पै धूरि उडाइ, भावी तऊ न मेटो जाइ ॥३०५॥

भवितव्यता मे इस प्रकार अटल विश्वास के साथ श्रीपाल आगे बढ़ता है। मैनासुन्दरी का भवितव्यता मे सबसे अधिक विश्वास है अपने पिता के बार बार आग्रह करने पर भी वह अपने विचारों में दृढ रहती है और कुष्ट रोगी के साथ विवाह के अपने पिता के निर्णय को सहर्ष स्वीकार करती है। विवाह मडप मे बैठने के पश्चात् जब उसका सारा परिवार रुदन करने लगता है, मौन हो जाता है तब वह साहस पूर्वक कह उठती है कि जिस प्रकार उसकी बड़ी बहिन के विवाह में मंगलाचार गाये गये थे उसी प्रकार उसके विवाह में भी गाये जाने चाहिये :—

> तब सुन्दरी उठि ठाढी भई, निज परियन माता पै गई।
> सुरसुन्दरी को गायो जिसो, मोकौ क्यों नहिं गावौ तिसो ॥१२०।६१

पुत्री के विवाह में जो कुछ पिता द्वारा कन्या को दिया जाता है उसे हम दहेज संज्ञा देते हैं। मैनासुन्दरी के विवाह मे भी श्रीपाल को ढेर सारा दहेज मिलता है

लेकिन आज के युग की तरह उस युग में मांग ठहराव अथवा और जबरदस्ती कुछ भी नहीं होता था जो कुछ भी दिया जाता उसे सहर्ष स्वीकार करने की परम्परा थी। और इसी परम्परा से समाज जीवित भी रह सका। श्रीपाल को भी दहेज में अपार चल एवं अचल सम्पत्ति मिलती है कवि ने उसका अच्छा वर्णन किया है।

> धन कनक दीन्हे भंडार, दीने मैगल तुरीय हैं सार।
> पाटंबर दीए बहु और, दिने सबै निर्मोलिक हीर ॥१३४॥
>
> सहस दास सुन्दर गुन गेह, दीए सिरीपाल को तेह।
> सेवग भले भले जो भए, बहुत और सेवा को दए ॥१३६॥

पत्नी के लिए पति चाहे कैसा ही क्यों न हो वही उसका देवता कहलाता है। श्रीपाल ने विवाह के पश्चात् मैनासुन्दरी से दूर रहने के लिए कहा क्योंकि वह उस समय कुष्ट रोग से पीड़ित था। कहां रूप लावण्य की खान मैनासुन्दरी और कहा कुष्ट रोग से पीड़ित श्रीपाल। लेकिन मैनासुन्दरी ने श्रीपाल को जो उत्तर दिया वह बहुत मार्मिक एवं पढ़ने योग्य है :—

> विधिना मोहि यह लिखि दियौ, सोहि तोको निरखो भयौ।
> तुम मेरे प्रीतम भरतार, तुम मेरे जानति आधार ॥१५३॥
>
> तुम अति रूपवंत गुनवंत, तुम ही सुख सागर बलिवंत।
> जोवन सुखी जो लोए चार, तो लौं देखें तुम्हें निहार ॥१५४॥

श्रीपाल जब विदेश यात्रा के लिए रवाना हुआ। उसके पूर्व उसकी माता ने सुखद यात्रा के लिए कुछ बीज मंत्र दिये। ऐसी शिक्षा श्रीपाल के लिए ही नहीं सभी के लिए हितकारी सिद्ध हो सकती है कवि ने इन सबका बड़ा अच्छा वर्णन किया है—

> धन दीनो मति लीजहु चित्त, परदारा मति लावहि चित्तु।
> तौं ते बड़ी नारि जो होय, मात बराबर जानियें सोय ॥७७०॥
>
> होय त्रिया जो ताहि समान, ताहि जानि जो बहिन समान।
> जो कामिनि तौते लघु आहि, पुत्री सम जो जानिजो ताहि ॥७७१॥
>
> दुखियाके मन को परिखी जानु, दु जो दीन मन दीजो दानु।
> बहुत बात का कहुं सुजान, पालियो व्रत संयम परवान ॥७७२॥

श्रीपाल पुण्यशाली था। इसलिये जब विदेश प्रस्थान के पश्चात् वह भुरपट्टन नगर में पहुंचा तो उसे सहज मे ही तीन विद्यायें सिद्ध हो गयी जिससे उसको विदेश यात्रा में बहुत सहायता मिली। इन विद्याओं के नाम थे शत्रु निवारिणी, जल तारिणी। प्राचीन काल मे मंत्र विद्याओं पर जन सामान्य को पूर्ण आस्था थी और वह उनके चमत्कारो से पूर्ण प्रभावित थी।

धवल सेठ का जब समुद्र में जहाज नहीं चला तो उसे मनुष्य की बलि देने के लिए कहा गया इससे पता चलता है कि उस समय उपसर्ग निवारण के लिये मनुष्य तक की बलि देने का प्रचलन था। बलि के लिए श्रीपाल जैसे युवक को पकड़ लिया गया।

तातैं मन मैं उपज्यो सदेहु, मंत्री मन विचारयो एहु।
एक पुरुष बलि दीजै आय तब बह चलै परोहन जाय ॥७७३॥

प्राचीन काल मे समुद्री लुटेरे यात्रियों को लूट लिया करते थे। वे जहाज तक डुबो दिया करते थे। धवल सेठ के जहाज के ऊपर भी लुटेरोने हमला कर दिया था जिसके कारण पूरा व्यापारिक संघ ही संकट मे पड़ गया था। यदि श्रीपाल नहीं होता तो पता नहीं धवल सेठ की क्या हालत होती।

श्रीपाल कोटिभट्ट था। पुण्यशाली था। इसलिये उसके हाथ लगते ही वज्र के किवाड़ खुल गये। जिनके खुलने का अर्थ था वहां के राजा की कुमारी रैनमंजूसा के साथ विवाह। श्रीपाल का भाग्य चमक उठा और विदेश मे उसे सफलता पर सफलता मिलने लगी। इसके पूर्व वह जहाज को अपने बाहुबल से चलाकर लुटेरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर चुका था। यह तीसरी सफलता उसके उज्वल भविष्य के लिए वरदान सिद्ध हुई। श्रीपाल ने रैनमंजूसा जैसी सुन्दर राजकुमारी ही नहीं किन्तु विवाह मे अपार सम्पत्ति भी प्राप्त की इसका एक वर्णन पढ़ने योग्य है :—

रैनमंजुसा गुणह विसाल, श्रीपाल व्याही सुकुमाल ॥
सोबो दीयो तूठि कै राय, और छत्र हय गय अधिकाय ॥८६२॥
दीनौ मणि रत्ननि भण्डार, दासी दास ए सुभसार ॥
और बहुत को कहै बढाय, दीनी मोलम महल कराय ॥८६३॥

श्रीपाल के जीवन मे फिर संकट आ जाता है और वह समुद्र में गिरा दिया जाता है। उस समय रैनमंजूसा के दुख का कोई थाह नहीं रहता। वह भी

अपने पूर्व कृत कर्मों को रोती है और निम्न प्रकार पश्चाताप करती है :—

> कै मैं पर पुरुषहु मन धर्‌यो, कै मैं सामसु जीयसे डर्‌यो।
> कै मैं काहूं को वित्तु हरयो, कै मैं भविजन पावन कर्‌यो ॥११८१॥
>
> कै मैं निंद्यो जिनवर धर्मु, कै मैं असुभ कमायो कर्मु ।
> कै मैं जीव दया परहरी, कै हूं कहूं अग्नि मैं जरी ॥१२८२॥
>
> कै मैं मिथ्या गुरु सेइयो, कै मैं पात्रही दान न दियो।
> कै मैं कहू उधार्‌यो मंतु, कै मैं कियो वरतु को भंगु ॥१२८३॥
>
> कै गुरु कह्यो न लीनो मानि, कै मैं झूठो बोल्यो आनि।
> कै मैं परपुरुष सेद्‌यो पाय, कै हूं बूडी नदी मैं जाय ॥१२८४॥

श्रीपाल का व्यक्तित्व पूरा क्षमाशील था। शत्रु को जीतने पर भी वह उसे क्षमा कर दिया करता था। उसने सर्व प्रथम समुद्री डाकुओं को धवल सेठ के जहाज पर हमला करते समय पकड़ कर लाने पर भी उन्हें क्षमा कर दिया। तथा स्वयं धवलसेठ को उसे समुद्र मे गिरा देना एव भांडो द्वारा पुत्र बतलाने के षडयंत्र का पता लगने पर भी धवल सेठ को क्षमादान दे दिया। श्रीपाल ने अपने जीवन में कभी ऐसा कोई कार्य नही किया जिससे उसके जीवन मे कलक लगता हो। इस प्रकार श्रीपाल चरित्र शिक्षाप्रद काव्य है जिसमे एक ओर कर्मवाद (भाग्यवाद) की प्रधानता है तो दूसरी ओर पुरुषार्थ को भी गौण नहीं किया गया है। स्वयं श्रीपाल राजा होने पर भी वैभव, धन संपत्ति अर्जन के लिए देशाटन करता है। वह अपने सिद्धान्तो पर चलता है और उनका कभी उल्लंघन नही करता।

श्रीपाल का अन्तिम जीवन साधु जीवन के रूप मे व्यतीत होता है। अपने अपार राज्य एवं वैभव, आठ हजार रानियों के भोगो को हेय समझ कर मुनि दीक्षा धारण करता है अर्थात् अन्तिम जीवन में त्याग को प्रधानता देता है। जो वर्तमान भौतिक जीवन व्यतीत करने वालो के लिए अच्छा उदाहरण है। मानव को अपनी वृद्धावस्था मे त्यागमय जीवन अपनाना चाहिये इसी मे उनका कल्याण और आगामी जीवन के लिए शुभ लक्षण है।

विद्याध्ययन

श्रीपाल को आठ वर्ष का होते ही विद्याध्ययन के लिए मुनि के पास भेजा गया जहां उसने णमोकारमंत्र, अक्षर विद्या, अंक विद्या (गणित), न्यायशास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, व्याकरण, ज्योतिष, वैदिक आदि विद्यायें सीखी। यही नहीं जल में तिरना, घुड़सवारी, हाथी की सवारी, रथ की सवारी एवं संगीत आदि की विद्याओं भी अध्ययन किया। इसी तरह मैनासुन्दरी एवं सुरसुन्दरी ने भी विद्यायें सीखी इतना अवश्य है कि मैनासुन्दरी ने जिन मन्दिर में आर्यिका के पास जाकर जैन धर्म

की शिक्षा प्राप्त की जिससे उसके मन में कर्मवाद की प्रधानता स्वीकार करने का प्रभाव पड़ा और सुरसुन्दरी ने 'शिवगुरु" से शिक्षा प्राप्त करने के लिए उसके दूसरे ही संस्कार बने। इस प्रकार जैसा शिक्षक मिलता है बालक के उसी प्रकार के संस्कार पड़ जाते हैं। मैनासुन्दरी ने जिस प्रकार की शिक्षा प्राप्त की उसका एक वर्णन देखिए :—

जोतिष पढ्यो इसौ परवानि, आगम अरु अध्यातम जानि।
सीख्यो तिन संगीत पुरान, नाटिक वाछिक करै बखानि॥

तर्क छंद पुनी पढि लियो, अरु राजन तिन उत्तर दियो।
भाषा सोजु अठारह पढी क्रिया करि दिन ही नित बढी ॥२२७॥

इस प्रकार परिमल्ल कवि का श्रीपाल चरित्र उत्तम प्रबन्ध काव्य है जिसका जितना गहरा अध्ययन किया जावे, उतना ही श्रेष्ठ एवं सुखद है।



श्रीपालचरित्र (परिमल्ल कृत)

चौपई

मंगलाचरण

श्रीसिद्धचक्र विधि केवल रिद्धि । गुण अनंत फल आकर सिद्धि ॥
प्रणमौं परमसिद्धगुरु सोइ । भविक कंज ज्यों नवल होइ ॥ १ ॥

सिद्धपुरी सिद्धनि को थान । सिद्धपुरी आनंद निधान ॥
प्रगट जोति त्रिभुवन मैं आहि । अलख देव को लखै न ताहि ॥ २ ॥

अंजन रहित निरंजन जानि । हीन बुद्धि क्यों सकै बखानि ॥
जय जिनंद आदीसुर देव । सुर नर किंनर पद पंकज सेव ॥ ३ ॥

जय अजितेसुर मुकति निधान । मान रहित मिथ्यातम भान ॥
जय जिन संभव हरै विकार । सुचिरत अति आनंद अपार ॥ ४ ॥

जय अभिनंदन नंदन वीर । गुन गरिष्ट भव भंजन धीर ॥
जय सुमतीसुर परम उदास । सुमय प्रकाशन कुमय विनास ॥ ५ ॥

जय जय पद्मप्रभ पद जाहि । श्री संजुत कवलासन आहि ॥
जय सुपास उपहास निकंद । प्रनवत दूरि होइ भ्रम फंद ॥ ६ ॥

जय चंद्रप्रभ केवल नाम । होहु कृपाल सबै सुख धाम ॥
जय पुष्पदंत जीत्यौ जिहि मार । दुर्धर धर्यौ चारित्रह भार ॥ ७ ॥

जय जय सीतलनाथ मुनिंद । मधुर जास सेवैं सुर वृंद ॥
जय श्रीयांस रहित विकलेस । उचित मुकति अंबु परमेस ॥ ८ ॥

जय श्री वासपूज्य व्रत लीन । जैन धर्म उपदेस प्रवीन ॥
जय श्री विमलदेव मति चंद । विमल भयौ गुण विमल अमंद ॥ ९ ॥

जय अनंत जिनवर सुभ थान । मन वच तन जानियौ प्रमान ॥
जय श्री धर्मनाथ सुभगेह । कंचन वर्ण विराजित देह ॥ १० ॥

जय श्री सांति सदासिव खानि । दुख हरन पूरति सौभानि ॥
जय श्री कुंथ कुमंत विनास । केवल उदित ज्ञान परकास ॥ ११ ॥

जय श्री अरहनाथ जगनाहु । अति बलिष्ट जिह मोह मसाहु ।।
जय श्री मल्लि मल्यौ जिह मांन । पुन तीरथ महि जो परवान ।। १२ ।।

जय श्री मुनिसुव्रत मुनिराइ । [illegible] पाइ ।।
जय जय नमि रतनत्रय धार । मन के छांडे सकल विकार ।। १३ ।।

जय श्री नेमिनाथ गुणखांन । [illegible] राजमती थए निर्वाण ।।
जय श्रीपारस नाथ जिनद । फनि मनि मंडित त्रिभुवन [illegible] ।। १४ ।।

जय श्री बर्द्धमान जिनराइ । केहरि लंछित आसन छाइ ।।
चतुर्विंश जिन जे गुनमाल । प्रनवत दूरि होइ भ्रम जाल ।। १५।।

अरु जे मुकतिपंथ मुनिगए । निरभय अलख अगोचर थए ।।
कीनौं नमसकार परिमल्ल । जिमते दूरि होइ भव सल्ल ।। १६ ।।

जिनमुख अबुज तें उछरी । त्रिभुवन मांहि कथा विस्तरी ।।
द्वादसांग शासन भगवती । जास प्रसन्न होइ बहुमती ।। १७ ।।

विमल बरण वेदनि में कही । निज निर्वेद प्रसंग मारही ।।
निरमुख ताहि कहैं बहु भंग । गुणतामें राखी सरबंग ।।१८।।

स्वामिनि जिन पर होहु दयाल । बढ़ै कथा ज्यौं होइ रसाल ।।
मूरिष वैं पंडित पद लहौं । सारद गुन गाढौ करि गहौं ।।१९।।

षट दंसन मुख मंडन सार । मिथ्या कुमति विनासन हार ।।२०।।

दोहा

अमुख हरन अम बंदनी, बंदौ केवल संग ।।
देहु बुद्धि ब्रह्माइनी, ज्यौं होइ उक्ति तरंग ।।२१।।

चौपई

तोहि सुमरि कर लेखनि गहौं । सिव सुख विधि बरनन कहौं ।।
ज्यौं सारद पसाउ मति लहौं । नवरस कथा प्रगट करि कहौं ।।२२।।

गुरु गौतम मोहि देहु पसाउ । बाढ़ै कथा होइ मन चाउ ।।
पुंजि परमेठि पंच गुरजांनि ' मन क्रम करि कहौं बखानि ।।२३।।

पंच परमेष्ठी स्तवन

जय जय नमौं देव अरिहंत । हैं प्रसिद्ध गुण जाहि अनंत ।।
जय जय नमौं सिद्ध वर देव । अलख रूप त्रिभुवन करि सेव ।।२४।।

जय जय आचारिज मुनिराइ । अमर खचर जव वंदहि पाइ ।।
जय जय नमौं परम उवझाइ । उदीयत गुन जा अवगाह ।।२५।।

जय जय साध लोक वर बीर : अमृत बुधि बखानैं करि ।।
तिनकौं नमस्कार कर जोरि । जातैं अघमन होइ बहोरि ।।२६।।

पढत सुनत मन उपजै भाउ । कोहि परमल होऐं धरि भाउ ।।
कैसैं श्रीपाल भौतरयौ । कैसैं कुष्ट व्याधि करि भरयौ ।।२७।।

श्रीपाल के जीवन को जानने की उत्सुकता

कैसैं बन उजालहु गयौ । कैसैं सिद्धचक्र व्रत लयौ ।
कैसैं सायर बूडयौ जाय । कैसैं कोढ गयौ सिकुताय ।।२८।।

कैसैं दस तिन प्रगटयौ घनौं । कैसैं प्रगटयौ वसु आपनौं ।।
कैसैं राजकीयौ परवांन । कैसैं वाको चल्यौ पुरान ।।२९।।

रचना काल

संवत सोलहसैं ऊपरैं । सांवन इक्यावन आगरैं ।।
मांस असाढ पहुंती आइ । वर्षारित की कही बढाइ ।।३०।।

पक्ष उजाली आठैं आनि । सुकरवार वार परवांनि ।।
कवि परमल्ल बुध करि चित्तु । आरंभ्यौ श्रीपाल चरित्तु ।।३१।।

बाबर पातिसाहि होइ गयौ । तासु साहि हुमाऊ भयौ ।।
ता सुत अकबर साहि सुजान ।। सो तप तपौ दूसरौ भान ।।३२।।

ताकैं राज न कहूं अनीति । नगुवा सकल करी बसि प्रीती ।।
जंबुदीप राज की आन । दूजी अबर न सरसहि मान ।।३३।।

ताकी राज सोभा कहू करी । कवि [illegible] [illegible] विस्तरी ।।
जंबूदीप प्रगट सुभथान । कोइन जाय जासु बखांन ।।३४।।

अा बहु फेरि सिंध जल बहै। कोऊ ताको पार न लहै ।।
तामै भरहखेत परवांन। सब ही खेतनि मैं परधांन ।।३५।।

मगध के राजा श्रेणिक का वर्णन

मगधह नाम राजै तिह देस। भूमंडल में सुबस असेस ।।
नयर राजिगर सुबस बसाइ। ताकी सोभा कही न जाइ ।।३६।।

अमरपुरी अमरनि की जिसी। है प्रसिद्ध महिमंडल तिसी ।।
सुन्दर ग्रह सतखने अवास। बाडी बाग कुवा बहु पास ।।३७।।

श्रेणिक राव तिहां अरिसल्ल। करै राज अगट्यौ भुव भल्ल ।।
एक छत्र निवसै इह रीति। बसुधा सकल करी बसि जीति ।।३८।।

कथा नाथ है ताकौ नाम।पुन्यवंत सबको सुषधांम ।।
ताकै सत्तुसील जानियें। धरमातमा बसै बानियें ।।३९।।

कोऊ ताकै दुषी न लोइ। दया दांन पालै सब कोइ ।।
ताकै बहुत महासुत जान। तामैं बारिषेन परधांन ।।४०।।

तसु रांणी चेलणा परधांन। सतसील अरु गुणह निधांन ।।
कछु सुन्दरता कहीयन परै। दरस होत पापनि कौं हरै ।।४१।।

मिथ्या दरसन रीति सुजांनि। समकित की परतीति बषांनि ।।
अरु अति जैनधर्म्म की लीन। दया दान पालन परवीन ।।४२।।

करै राज श्रेणिक नर पार। बहुत राइ सेवैं सर बारि ।।
एक दिवस सिंघासनि आइ बैठ्यौ सिर परि छत्र धराइ ।।४३।।

सेवग लाष सेव ता करैं। हय गय गाह चौर हूं ढरैं ।।
तिह अवसरि आयौ बनपार। हर्षवंत मनमांहि अपार ।।४४।।

श्रेणिक के दरबार में वनपाल का आगमन

छह रित के जु फूल भए। अति मनोग राजा कौं दए ।।
विपुलागिर परवत परवांन। आयौ समोसरण तिह थांन ।।४५।।

चतुर्विशतमों वीर जिनंद। दरस होत दुख दुरति निकंद ।।
कौतूहल कछु कह्यौ न जाइ। सुर लोक तिह ठां रह्यौ आइ ।।४६।।

इंद्र चन्द्र धरणिंद फुनेस । जिनको बहुत धरहि परवेस ॥
अस्तुति करत जोरि दो हाथ । ठाडे रहत सुनो हो नाथ ॥४७॥

श्रेणिक द्वारा महावीर वन्दना

अमर खमर गन भूप जिते । सेव करन आवत हैं तिते ॥
ऐसी सुनि आनंदो राउ । सीघ्र ताहि तिह कियो पसाउ ॥४८॥

कर कंकन आभरन अपार । दीनौं ताहि न लाई बार ॥
आसन ते उठि ठाढो भयो , मनको भरम सबै भजि गयो ॥४९॥

तिह ठा उपज्यो सुख असेसु । तीन प्रदक्षणा दई नरेसु ॥
वाञ्छित भयो मनमें सुख पाइ । चलि भयो सो अंबिन आइ ॥५०॥

आनंद भेरि बाइ सुख लही । परजन सहित राइ उमगही ॥
पाटबद्धंना गुणनि अगंथ । नारि चेलणा ताकै संग ॥५१॥

गुण बरनत सो पहुती तहां । समोसरण श्रीजिन को जहां ॥
द्वादस कोठा देखन लए । धनपति आइ आप निरमए ॥५२॥

तिनकी सोभा बरनि जो कहौं । कहत कथा कछु अंत न लहौं ॥
मानस्थंभ देखियो राइ । अति आनंदो चित न समाइ ॥५३॥

तब जिनवर थुति लाग्योकरण । जय जय जरा जनम को हरण ॥
जय जय उदति नभ जोति जिनेस । जय जय मुकित वधू परमेस ॥५४॥

जय जय छियालीस गुणमंड । जय अतिसै चौतीस प्रचंड ॥
तीन लोक की सोभा जाहि । कोऊ और न उपमा ताहि ॥५५॥

जय जय केवलज्ञान पयास । जय जय निर्नासिन भव त्रास ॥
जय जय मान रहित जिनदेव । नर सुर असुर करैं जा सेव ॥५६॥

जय जय अस्तुति राव करेइ । बारबार प्रदक्षणा देइ ॥
नयौं प्रताप दुःख भजि गयो । मन वच काय सुख अति भयो ॥५७॥

गौतम स्वामी गणहर जाहि । नमस्कार कीयो नृप ताहि ॥
जिह ठा अर्जिकानि को साथ । वंदन करैं तहां नर नाथ ॥५८॥

अरु क्षुल्लक तहां पुनि जाहि । समाधान तिन पूछे राइ ॥
ताके हर्ष कछू न कुभाव । नर कोठा तहां बैठ्यो राव ॥५९॥

श्रेणिक द्वारा सिद्धचक्रव्रत कथा जानने की इच्छा प्रकट करना

श्रेणिक पूछै वीर जिनेसु । सिद्धचक्र फल कहि परमेसु ।।
गुण अनंत राजे सरबंग । बाणी तब उच्छरी अभंग ।।६०।।

गोतम स्वामी गुणह निधान । लागौ परिछन केवलनान ।।
सुनि सुनि श्रेणिक राइ प्रवांनि । सिद्धचक्र व्रत कहौं बखांनि ।।६१।।

कथा का प्रारम्भ

जबूदीप मनोगि उदार । जोजन लछि तास विसतार ।।
छार सिंधु ता बहुधा बहै । अति अथाह को पारन लहै ।।६२।।

ता मै भरह खेत्र सो सार । सब ही क्षेत्रनि मैं अधिकार ।।
तामहि अंगदेश परवान । अवर देस ता सम नहि आन ।।६३।।

चम्पापुरी का वैभव

तहां नगर चंपापुरी बसै । देखत जाहि चित्त उलहसै ।।
सोहैं गृह सतषने अवास । द्वारै कंचन कलस निवास ।।६४।।

घर घर प्रति चौंतरा सुठान । अति उज्वल ते फटिक समान ।।
विचि विचि हीगुर वर्न्यौ सुरंग । ते चमकत देषियो सुचंग ।।६५।।

घर घर सवै लोग परधान । लक्षमीवंत सरव गुन जान ।।
घर घर सुर वेद धुनि करै । सहैसक्रत भाषा उच्चरैं ।।६६।।

सामोद्रक ब्याकरन पुरान । घर घर कीजे अरथ बषांन ।।
जोतिग अरु वैदक गुन लीन । सब नर कोक कला परबीन ।।६७।।

सब को दया धर्म्म व्योपरै । परससा नहि कोऊ करै ।।
अति रमनीक हाट बाजार । बसै तहाँ नर साहु सा बार ।।६८।।

विणजै मग निरमोलिक चुनी । तिनकी बस बोलै सब दुनी ।।
कहू होइ बालक पैखनौं । सो कछु ताहि कहत नहि बनौं ।।६९।।

कहू कहू नाचक नाचै ठाट । कहू कहू आवै बंदन भाट ।।
कुली छतीस बसैं तहाँ लोइ । कुल की रीति न छाँडै कोइ ।।७०।।

अपनैं अपनैं चित सब सुखी । तिहु पुर कोऊ नाही दुखी ।।
आस पास बातिका सुथान । बहुत बावरी कुवा निवान ।।७१।।

अरु तिहा बाग्वर बाने बरे । सघन दाख बारूनी द्रुम भरे ।।
बहुत भांति अमृत फल रूख । देखत जिनै न लागै भूख ।।७२।।

फरे नारियर अंब अपार । बहुत करि नारिंगि सुरंग ।।
अगिनत केला और खिजूर । रहे बिजौरे जहां तहां पूर ।।७३।।

कुसुम कदंब रहे बहु फूलि । रहे भ्रमर तिनके रसभूलि ।।
तिहकी सोभा कहियन जाइ । जोजन बास रही महकाइ ।।७४।।

वस्तु बन्ध

केवरो केतकी मरुओ मोगरौ अरु जाइ,
गुलाब कुंजो भवर करणौं रह्यो तहां महकाइ ।

मंजरी अरु जुही चपौ राइ बेलि सुबास,
पाडर निवारी राइ चपौ देखत बढै उल्हास

फूली चंबेली सरपदी मचकुंद सोभित मूल,
भवर एक सुगध जित कित बहुत फूले फूल ।।७५।।

चौपई

महा फूल फूले बहु भाइ । सोभा कछु कही नहि जाइ ।।
कोकिल बोलत मधुरी भाष । सारो सुवा अचरति लाष ।।७६।।

पांडुक घुमरी भ्रमर चकोर । कहू क बोले विधि विध मोर ।।
जो सब पंषी बरनन कहीं । कहत कछु इक अत न लहीं ।।७७।।

अरु तहां सुन्दर सरोवर भरे । मांनौं जलधि आप ही धरे ।
तिनमैं मधुप बहुत विलास । देत कुसुम सुवासे अलिमाल ।।७८।।

चकवी चकवा केलि करांहि । जल कुकरी तहां फहरांहि ।।
जिनकी सोभति मधुरी भास । रहे निकट बहु कुच मराल ।।७९।।

जलचर जीव रहे जहां जिते । कहे कथा जो बरनौं तिते ।।
है अनेकनि जलकी विधि करी । जानों इन्द्रपुरीहि उतरी ।।८०।।

अरिदमन राजा

करै राज अरिदमन नरेस । ताको बहुत आहि अलवेस ॥
वीरदमन लहुरो ता वीर । कोटी भट यहु साहस धीर ॥८१॥

हय गय पाइक अगन अपार । परिगह बहुत लहै को पार ॥
सूर असंषि रहै दरबार । जे आवै छत्तीस हुन्यार ॥८२॥

आण्या देस दिसांतर दूरि । सुजस रह्यो मही मै भरि पूरि ॥
पट्टण गढ मंगर भूपाल । तिनकी आवै बहुत रसाल ॥८३॥

कुन्दप्रभा रानी

एक छत्र सो आहि नरेंदु । मानौं सोहै दुजौ इन्दु ॥
कुंदप्रभा ताकै अरधग । पाटप्रधानि गुणनि आभंग ॥८४॥

सीलवंति सुंदरि अति सोइ । ता सम और त्रिया नहीं कोइ ॥
जैसे रामचन्द्र कै सीय । प्रगट पुरांन जनक की धीय ॥८५॥

जैसै ससि कै रोहणि नेह । जैसै कवला हरि के गेह ॥
समयं समये के यहु सुष जिसौ । विलसति पियके सगति तिसौ ॥८६॥

एकै दिन सौरनि अवास । सोइ गई करि भोग विलास ॥
तीनि जाम निसि वीती तवै । चौथो जाम आइयौ जबै ॥८७॥

भयौ परफूलत ताको हियौ । अति उत्तिम सुपनौं पेषियौ ।
धवल महागिर कंचन वर्न । कलपवृक्ष देषियौ रतन ॥८८॥

तवै तहां अंधकार मिटिगयौ । पहु फाटी जब पगडौ भयौ ॥
बहु बुधिवंत सयांनी घरी । नाह पासि आवै सुन्दरी ॥८९॥

सत्रदवन भयौ सुनि सुन्दरी नारि । सुपने की फल कहौं विचारी ॥
भूधर सुरतरु धवल जु दिठ । हुं सो फल मन की इष्ट ॥९०॥

बहुर्यो जंपै राइ सुजांन । महा कुसल अरु विनै प्रवान ॥
सकल परिग्रह कौ सुषकार । ह्वै है सुन्दर तोहि कुवार ॥९१॥

कंचन गिर सम ह्वै है धीर । सोभत नृमल होइ सरीर ॥
कल्पवृक्ष सम होइ उदार । दुषी जनहि कौ करै प्रतिपार ॥९२॥

धरमधुरंधर जीनहु जानि । बहुत कहा हौं कहौं बखानि ॥
यह सुनि दंपति बहु सुख भए । निबसत धर्म करत दिन गए ॥९३॥

स्वर्ग थकी सुर चय करि गिर्‌यौ । रानी गर्भ आय संचर्‌यौ ॥
मुह पांडर दैषीयौरवन । कुच बोहरा भयो उवर्न ॥९४॥

श्रीपाल का जन्म

थूल पयोद स्तन पय भरे । मंहता नैन देषिए हरे ।
दसमास भयो गर्भ परवान । अति उदित रवि किरण समान ॥९५॥

जनम्यौ नंदन कुलह पयास । दुर्जन जनकौं प्रगट्‌यौ त्रास ॥
सज्जन जन मन भयौ आनंद । लक्षणवंत बाढ़ो कुलचंद ॥९६॥

ताको मुष देषियौ नरेस । मनवंछित सुख भयो असेस ॥
कंसाल ताल बाजै अनिवार । बंभन बेद पढ़ै कुलकार ॥९७॥

भयौ उदार अति फूल्यौ गात । धन बिलसत को कहै कछु बात ॥
हीन दीन जे दुष निधान । जिननैं सुष व्यापै दिनमान ॥९८॥

हय हाटक मुक्ता भरिथार । बहु धन दीयौ मंगन द्वार ॥
तब तिन जनम सुफल कै चयौ । बालक तीस दिवस कौ भयौ ॥९९॥

रानी राजा भयो सुष अंग । बालक लयौ उठाय उछंग ॥
श्रीजिन भवन पहौतो जाइ । परस्यौ महा मुनीसर पाइ ॥१००॥

जाकौ निर्विकार ही हियौ । मन सुष सकल छांडि तिन दियौ ।
ताके चरननि परस्यो माथ । रतनत्रय सो महा गुनाथ ॥१०१॥

मुनिवर आय बोल्यिो सोइ । धर्मवृद्धि दीनी सुख जोइ ॥
नीकै करि मुनिवर सो दीठ । तू है बहु जन ही को ईठ ॥१०२॥

भाष्यौ मुनिवर सुषदातार । याहि नाम श्रीपाल कुमार ॥
अब यामैं गुन है अधिकार । बरनत मोहि होइगी बार ॥१०३॥

यह सुनि निमसकार तब कर्‌यौ । बहुरि धरि मन को दुख हर्‌यौ ॥
जननी जनक लाडिल्यौ जासु । वरस आठ कौ भयौ अवासु ॥१०४॥

श्रीपाल की शिक्षा

मुनिवर पास पठन सो गयो। ऊंकार प्रथम ही लयो ।।
गण अक्षर मत्तह भयो लीन । तर्क वितर्क भयो कोक प्रवीन ।।१०५।

साम्रोद्रिक सीख्यो सुख सार । पढ्यौ ग्रंथ व्याकरण कुमार ।।
सबही विधि सो कला विनान सीख्यौ बहु सो अर्थ पुरांन ।।१०६।।

कला बहैंतरि प्रगट विनांन । नाद करै गंधर्व समांन ।।
हय गय वाहन रथ विधि आहि । गुन छतीस प्रसिद्ध ताहि ।।१०७।।

जस तिरिवौ सीख्यौ लिहु सार । तर्क वितर्क पढ्यौ मनिधार ।।
जोतिग वैदक गुन सीषियौ । आगम अध्यातम पढि लियौ ।।१०७।।

हैं प्रसिद्ध विद्या पद जितौ । पढ्यौ कुंवर मुनिवर पैं तितौ ।।
जोवन करि आरुढ्यौ जबैं । राजा चित्त उलह्स्यौ तबैं ।।१०८।।

महाबली श्रीपाल सुजांन । रूपवंत अरु गुंनह निधांन ।।
अति प्रचंड कोटीभटु सोइ । जाकै दरस अघ क्षय होइ ।।१०९।।

कबहूं भूलि न भाषै कूर । साहस धीर धरम कौ मूर ।।
ऐसी जुगति काल कछु भयो । राजतिलक श्रीपालह दयौ ।।११०।।

भयौ निसल्ल को कहूं वढाइ । आप काल बसि हूयौ राइ ।।
है हूंकार कियौ संसार । वीरदमन दुख कियौ अपार ।।१११।।

श्रीपाल राजा दुष लह्यौ । हूवै विचारि सोच करि कह्यौ ।।
तीन लोक देष्यौ अवगाहि, इहै मरण सबही कौं आहि ।।११२।।

यह विचारि अपनैं जिय धर्यौ । मन को सोक दूरि सब कर्यौ ।।
कुंदप्रभा रानी समझाइ । देषि विचारि रीति यह माइ ।।११३।।

जौ अब माता कीजैं सोग । तौ सब हूंसैं देस मैं लोग ।।
छत्री कुल जाको अवतार । श्रीपाल यौं कहै कुमार ।।११४।।

ताहि सोक पूछिएन आनि । बहोत कहा हौं कहौं बखानि ।।
मोते कछु होइगी जितौ । जांकी सेवा करिहौं तितौ ।।११५।।

बात सुनत सुष ताकौं भयो । हूवै सोक माता कौ गयो ।।
करै राज श्रीपाल प्रचंड । लीयौ सब राइनि पैदंड ।।११६।।

ताकी सेव सातसै वीर । ते बहु सदैं भूप की भीर ॥
ताकी कीरति भई असेस । कीनैं वसि और सब देस ॥११७॥

धर्मरूप राजा ब्यौहरै । परधन परतीय लोभ न करै ॥
दुर्जन सकल जीति वसि कीए । महा दंड तिन पै ते लिए ॥११८॥

श्रीपाल के कुष्ट रोग होना

कोउ अमरै न ता अंगवै । एक समै प्रगट्यौ असवर्ग ॥
ऐसी भांति काल कछु जाइ । पूरब पाप उदै भयौ आइ ॥११९॥

कुष्ट व्याधि राजा कौं भई, हुरैं हुरैं सो बरधत गई ॥
अग सातसै हैं अति नेह तिनहू कोढ बियापी देह ॥१२०॥

बहु रागिन पीडियो सरीर । होइ दुर्गंधा बहुत समीर ॥
कोढ उमारे देखयो राइ । नासि पंगुरी गरि गए पाइ ॥१२१॥

रक्त पीत जाकें तन दीस । झरै और राइ के सीस ॥
झरै प्रसेदु अग सो गहै । देह दाघ अंगारी रहै ॥१२२॥

स्यांम दाग जाकें असमांन । सो राखै हि बजावै कांन ॥

मरदन करै जाहि नही कांन । घजुवा करवावै असनांन ॥१२३॥

वरए कवारी धरै मंजेज । नृपति की सु बिछावै सेज ॥
कंठ गूंम सोहैं कुचसार । गूरज वर्ण गूर असवार ॥१२४॥

जाको कहूं कहुं गल्यौ सरीर । सो नर बैठो जाहि हजीर ॥
और दुरगंधि मुख आवै जांन । सो निरंद को है परधांन ॥१२५॥

काढ पाप जाकौ तन माहि सोदक ते सब देखे चाहि ॥
बहै नाक पकसनी मनि करै । ते राजा कै पानी भरै ॥१२६॥

जिनके गात भए कसि अवार । ते पायक देखिए अपार ॥
ते सिरतेव पाइते चलै । ते निसान बजावै भलै ॥१२७॥

जाकें रकत नेत्र तिन माहि । सो नर नीके जाहि बजाई ॥
जाकैं हृदय सिरा बहु झरै । बहुतक जन ते सुरहि करै ॥१२८॥

महा बाकृ बाबरे कुलकारै । अरदीनिका बजावै झारै ॥
जाके सांपी लावै दौरि । बीन बजावै तार मरोरि ॥१२९॥

घरें पांघरैं गावै गीत । पातरि नाचै पुर विपरीति ॥
अैसो तिहां भयानो कोढ । सवनि कोढ जानै सब कोढ ॥१३०॥

जो सब कोढ वरनि कैं कहौं । कहत कहत कछु अंत न लहौं ॥
इह सामिग्री राज कराइ । सगरी सभा जुहारैं आय ॥१३१॥

कबहूँ न निकरैं सैल बजार । मंदर महल कैं सभा मझार ॥
सेवग साह जुहारैं जिते । राजै देषि बिसूरैं तितै ॥१३२॥

जनमन कहै सबै सति भाउ । एह श्रीपाल महाबल राव ॥
अरु यह दया धर्म परवान । राजनीति पालै गुन जान ॥१३३॥

ताकौं कहा कर्म यह भयौ । कुष्ट रोग जाकैं तन तयौ ॥
कछू कर्म गति कहियन जाइ, महानींच नीचनि की राइ ॥१३४॥

उत्तिम कौ मध्यम गति करैं । मध्यम कौं उत्तिम पद धरैं ॥
नृपस्यौं ते नहि कछू कहाइ । घर घर आपस मैं पिछताइ ॥१३५॥

महा कोढ राजा कै अग । कोढी अंग सात सै संग ॥
बहु दुर्गंधता बढी अपार । फैलिगई सब नगर मझार ॥१३६॥

जबै बयारि बहै नहि घटै । तबै नाक सबही की फटै ॥
बहुत बात को कहै बढाइ । कोऊ नगर न भोजन खाइ ॥१३७॥

कोऊ बिनती सकै न मांडि, बहुत लोग गए घर छांडि ॥
घर घर एक बुलावो फिरयौ । रयति लोग नकर कौ भिरयौ ॥१३८॥

जो आवै सो कहौ विचारि । महा दुष क्यों सकैं सहारि ॥
कोऊ कहै भजो हरिद्वार । जैसैं राजा लहै न सार ॥१३९॥

कोऊ कहै अैसी न करेहु । आइस मांगि राइ पै लेहु ॥
बनिये भाजै छांडि धनधाम । मरिहैं दुष देषि बेनाम ॥१४०॥

आपस मैं सब मतौ कराहि आवो वीरदमन पै जांहि ॥
जों आइस देहै हम जोग । सोई मानि लेहु सब लोग ॥१४१॥

मोती रतन थार भरि लए । सब मिलि वीरदमन पै गए ॥
जाइ भेट ता आगै धरी । नाइ सीस सब बिनती करी ॥१४२॥

महादुष सबकौ संदेह । स्वामी हमकौं आइस देहु ॥
तेरैं देश अंत कहूं रहैं । राजा सौं क्यौं निकसन कहैं ॥१४३॥

जाके राज सुख हम लयौ । दुख दरिद्र सब ही को गयौ ॥
जाके राज धर्म को काज । जाके जग्यु है मोल विकाज ॥१४५॥

जाके राज पाप की हानि । जाके हिरदै दया की खानि ॥
जाके राज सूल सब भगे । हम सब परियन धरे अग ॥१४६॥

जाके राज सुबस हू बसे । कबहूं दुर्जन दुखन किसे ॥
जाके राज सबै जन सुखी । जीव जन्त कोऊ नहि दुखी ॥१४७॥

कुष्ट रोग अब ताको भयौ । नासा पाइ अंगु गरि गयौ ॥
अरु जे अंग सातसै बीर । तिनहू को गरि गयौ सरीर ॥१४८॥

तिनकी महा दुर्गंधा होइ । सब ही पुर में फैली सोइ ॥
दिन द्वै च्यारि अन बिनि भए । कछूक मूए कछु भजि गए ॥१४९॥

जो जैसी कहु सुनिए कांन । तो भोजन नहि जाई खांन ॥
फैली बास नाक रुधि रही । अब ज्यौं हम तुमस्यौं नहि कही ॥१५०॥

महा कष्ट भूले सब चाउ । सब ही नगर भयौ कहु राउ ॥
क्यौ हूं कोऊ धीर न धरै । स्वामी हम पै रह्यौ नहि परै ॥१५१॥

प्रजा का महत्व

सुनि मनमांहि चितवै राउ । अब यहु कीजै कहा उपाउ ॥
जो घर में श्रीपाल रहाइ । तो सोते सब रइयति जाइ ॥१५२॥

रय्यति बिनि सोभा नहि रहै । रइयति बिनि को राजा कहै ॥
बिन पंखनि है पंधी जिसो । हूं रइयति बिनि दीसै तिसो ॥१५३॥

बिन पांननि तरवर जो आहि । रइयति बिन जो राजा आहि ॥
बिन पानी है जिसी तलाव । रइयति बिन है तैसो राव ॥१५४॥

जैसो है उडगन बिनु चंद । रइयति बिन है तिसो नरिंदु ।
बिन रुखनि जैसो बनु जानि । बिन रइयति भूपति त्यौं मांनि ॥१५५॥

जैसौं सघन घटा बिनु मेह । रइयति बिनि त्यौं राजा एह ॥
बिन हथ्यार ज्यौं सुभट अनूप । तैसो रइयति बिनि है भूप ॥१५६॥

बार बार बिचारै राउ । अब तैसो कीजियै उपाउ ॥
जैसे सब रइयति जो रहै । श्रीपाल अब मारगु गहै ॥१५७॥

रइयति की हम ऊपरि छांह । रइयति बसी हमारी बांह ॥
ऐसैं कहै सयाने लोइ । राजा प्रजा बराबरि होइ ॥१५८॥

वीरदमन यह चिंतै घनौ । राखै रहपति राज अपनौ ॥
वीरदमन मंत्री मनि आइ । मंत्री लीने पासि बुलाइ ॥१५७॥

तुम कही श्रीपाल सौं जाइ । जैसी वाके हिए समाइ ॥
रहपति के मनकौ दुख जिसौ । कहियौ भांति भांति करि तिसौ ॥१५८॥

तब मंत्री नृपकौं सिर नाइ । विनयौ श्रीपाल सौं जाइ ।
कछू बात जो मनमैं रही । मंत्री जाइ राजसौं कही ॥१५९॥

सुनत बात जानयौ राइ । मनमैं कछू न कियौ कुभाइ ॥
समो देखि मंत्री उठि गयौ । देस घटी को कारण भयौ ॥१६०॥
तीज पांन कौं बीरा लयौ । आपुन श्रीपाल कौ दयौ ।

वन उद्यानमि साहस धीर । जाइ असुभ मुंजौ बरवीर ॥१६१॥
जौलौं कुष्ट व्याधि तुम अंग । जौलौं अंग सातसै संग ॥
इह असुभ मुंजौ वर वीर बनमैं जाइ मठ देवल तीर ॥१६२॥
जौलौं उदै कुवर तो पाप । तौलौं नहि कीजिए संताप ॥

जौलौं सुभ न प्रसिद्ध आइ । तौलौं घर मति आवै राइ ॥१६३॥
होइ पुंन्य प्रगटै तुम तनौं । आइ राज कीज्यौ आपनौं ॥
जाकौ राज भार तुम देहु । सोई करै धरै जिय नेहु ॥१६४॥

यह सुनि श्रीपाल उचर्यौ । कछु कुभावन जिय मैं धर्‌यौ ॥
कर्म तनौं जान्यौं सुभ भाव । मनमैं विचार कियौ सब राइ ॥
सुनहु तात भाष्यौ व्यौहार । मेरौ ऊहो इहै विचार ॥१६५॥

मेरी बढी दुर्गंधा घनी । होत दुखी नगरी मो तनी ॥
बिनती करि न सकै को आइ । मेरै चित बीती इह आइ ॥१६६॥

मेरौ दुःख वियाप्यौ हियौ । मैं हूं बन ही कौ मनु कीयौ ॥
भली भई तुम निकसन कह्यौ । या कौ सुख बहुत मैं लह्यौ ॥१६७॥

तुम सब लेहु राज कौ भार । परजा कीज्यौ सकल प्रतिपार ॥
न्याव नीति करि कीज्यौं सुखी । सुपिनै कोई होइ न दुखी ॥१६८॥

सोरठा

जो उबरैंगे प्रांन, कुष्ट रोग जौ नाथि है ।
तौहूं इंद्र समान, राज करौंगो आइकैं ॥१६९॥

दोहा जौं लग पूरब पाप कौ, उदै फिरैगौ साथ ॥
तौं लग अपनौं भुंजि ही, राज तुम्हारै हाथ ॥१७०॥

चौपई

सबै राज मैं दीनौ तोहि । मन मैं ताहि राखिज्यौ मोहि ।।
कुंदप्रभा कौ देकर भार । निकस्यौ तब श्रीपाल कुंवार ।।१७१।।

ताकैं चली साल तैं संग । कोढी सबै लागियैं अंग ।।
बुरे भेस दीसैं सबै जना । पीछै कंवर कौ पीछना ।।१७२।।

श्रीपाल का नगर त्याग

राज विभूति जिसी बरनई । सामग्री सब गोहन भई ।।
जब वे गांव बाहिरे भए । लोचन वीरदमन भरि लए ।।१७३।।

रोवै सब नग्री को लोग । विधनां तैं कित कियौ वियोग ।।
घर घर सोग सबै जन धरै । अति बिलखाइर करुना करै ।।

घर घर करैं अमंगलचार । भूल्यौ सबनि सुख अधिकार ।।
घर घर सूंनसान होइ गई । पुर मैं राति द्यौस तैं भई ।।१७४।।

वे चलि दूरि पहुंते जबै । कुंदप्रभा सुधि पाई तबै ।।
तिन मनमैं दुख कर्‌यौ असेस । आजि मूयौ अरिदमन नरेस ।।१७५।।

गेह भरि नैननि मूंकी धाह । अब हूं निश्चै भई अनाह ।।
विधनां इह बूझिए न तोहि । पूत बिछोह दियौ कत मोहि ।।१७६।।

वीरदमन राषि समझाइ । कछू कर्मगति कही न जाइ ।।
सुभ अरु असुभ जु लिख्यौ लिलार । को है ताहि मिटावन हार ।।१७७।।

अब यह होनहार सो भई । सब सामग्री देषत गई ।।
कर्मयोग क्यो मेट्यौ जाइ । तासौं कही बात समझाइ ।।१७८।।

जो लौ असुभ जोग तनु बहै । तौ लौ श्रीपाल बन रहै ।।
बहुर्‌यौ सुष देखैगौ घनौ । आइ राज करि है आपनौ ।।१७९।।

मातर भूलि करौ मति सोग । नाना देषसि रह्यौ वियोग ।।
मांनस कौन बानमैं थानि । सुपिनौ सो हू मनमैं आनि ।।१८०।।

कुंद प्रभावन गाढौ हियौ । धरम ध्यान परिचित-राषियौ ।।
लेइ थाप जिनवर संभर्‌यौ । मुनिवर दांन मान आचर्‌यौ ।।१८१।।

श्रीपाल पहुतौ उद्यान । रहे सबै मठ देवल थान ।।
राज विभूति सबै ता संग । कोलाहल सबनि कौ, संग ।।१८२।।

इति श्रीपालचरित्रे महापुराणे भव्यसंग मंगलकरणं ॥
बुधजन मन रंजन पातिग भंजन सिद्धचक्र विध दुषहरणं ॥१८३॥

त्रिभुवन सुषकारण, भवजल तारण, चोपई बंध परिमल्लकृतं ॥
सातसै भंग ताकै संग, श्रीपाल उद्यान भ्रमै ॥१८४॥

द्वितीय सर्ग

चौपई

श्रीपाल उद्यान मैं रहै । कुष्ट व्याधि व्यापैं दुख सहै ॥
इतनी कथा रही इह ठौर । अतरकथा सुनौ अब और ॥१८५॥

नीकै करि हौ करौ बषान । पंडित भव्य सुनौ दै कान ॥
देस मालवो मो सुषधांम । मध्य लोक मै प्रगट्यौ नाम ॥१८६॥

उज्जयिनी वर्णन

दुषनि जिह ठां बासुर रैनि । सुबस बसै तहा नगर उजैनि ॥
नौ कोसकी बसै चकराइ । बारह कोसो वसै लम्बाई ॥१८७॥

श्रीनिवास महाजन जहा । चौथो काल प्रवर्त्तै तहा ॥
कनय रयण मणि मंडप जरी । अतिरवनीक मनोहर खरी ॥१८८॥

पुहुपाल राजा

राजकरै पुहपाल नरेस । ताकै परिगह बहुत असेस ॥
जोधा बहुत सेवता रहै । रण संग्राम जुवै निरवहै ॥१८९॥

एक छत्र सो राज कराइ । ताकी कीरति कहीय न जाइ ॥
ज्यौ माता सुत उपरि भाउ । त्यौ परिजा प्रतिपालै राउ ॥१९०॥

ताकै कामिनि बहुतक गेह । अति गुनवंत रूपकी रेह ॥
जौ सब नांम नरनि कै कहौ । कहत कथा कछु अंत न लहौ ॥१९१॥

पट्टरानी सुन्दरी

पाट परधांन नांम सुन्दरी । मनौ आइ रम्भा औतरी ॥
अति सरूप देवंगनां कही । कांमदेव ज्यो रतिपति सही ॥१९२॥

संकर के ज्यौं पारवती रती । अति सकल सीता सम सती ॥
ताके धरम सुता द्वै रही । रूपवंत द्वै पंडित सही ॥१९३॥

दो कन्याओं का जन्म —

दोऊ अति गुनरूप सौंदरी । अति लावनि सिरावै भरी ॥
प्रथम कुंवरि सुरसुन्दरि जाहि । बहुत रूप सोभित है ताहि ॥१९४॥

परि सिवधर्म बसै ता चित । कुगुर कुदेव सुध्यावै नित ॥
कछु विवेक ताहि नही होइ । सबै संसारह सुख सोइ ॥१९५॥

मैनासुन्दरी

लघु कन्या मैना सुन्दरी । रूपवंत अरु सब गुन भरी ॥
अंग अंग की सोभा जिसी । कहै कथा को बरनी तिसी ॥१९६॥

अरु अति जैनधर्म परवीन । सीलवंत रत्नत्रय लीन ॥
निर्मल जाको हिरदो जोइ । कपट वचन बोलै नहि सोइ ॥१९७॥

बहुत विवेक चित्त ता रहै । मिथ्या वचन भूलि नही कहै ॥
सब सखियन मैं सोभै खरी । ज्यों सरिता मांहे सुरसरी ॥१९८॥

मधुर वचन बोलै विहसाइ । सब कुटब राखै सुखपाइ ॥
आए धाए जिय अकौं भरे । रहसि बिलाइ लगावै गरै ॥१९९॥

और बहुत को कहै बखांन । तिहकौं उपज्यो बहुत सयानु ॥
आपन मंत्री विचारे राइ । अरु तिन लीनी प्रिया बुलाय ॥२००॥

जुगल रवानी दीठें एहु । देखत नैननि उपजै नेहु ॥
मेरे चित यह कही विचारि । इनै पढावैं गुनि वरनारि ॥२०१॥

सुनी राइ हन भावतो जहां । दोऊ कुंवरि पठायो तहां ॥
तिनै विहसि करि पूछै राउ । तुमौ कहौ भावतौ भाउ ॥२०२॥

जो गुर भावहि तुमहि सुजान । तापै सिखहु सबै गुरान ॥
सुरसुन्दरी कहै सुनि तात । सांची कहौं आपनी बात ॥२०३॥

सुरसुन्दरी का विद्याध्ययन

दिन दिन वृधि दोउ गुन बढी । अब हू सिव सिवपुर पै चढी ॥
राजा भली भली परलई । कुंवरि उठाइ उहां पहु नई ॥२०४॥

सिवगुर तब धा लियौ बुलाय । नाउ करण सु को कहै प्रवाह ।।
बोल्यौ निकट कहै तब राउ । विद्या सुरसुन्दरी पढाउ ।।२०५।।

जितनी होइ कला अरु ग्यान । सब सिषाइ ज्यौं अरथे पुरान ।।
भली भली पाडे उच्चरी । मो परि कृपा गुसाई करी ।।२०६।।

जो मोपे सुख हो है राइ । याहि पढाउ सबनिकु ताहि ।।
सुनी बात तब तुस्यौ राइ । कछुक ताको कियो पसाय ।।२०७।।

तब तिह नृपहि दइ असीस । जुग जुग जीवो कोटि बरीस ।।
महिमंडल मैं प्रगटौ आन । राज तेज बढौ दिनमान ।।२०८।।

सोरठा

जौ लौं ससि अरु भान, जल थिर मेरु महि उपरै ।।
तौ लगु इन्द्र समान, मगल होहि नरेस घर ।।२०९।।

चौपई

विप्र गयौ घरि कुंवरि लिवाई । लाग्यौ ताहिं पढावन जाइ ।।
मैंनासुन्दरि स्यौ नृप कहै । पुत्री कहा तोहि मनु रहै ।।२१०।।

मैंनासुन्दरी की शिक्षा

सुनो तात हो कही सुभाइ । चढिहौं जिन चैत्यालय जाइ ।।
दंपति सुख तब भयौ अनंग । पुत्री लई उछाह उमंग ।।२११।।

रानी राउ और जन भए । पुत्री लै देवालै गए ।।
पूजा अष्ट प्रकारी ठई । जैसी परम सूरति बरनई ।।२१२।।

जल गंधाक्षत पुष्प प्रसून । नैवेद दीपक अरु धूप ।।
नाना विध फल धरे बनाइ । कियौ अरच मन वच अरु काय ।।२१३।।

पुनि तिह लौ वांच्यौ मुनिंद । जय जय तब उचरै नरिंद ।।
बैस्यौ सुकमाल [illegible] । भवसमुद्र तिरन जहाज ।।२१४।।

ध्यावै चेयत्य गुण जु अखंड । तीन गुपति पालन [illegible] ।।
भव्य कुमुद परफुलण चंद । दरसत ताहि बढै आनन्द ।।२१५।।

मिथ्या तिमर विनासन भान । जिन निजुकै छांड्यो भव पांन ।।
सत्रु मित्र जाकै इकसारै । मंने के जिह सब तजे विकारै ।।२१६।।

बाईस परीसा सहत सुभाव । केहरि समान पंच गुण भाव ॥
तीन प्रदछिना दई समीप । नमसकार तब कियौ महीप ॥२१७॥

हरषवंत मनमांहि अपार । वंदे चरन कमल नरपार ॥
दंपति पुत्री मैनासुन्दरी । बैठी जहां गुरु मन करी ॥२१८॥

जंपे राउ हरष प्रति गात । स्वामी सुनौं कहौ इक बात ॥
लहु पुत्री मैनासुन्दरी । अपनै चित एह इच्छा करी ॥२१९॥

पुत्री कहै जोरि दुहुं हाथ । विद्यादान देहु जगनाथ ॥
नरपति कह्यौ सुनौ मुनि नाथ । कृपा करौ ता ऊपरि नाथ ॥२२०॥

अजिया एक सील की खानि । वस्त्रा धर्म जिह लीयौ जानि ॥
मन वच काय सुव्रता चित्त । जानैं एक सब प्रभु चित्त ॥२२१॥

रतनत्रय व्रत पालन आहि । मुनिवर पुत्रि समर्पी ताहि ॥
रानी राव हरष अति भए । नमस्कार करि घर तब गए ॥२२२॥

मैनासुन्दरि के मन चाउ । अजिया को ता ऊपरि भाउ ॥
प्रथम पढायो ओंकार । दुःख हरन त्रिभुवन में सार ॥२२३॥

पढिया बारह मत्त विसेस । जातैं उपजै बुधि असेस ॥
पढि लीनीं नीकैं करि ताहि । लघु दीरघजे अक्षर आहि ॥२२४॥

जांनी लोयह थिति विचित्त । पढिया चरित्त पुरान पवित्त ॥
गन अरु अगन मिलेई जांनि । काव्य अनेक सुकहै बखांनि ॥२२५॥

जोतिष पढ्यौ इसौ परवांनि । आगम अरु अध्यातम जानि ॥
सीख्यौ तिन संगीत पुरान । नाटिक साटिक करै बखानि ॥२२६॥

तर्क छंद पुत्री पढि लियो । बहु हरखत तिन आदर दियो ॥
भाषा सोखु अठारह पढी । विद्या करि दिन ही दिन बढी ॥२२७॥

कला विनान विचक्षन भई । पुनि मुनिवरहु पढावन लई ॥
चारि ध्यान अणुव्रत जु पंच । सोलह कारन भावना संच ॥२२८॥

रत्नत्रय विधि सुलह लिपांक । [illegible] ॥
जो कछु शास्त्र मैं कही । सो विद्या सब सुन्दरि लही ॥२२९॥

दोहा

मुनिवर मैं सब गुरु पढ्यौ, किन्नी कुंवरि [illegible] ॥
मन वच काय विशुद्ध ह्वै, भान्यो पाप निकन्द ॥२३०॥

मन में पुत्री कियो आनन्द । जान्यौ निहचै पाप निकन्द ।।
श्रीजिन पूजा करि मनु लाइ । मुनिवर के बंदे तिन पाइ ।।२३१।।

दोनों का अध्ययन समाप्त कर आना

निज जननी हू बैठी जहां । सुरसुन्दरि पहुंती तहां ।।
प्रथम पुत्री वह पढ़ै पुरान । सामुद्रिक व्याकरण सुजान २३२।।

कोक कला नाटक गुन जिते । पढ़ै कुंवरि सुरसुन्दरि तिते ।।
पढ़ि गुनि, महा बिचछन भई । तब पांडेस्यौं गोहनि लई ।।२३३।।

राजा पासि पहुंतो जाइ । पुत्री देषि राउ बिहसाइ ।।
तबहि विप्र बोल्यौ करि सेव । मेरी बात सुनो हौ देव ।।२३४।।

पुत्री के मन को तम गयो । विद्या दान याहि मैं दयो ।।
और कहा हूं कहूं बषानि । करो परीक्षा आपुन जांनि ।।२३५।।

तबै राउ अति हर्षित भयो । बहुत दान पांडे कौं दयो ।।
दै असीस सिवगुरु घरि गयो । पुत्री सभा देषि सुखभयो ।।२३६।।

जो जो बात पयासै कोइ । सो सो निरभासै कहि सोइ ।।
चपल चित्त जोवन श्रीलही । राजा पासि बात तिन कही ।।२३७।।

अरध सिंघासन जाइ बईठ्ठ । दह दिशि जोवै चंचल दीठ्ठ ।।
राजा कही समस्या तेन । लहियै कहा कुंवरि पुन एन ।।२३८।।

दोहा

पुन्यह लहिए एउ, विद्या जोबन रूप धन ।।
घरि परियन कैं नेह, मनबंछित सुष पाइये ।।२३९।।

चौपई

तब नृप रह्यो मुहां मुंह चाहि । नीकै करि मन परख्यौ ताहि ।।
मांगि पुत्री वर जो मन बसै । देषत ताहि चित्त उल्लसै ।।२४०।।

सुरसुन्दरी का विवाह

सुंनौ तात हौं भाषौ तिसी । मेरे मन मैं बसंत जिसी ।
कौसम्बीपुर को नृप जान । बहुत सैन है तुमै समान ।।२४१।।

ता नन्दन हरिवाहन वरी । जाकी रूप मोही सुन्दरी ॥
नीको वच सो भायौ तात । सांची कही आपनी बात ॥२४२॥

सुनि करि राव विचारै हियै । याही जोग बनै या तियै ॥
बोल्यौ विप्र राइ सौं मनौं । शुभ दिन जोग महूरत बनौं ॥२४३॥

ताकौ विधि सौं कियौ विवाह । सबही जन मन भयौ उछाह ॥
उनहू सुष मन भयो अनन्त । कौसम्बीपुर गए तुरन्त ॥२४४॥

मैनासुन्दरी का वापिस आना

मैंना सुंदरि पहुंती तहां । नंदीसुर की प्रतिमा जहां ॥
पूजा करी सुष मनु कियौ । भरि बेला गंधोदिक लियौ ॥२४५॥
कछु न चित्त विचारी और । गई तहा राजा जिह ठौर ॥
भाव भाव राजा उच्चरयौ । गंधोदिक लै आगै धरयौ ॥२४६॥
हाथ हि हाथ अठोत्तर भरे । आइ जिनेसुर कैं सिर ढरे ॥
इसौ गंधोदिक है अनूप । सुर नर नाग लियौ करि चूप ॥२४७॥
कहे राउ कहि पुनि विचारि । यह कहि आहिसु कहहि कुवारि ॥
मैंना सुंदरि उचरै बात । गंधोदिक जिनवर कौ तात ॥२४८॥
होइ दुर्गंध देह आदमैं । सुंदर दिव्य होइ जा लगैं ॥
नैन निरंधह नर औतार । नैक लगै देखै संसार ॥२४९॥
नैंक लगैं अरि कर्म निकंद । जाकी इच्छ करत हैं इंद ॥
जनम भयौ तीरथंकर जबै । साइर तैं सुर लाए तबै ॥२५०॥
हाथ हि हाथ अठोत्तर भरे । आइ जिनेसुर कैं सिर ढरे ॥
सुर अरु असुर इंदु हरसियौ । बारंबार अंग परसियौ ॥२५१॥
तात सुनहि गंधोदिक सोइ । करै बंदना परमगति होइ ॥
तब भूपति लै बंदना करी । परमलीन पुत्री है खरी ॥२५२॥
राजा हर्षित हूवो जाम । अर्ध सिंघासन बैठि ताम ॥
मां सिर चूंबि पुछि करि नेह । पुत्री कहो परीक्षा एह ॥२५३॥
कीजै पुंन्य चित्त लाइये । तातैं कहा अबधि पाइये ॥
सुनि सुनि तात पयासौं तोहि । जो नीकै करि पूछो मोहि ॥२५४॥

दोहा

जिन सासन निरगंध गुरु, बलहु निम्मोल देहु ॥
पुनि भाव सब सुष करन, पूजह [illegible] एहु ॥२५५॥

चौपई

सुंनि निरंद भए लोचन भीन । कही साधु पुत्री परवीन ॥
फुंनि तिन भाष्यो मन अविवेक । मलिन बचन तिन बोल्यौ एक ॥२५५॥

दोहा

अति सुन्दर गुनवंत अरु, जो को भावैं तोहि ।
आज सु उत्तर समझिकै दीजे पुत्री मोहि ॥२५६॥

चौपई

इन नरनाह मांहि जो कोइ । मन भायौ वरु मागहि सोइ ॥
ताहि समप्पुौ जोगु ज आहि । सूबौ सैंन देऊ बहु ताहि ॥२५७॥
तात बचन जब सुंनियौ कान । तब चित मांहि गए औसांन ।
मनमैं भयौ बहुत अनुराउ । मानौं भयौ बज्र को घाउ ॥२५८॥
ऐसौ बोल सत्रु नही कहै । चहुं दिसी जोवैं चुप करि रहै ।
बार बार सो लेइ उसास । बोलि न सकैं राइ कै त्रास ॥२५९॥
राइ बचन मन धर्यो दिठाइ । तापैं कछु कह्यो नहीं आइ ॥
पुनि उजवन करै धरि भाउ । करी प्रतीष्या धर्म सहाउ ॥
पूज्यौ निमत्त आइकैं जबै । संन्यासह तनु छाड्यो तबै ॥१४९॥

दोहा

दिव्य देउ सुरपद् भयो । भुंज्यौ सुष अधिकार ॥
आउ मुक्ति चै आइयौ, सो तू है श्रीपार ॥१५०॥

चौपई

सुनि श्रीमती अनोव्रत धारि । पहुती सुर्ग देह तजि नारि ॥
तहा तै चै आइ गुन भरी । सोई है मैनासुन्दरी ॥१५१॥

अरु ए देषि सात सै अंग । पूरब मित्र जु रहते संग ॥
मुनिवर सौं तैं कुष्टी कह्यौ । तातैं कुष्टी व्है दुष सह्यौ ॥१५२॥

तैं मुनि जलवोरन उचरयौ । तातैं तू सागर मैं परयौ ॥
दयावन्तह्वै काढयौ सार । ताही ते तैं पायौ पार ॥१५३॥

जो तैं भिष्ट भिष्ट करि चयौ । तातैं भाड डिगोवो भयौ ॥
असिवर सौं मुनि मारन कह्यौ । तातैं त्रास महा तैं सह्यौ ॥१५४॥

पुव्व भवांतर सुनि हो राइ । दु:ष सुष यहै भ्रम छिट जाय ॥
यह सुनि मुनि बंद्यौ श्रीपार । व्रत आचरयौ सुष अधिकार ॥१५५॥

उपदेश के बाद गृहागमन

आदि अंत पूरब भव सरन । दु:ष विनासन सुभगति करन ॥
बारंबार नवायौ सीस । घर आपनैं गयौ नर ईस ॥१५६॥

सिंघ चक्र धारावैं चित्त । जैन धरम प्रतिपालै नित्त ॥
पुत्र कलित्र मित्र सुख ठांम । करै राज चक्री समान ॥१५७॥

इच्छित काम भोगरस लेइ । सेवासु धरि मांन धरेइ ॥
नाटिक नवैं वेद धुनि होइ । सब राय चाहैं नृप सोइ ॥१५८॥

दुरजन वसि कीए बलि बंक । हय गय लख लीजे बहु अंक ॥
इन्द्र तुल्य सुख जाइ न गिन्यौं । महाराज सब ही विधि बन्यौं ॥१५९॥

बहुत काल गयो इह रीति । वसुधा सकल करी बसि जीति ॥
गज गुंजरैं महामयमंत । हय हींसैं देखियै अनन्त ॥१६०॥
सेवैं पाइ बहुत नर पाल । निति प्रति आवैं सरस रसाल ॥
अष्ट सहस सुंदरि भोगवै । जा प्रताप महि मंडल तवै ॥१६१॥

बांचैं बुधजन काव्य पुरांन । गुनियन जन को राखैं मान ॥
गुनियन जन राखैं दरबार । पावैं हय गय विभौ अपार ॥१६२॥

वैराग्य भाव उत्पन्न होना

एकह दिन आसन बिहसंत । कौतुक कौतिकी जोवंत ॥
उलकापात भयो अति भांम । देखत ही चित चिन्त्यौ तांम ॥१६३॥

ज्यो चितत यह गयो बिलाय । त्यौंही सो बिभूति सब जाय ॥
राज भोग धन जोवन गर्व । ऐसे ही सौ जैहैं सर्व ॥१६४॥

पुत्र को राज्य देना

यह मनमैं चितवै नरेस । सो उदास मन भयो असेस ॥
धनपाल सुत लयो बुलाय । कह्यो राजभार तैं सुत थाइ ॥१६५॥
ए त राज पालो वरवीर । हम निज काज सवारैं धीर ॥
यह सुनि बिलख्यो सुवन कुंवार । एहु वचन तैं कह्यो असार ॥१६६॥
बालापन सुख जान्यो न जांनि । हम सुख कछ सुख जान्यो न जांनि ॥
क्यौं निहचिंत न कीयो मोय । राज भार ही नाहीं जोय ॥१६७॥
तुम बिन राज न सोभै होय । बहुकुल को देखे जोय ॥
तासौं राव कही सुनि धीर । कुल कारन प्रगटो वर वीर ॥१६८॥
पूत न वहै पिता को राज । कहा सरयो तिन जाते काज ॥
जे सुत पिता सुख नहि देहि । कल कुलेक को नाम न लेहि ॥१६९॥
अरु जे सुत कलंक नहि हरैं । ते कुल माहीं नाम न धरैं ॥
ता सुत जाये ही कछ सूत । तातैं समझी भयो अपूत ॥१७०॥

जननी भार धरैं दस मास । दुर्जन डरैं न ताकैं त्रास ।।
बाचिग जाकी आस न करै । ते सुत गर्भ मांहि किन मरै ।।१७१।।
तुमतो सब लायक गुन सार । सीघ्र लेहु राज को भार ।।
लज्जित व्है जु नवायौ सीस । अति रूपो देख्यौ नर ईस ।।१७२।।
यह सुनि कुंवर कियौ थिर चित्त । राज भार तब लयौ पवित्त ।।
राइ हरष सुत कौं सुष चाहि । राज पट्ट बांध्यौ सिर ताहि ।।१७३।।
कहैं राऊ सुनि कुवर सुजान । नीकैं करि सिख लै परवान ।।
सील भार जे अंचहि अंच । पररव नीकौं देषत अंध ।।१७४।।
मिथ्या दरसन देषन जांहि । लोचन सफल सदा सरमांहि ।।
विषै राग कबहू नहि सुनैं । मिथ्या कथा न मनमैं गुनैं १७५।।
ग्रर कबहूं न सुनै परपीर । तेइ सफल श्रवनसुनि बीर ।।
नाना विधि के पहुप अपार । जिन की अति सुबास अधिकार १७६।।
तिन ते प्रमुदित होइ सुचित्त । नासा सफल जानियौ नित्त ।।
कबहू हीन बात नहि चवै । कबहुं गुन आताप न लवैं ।।१७७।।
स्वाद प्रमाद न आनै सोइ । रसना सफल जानियैं जोइ ।।
सुरत संग नहि बंछै चित्त । इंद्री सफल महा सुचि नित्त ।।१७८।।
दया भाउ मनमै राषियौ । मधुर बैन सबसौं भाषियौ ।।
न्याय पंथ पर लिए न जानि । तजिए नही धर्म की बानी ।।१७९।।
सुष रहियैं माया के पास । पुन्यवंत सौ रहे उदास ।।
पिसुन बात सुनियैं नहि कान । जीवै जै न दीजियै जांन ।।१८०।।
पर उपगार कीजिए प्रीति । बोलै सांच राज की रीति ।।
कबहूं लोभ न कीजे चित्त । परधन परदारा परमित्त ।।१८१।।
बहुत देस पुर पट्टन जिते । भुजबल जीति कीए बसि तिते ।।
सुत संतोष चित्त मति करौ । बैरी बिभौ नथा मति धरौ ।।१८२।।
बहुत सीष दीन्ही अधिकार । आपन मन पग धारे सार ।।
बन गमन जानियौ नरेस । बायौ पुरजन सकल प्रवेस ।।१८३।।
कोऊ रुदन करैं बिलषाइ । कोऊ बिलसैं अति सुषपाइ ।।
कोऊ कहै बुरी अति भई चंपापुर की सोभा गई ।।
दयावंत सब सुष को धाम । कंपवंत मानैं सुर काम ।।१८४।।
महाबली भुजबलि उदारि । वंस कुलीन दस कवैं विचारि ।।
राजरीति वषवंसी राज । नहि मंडलमैं जाकौ नाम ।।१८५।।

जाकैं राज सबै सुख लहै । कबहूं दुःख दारिद न गहै ॥
जाकैं राज दान जब दए । कबहूं काल हीन नहीं भए ॥१८६॥

जाकैं राज अकाल न पड़ै । जाकैं राज रोग नहीं रहै ॥
जाकैं निवसी कुल घर नार । कामिनि पुरषौ सील को धार ॥१८७॥

जाकैं राज न मूसैं चोर । जाकैं राज न व्यापैं घोर ॥
जाकैं राज सहयौ परिवार । सुखी दीन जनको आधार ॥१८८॥

जाकी कहै कथा सब कोइ । ऐसो दूजो भयौ न होइ ॥
वे गुन सुमिरैं अरु लालियाहि । नरनारी घर घर सिखताहिं ॥१८९॥

मैनासुंदरी द्वारा दीक्षा ग्रहण करना

मैनासुन्दरी जिनवर काज । चलियो धरी जिनेश्वर लाज ॥
आठ सहस भामिन के मांन । तेऊ संग भई परवांन ॥१९०॥

सकल परिग्रह सुख छिटकाइ । चाली श्रीपाल की माइ ॥
पुरवासी और नरनारि । दिष्या कारन चली बिचारि ॥१९१॥

कोटीभट वन पहुच्यौ जबै । महा मुनिस्वर देख्यौ तबै ॥
बंद्यौ ध्यान धरत परमेस । लाग्यौ अस्तुति करन नरेस ॥१९२॥

जय भविजन जलजहु के भांन । जय दुर्गति वारन परवांन ॥
जय जय सिव रमनी भरतार । जय जय रत्नत्रय व्रत धार ॥१९३॥

विषयन वन भूरन मत्त दंत । जय जय गुण रत्नाकर संत ॥
जय जय सर्व दोष दुख हरन । जय भव जलनिधि तारन तरन ॥१९४॥

जय जय मोह मार मद राय । जय जय कल्पतरु सुख दाय ॥
जय जय क्रोध वडानल नीर । जय जय निर्मल मनधीर ॥१९५॥

जय जय लोह माल हत बीर । जय जय मदन कुंजर हरि धीर ॥
जय जय अष्ट कर्म कुल नास । जय जय केवल ज्ञान प्रकास ॥१९६॥

जय जय सुर नर सेवैं पाय । जय जय केवल [illegible] राइ ॥
जय जय सुर नर सेवैं वृंद । जय जय करुणा रस निधि चंद ॥१९७॥

जय जय [illegible] सुमति दाइ । जय जय सुर नर सेवत सुख ॥
जै जै त्रयामतं सुख कंद । जै जै अष्टु [illegible] कुल चंद ॥१९८॥

दोहा

भो गुन सागर [illegible], [illegible] कारिजो [illegible] ॥
या संसार समुद्र मैं, [illegible] ॥१९९॥

चौपई

मो कौं व्रत दीजे सुभसार । जो चहुंगति कुल छेदन हार ।।
यह सु'नि मुनिवर जंपं एह । धनि तू जिन यह कीयो नेह ।।२००

श्रीपाल द्वारा मुनि दीक्षा ग्रहण करना

बहुरयौ तू भव दुष न लहैं । आमन मरन सबै भी दहै ।।
यह सु नि श्रीपाल जीय धरयौ । छिमा खिमंतर सबस्यौ करयौ ।।२०१।।

मित्र भाव सबसौं परगासि । राग रोस दोउ जिय नासि ।।
पु'नि सेहुर मणि भूषित सीस । छिनमैं लयौ उतारि नर ईस ।।२०२।।

ककन कु'डल दीए डारि । मू'के वस्त्राभरण उतारि ।।
पंच महाव्रत पर चित्त दियौ । पंच मुठि सिर लु'चन कियौ ।।२०३।।

बाह्याभ्यतर सुध सभयौ । अति निर्ग'थ भयौ गधु गयौ ।।
जो हौं सब सुष सेवन जांनि । तिन दिष्या लीनी परवांनि ।।२०४।।

कु दपहू रानी सुभ चित्त । अजियाँ कौ व्रत लियौ पवित्त ।।
मैंनासु'दरि सब सुष कर्न । दिष्या लीनी जिनवर सर्न ।।२०५।।

बछाभरण भोग सब गर्बु' । छिनमैं छांडि दियौ तिह सर्बु' ।।
रैनमंजूसा अर गुन माल । तिनहू दिष्या लई गुनाल ।।२०६।।

ि तरेह पीमा परमांन । और ज अंतेबर कछु आन ।।
दीक्षा सबनि लई धर भाउ । माया को सब तज्यौं उपाउ ।।२०७।।

और जु हुते सातसै अंग । दिष्या तिन हूं गही अभंग ।।
जो कछु राज मित्त है और । दिष्या सबनि लई तिह ठौर ।।२०८।।

तब श्रीपाल भ्रमैं बनराइ । महा मुनिसर भयौ शुभाइ ।।
ताके सिर परि ग्रीषम भोन । महा तपैं को कहै अमोन ।।२०९।।

बर्षा सीत परैं असरार । सहै दुष मनमैं अविकार ।।
कृष्णागर बहु कु'कुम वारि । तन परसतो निहारि निहारि ।।२१०।।

सीत तुसार छाया ता देह । तपमैं तौ जाम्यौ अति नेह ।।
चालै महाहरा की छांह । इन्द्री बन बाल्यौ छिन माह ।।२११।।

दिढ चरित्र धर्यौ जिय जोइ ।अठावीस गु'न धारै सोई ।।
निज पद आरावैं गु'न राउ । भ्रमैं अकेलो चित्त शुभाउ ।।२१२।।

देइ जोग बन भीतर जाइ । बहुत सहैं उपसर्गं सुभाइ ।।
धरैं ध्यांन अति धीरो चित्त । ठाढौ मांनौं मेर पवित्त ।।२१३।।

मास एक बिन लेइ अहार। सहै परीसा बाईस सार ।।
पावस रितु तरु तरि सो रहै। ग्रीषम रितु गिर परि दुख सहै ।।२१४।।

सीत मास सरवर के तीर। ठाढे देह दुख सहै सरीर ।।
बहुत भई अति खीनी देह। छांडे सबै सुख अरु नेह ।।२१५।।

हिम पटल तन छायो ताहि। सब सुख लहिए ताप न चाहि ।।
एक ध्यान ठाढो सो रहै। कोऊ ताको भेद न लहै ।।२१६।।

कोऊ कहै चित्र निरमयो। काहू तसु पाहन को थयो ।।
कोऊ कहै काठ की देह। मन वच क्रम ऐसैं थिर नेह ।।२१७।।

बनचर जीव न भी मन धरैं। ताकौ देह परसैं सुख करैं ।।
पंखी बैठे मस्तक उडि जांहि। ताकी संक न कछु करांहि ।।२१८।।

हंस तूल्य की सेज्या धीर। जो सोवंतो साहस धीर ।।
गिर कंदरा सैन सो करैं। कछुन दु:ख अपने मन धरैं ।।२१९।।

जो चलतो बहु दल बल साथि। हय ऊपरि कै चढतो गजहि ।।
बिनहि सुखासन चलतो राउ। अब वांह चलतो नहिं पाउ ।।२२०।।

ताके सिर पै ग्रीषम काल। महा तपै जो करै अबोल ।।
बर्षा सीत परै असराल। सहै दु:ख अगनै अविकार ।।२२१।।

छत्राकार बहु ह्र कम गारि। तन चर्षती निहारि निहारि ।।
सो तुसार छायौ ता देह। तबते प्रभ भाखौ अति नेह ।।२२२।।

बहु बहुक विध रमतौ जोइ। सहै परीसा बाईस सोइ ।।
मन वच काय विचारै चित्त। जागैं एक अगत अरु मित्त ।।२२३।।

दोहा

श्रीपाल मुनि को कैवल्य प्राप्ति

तप करंत मन दृढ़ कर, किसो करम को नास।
ताको उपज्यो विमल पद, केवल ग्यान प्रकास ।।२२४।।

चौपाई

गंधकुटी की रचना

आसन कंपे देवनि तबै। आए सब सुर जै जै भनै ।।
धनपति निमायौ सुखकार। गंधकुटी रचियो [illegible] ।।२२५।।

कंचन मनि रतननि सौं करी । अति रवनीक सिंहासी भरी
उभय चमर दीपै सिर छत्र । सो संपद् वंछियो मह सु ॥२२६॥

तीन प्रदक्षिण दे सुर राइ । भयो करन प्रस्तुति धरि चाउ ॥
जै जै ग्रष्ट कर्म निरदलन । जय जय प्रभु त्रिभुवन के सरन ॥२२७॥

जय जय श्री मंडल परवेस । जय जय मुनियन व्रत उपदेस ॥
सिद्ध चक्र फल पावन देउ । जै सुर नर असुरनि कृत सेउ ॥२२८॥

जनम जरामृत नासन हार । जै मिथ्यामत मंडन हार ॥
जै जै सीतल पावन नीर । जै जै प्रभु नासन भव भीर ॥२२९॥

जै जै काम कंज हीम पूर । जै जै अघतम नासन सूर ॥
जै जै पंच महाव्रत धारन । जै जै मोहबली बल हारन ॥२३०॥

जै जै कोह सिंघ हत वीर । जै जै धम्म धुराधर धीर ॥
जै जै जोगय कंद निकंद । जै जै जगभंजन दुह दंद ॥२३१॥

जै जै प्रारज तम सुभ संत । जै जै मुकित वधू वरकंत ॥
जै जै वरन धराधर सेस । जै जै भासुर मन हर नेस ॥२३२॥

जै जै ग्यांन कोस मुनिराइ । जै जै त्रिभुवन जीव सहाइ ॥
जै जै सम्यक दरसन सूर । जै जै लोह महीरुह चूर ॥ २३३॥
इह विधि स्तुति करि अनिवार । इन्द्र आदि सुर नरअपार ॥
पन विधि सुरलोका गए सबै । निज थानह मुनि बैठ्यो तबै ॥२३४॥
लोयालोय पयासै सोय । निरमल बांनी ताकी होय ॥

भव्य जीव प्रति बोलै जैन । मिथ्यातिमर विनास्यो सेन ॥२३५॥
सिद्ध चक्र व्रत प्रगट्यो करयो । राग रोस तिन सब पर हरयो ॥
धर्माधर्म प्रकासक संत । भाष्यो जिन व्योहार महंत ॥२३६॥

निर्वाण प्राप्ति

सुर नर पसु पंषी मन जिते । जिनवर मंगल गावै तिते ॥
कर्म घातिया चूरै सबै । वीरच काल भयो कछु जबै ॥२३७॥
पुनि श्रीपाल निमल पद भयो । अमर मुक्ति तिय सौं भयो ॥
अष्ठ महा गुन पाई सिद्धि । परमातम भयो सहि रिधि ॥२३८॥
जनम जरा तिन चूर्यो मर्न । सो भयो स्वामी त्रिभुवन सर्न ॥
समकित ग्याण दर्स वीर्य सुमंहत । अवगहण अगुरलघु अव्याबाध ॥२३९॥
सिद्ध विराजै जीति निर्वान । सुख अनंत निवसै तिहू थान ॥
सुर नर मन गंध्रव धरि भाउ । आराधै मलमैं करि चाउ ॥२४०॥

दोहा

सिद्ध चक्र व्रत प्रगट करि, पंच महाव्रत गहि ॥
श्रीपाल मुक्तिहु गयो, भव सुख सकल बिहांहि ॥१४१॥

इति श्रीपाल चरित्र महापुराणे भव्यसंघ मंगल करणं ।
बुधजन मन रंजन, पातिग भंजन सिद्धचक्र विधि सुखहरनं ।
त्रिभुवन सुख कारण भवजल तारण चौपई बंध परिमल्लकृतं ।
बहु राजवि किनय जग जय विजय बहु विभूति को बरनि कहे ।
पुर पट्टन सर्वं परहरिगर्व्वं पंचमहाव्रत सार गहं ।
सुभ ध्यान उपायो त्रिभुवन गायो कोटीभट्ट सो मुक्ति गयं । ११६४॥

चौपई

मैनासुन्दरी की तपस्या

पुनि मैनासुंदरि व्रत लीन । करै महातप तन अति षीन ॥
सही परीसा कही न जाइ । नाना विधि को कहै बनाइ ॥ १॥

कंचन बरन देह पीतरी । कूंकम मंडित ही पल धरी ॥
कामातुर रहती पिय संग । सो बन बसै सहै दुष अंग ॥ ॥

अति सुवास कूंकम रस गारि । भूषन बहुत पहरती नारि ॥
सरद महल रहती सुखवास । कुसुम सेज सोवती उल्हास ॥ ३॥

दीपक जोति बहुति ही जाहि । सुष रहती रैन दिन माहि ॥
मंद पवन बहती दिन रात्रि । कुसुमनि की बीजती सुहाति ॥ ४॥

षाय प्रान कोमरे सुजान । करती सेवसिही दिन मान ॥
भीम बहुत पहरती सरीर । बहती तहां सीतल की नीर ॥ ५॥

अंजन मंजन भूषन साज । तन पहरती प्रीति प्रिय काज ॥
अंबुज दल रहती कर सबैं । रहती पालकनि परि पग दबैं ॥ ६॥

जाती अति सुगंध पग सार । तक सकति करती कतिसार ॥
सो ठाढी गिर परि सुकमाल । सिर पर तपै भान तिहकाल ॥ ७॥

पासिक पर रहती मन भाउ । सुचि परि सुमि न धरती पाउ ॥
कोमल कमल नैन अधिकार । पग नेवर पहरैं झुंमकार ॥ ८॥

जहि ऊपरि सुपती सुकमाल । ताके पग पैती बनी बराल ॥
ध्यान अचल तिसती तिह ठाइ । कालमाह बहुती बहु बाइ ॥ ९॥

इह विधि जिन चैत्यालै जाइ । मुनि बंदती सयल सुखपाइ ॥
अब सो बन मारग पग धरैं । ग्रीषम रिति सिकता पर अरैं ॥१०॥

सरदै सोमवदन विकास । मल निवारती देखिय पास ॥
ग्रीषम महल महा परभात । हो ती मलिन सीत कै घात ॥११॥

हिम पटलनि करि छायौ सोइ । पंडुर बरन कहै सब कोइ ॥
इह विधि कष्ट सहै वर नारि । नाना विधि को कहै विचारि॥१२॥

संन्यासहि तिन तज्यो सरीर । निज बरजाइ छेदियौ बीर ॥
अच्युत स्वर्ग देव भयौ तेह । अपछरि कोटि भई ता गेह ॥१३॥

बाईस सागर आउ प्रधान । विलसै सुष को कहै बषान ॥
बहुर्यो चै जैहै शिव थान । ह्वै है सो परमेस प्रवान ॥१४॥

कुंद प्रभा रानी सुभ चित्त । वैही विधि तप चर्यौ पवित्त ॥
तप छांड्यौ केवल पद जोइ । तैं ही सुरग भयौ सुर सोइ ॥१५॥

रैनमजूसा तप अति कर्यौ । पहुती सुरग महा सुभ धरयौ ॥
करयौ महातप और ज नारि । सुभ गति सब को भई विचारि ॥१६॥

इह सिरि सिद्धचक्र फल सार । सोभव दु:ष विनासन हार ॥
सब ही जीवनि कौं हैं सर्न । जनम जरा नासन सुभ कर्न ॥१७॥

भो मगधेस सुनौं धरि भाउ । जहां श्री सिद्धचक्र व्रत थाउ ॥
ऐसी विधि श्रेणिक नर पार । गनहर पैं सुनियौ सुभसार ॥१८॥

मनमै कर्यौ व्रत धरि साउ । नाना विधि मन उपज्यौ चाउ ॥
मन बच काय बंदौ जिन नाहु । पहुंतो नगरी बढ्यौ उछाहु ॥१९॥

हय गय रथ अरु दासी दास । अतुल अधिक बहु भोग विलास ॥
करै राज सौ इन्द्र समान । कीरति जाहि मंडल परवान ॥२०॥

दोहा

भुंज्यौ सुष संसार को, श्रीपाल इन्द्र समान ॥
सिद्ध चक्र व्रत पालि करि, आमर्यौ मुकति निदान ॥२१॥

चौपई

सिद्ध चक्र व्रत का महात्म्य

अरु नर नारी उत्तम कोइ । सिद्ध चक्र आराधै जोइ ॥
मन की भरम देइ छिट काइ । पूजै अंगहि थिर मन लाय ॥२२॥

जल गंधाक्षत पुहुप अनूप । नेवेद्य दीपक अरु सुभ धूप ।।
फल नाना विधि भरथ चढाइ । अष्ट प्रकारी पूज कराइ ।।२३।।

ताकै रोग सोग नहि रहै । कामिनि रूप हारिद्रनि रहै ।।
पुत्र कलित्र वियोग न होइ । भूत पिसाच दुखवैं कोइ ।।२४।।

डाइन साइन जोगन जाति । ये असांत गावैं दिन राति ।।
इनको मैं न ताहि संचरैं । जो को सिद्धचक्र व्रत धरैं ।।२५।।

नैन निरंध नैन हूं लहै । रसना हीन बेद धुनि कहै ।।
श्रवन हीन सब सुनैं सरूप । कुष्टी तन सौं होइ अनूप ।।२६।।

कनक बरन तन ताको होइ । मन बच क्रम व्रत पालै सोइ ।।
सुष अपार भुंजै ससार । पावैं हय गय भवन अपार ।।२७।।

पावैं रतन हीर मनि चंद । पावै हेम पेम सुष कंद ।।
अंतेवर अपछरा उनिहारि । पावैं हंस जु मनह भकारि ।।२८।।

होहि दास घर दासि घनै । सेवैं पति महि मंडल बनै ।।
दत गहै तिन मानै हारि । माइस नैंक न सकई डारि ।।२९।।

भुंजै सुष जो मनमैं धरैं । इन्द्र समान राज सो करैं ।।
अति महिमा को कहै बढाइ । निहचैं सो नर मुकतिह जाइ ।।३०।।

श्रीपाल जैसो फल लहौ । कवि परिमल्ल प्रगट करि कहौ ।।
भविजन सुनौं सुफल तिय जानि । यहु व्रत आदरवौ परवांनि ।।३१।।

एक चित्त राखौ मन ध्यान । सुष विधि उपजै सौख्यान ।।
या संसार सयल सुख लहै । बहुरयौ मुकति पाइ सुष वहै ।।३२।।

काव्य

उग्रं गोमती गंगतुल्यसमलं शस्तं वरं पूजितं
जं थीरं हस्तिमवरं मदकलं साजातं दृढोन्नतं ।
तन्मध्ये श्रीमानसिंह अधिपते भूलोकवर कंकाते ।
तन्राज्ये सुरनाथ तुल्यभाषितं तद् जैन संकर्यते ।।३३।।

सुजस रजत कुसलो नामेन चंदिनवं ।
तत्पुत्रो गुणं रामदास विपुल मुक्त त दीयवं सदा ।।
तद् सुतु कुलदीपकस्तु प्रकट नाना सकरत्नो सुधी ।
तत्पुत्र परिमल्ल धर्मसहन सम्यं एवं श्रीपदे ।।३४।।

प्रशस्ति **चौपई**

गोपगिरि गिरि बहु उत्तिम थांन । सूरवीर तहां राजा मांन ।
ता आगैं चादन चौधरी । कीरती सब जग में विस्तरी ।।३५।।

जाति बरहिया गुंन गम्भीर । अति प्रताप कुल रावै धीर ।।
ता सुत रामदास परवीन । नंदन आसकरन सुभदीन ।।

ता सुत कुल मंडन परिमल्ल । बसै आगरे मैं अरि सल्ल ।।
ता सम बुद्धि हीन नहिं आंन । तिन सुनियौ श्रीपाल पुरांन ।।३७।।

ताकी छांह कछु मति भई । तब श्रीपाल कथा बरनई ।
कीनी चौपई जथ बखांन । नवरस मिश्रित गुनह निधांन ।।३६।।

होइ असुद्ध जहां पद हानि । फेरि संवारो कवियन जांनि ।।
बार बार जंपोकर जोरि । बुध जन मोहि देहु मति थोरि ।।२२२२।।

[1]नंदो गुरु जे गुण के मूर, जिन ते होयमान आपूर ।
नंदो जिनबानी सोहनी, जाते सुरगति होय अति घनी ।।

नंदो कविकुल गुनह निवासु। जिहि पुरानु प्रगट्यो सुखवासु ।।
नंदो पण्डित करै बखान नंदो श्रोता लोग सुजान ।।

नंदो जैन सभा चिरकाल, नंदो जीवदया प्रतिपाल ।
देव कथा को अधी भई. जिनवर धरम आराधी सबै ।।

जो भव दुख विनासन हारू, जो त्रिभुवन के जीव सिंगारू ।
जो त्रिभुवन बर मंगल करन, आदि अंत जीव को सरन ।।

जो शिव रमणी को वर भयो, जो जिनदेव सभा को भयो ।
ताकी कथा निरन्तार भई, कवि परिमल्ल कथा वरण ।।

थिर मनु कथा सुने जो कोई, मन वांछित फल पावै सोइ ।
अरु जो पढै पढावै सोय, ताकै कोतै असुभ न होय ।।

अरु जो नर नारी व्रतु करै, सो चहुँ गति को भ्रमणु हरै ।
भव्यनको उपदेस बताय. निहचै सो नर मुक्ति हि जाय ।।

इति श्रीपाल कथा परिमल्ल कृत भाषा चौपाईबंध संपूर्णम्

---

1 यह पाठ मूल प्रति में नहीं है ।

छप्पय

नगर आगरे मधि रहे आलमगंज मांही ।
संवति पैंसठि साल जेठ सुदि दसमी मांही ।
लिख्यो चरित्र [illegible] भाँति एक मैं ।
निजु पर हेत कैं काज मिटै क्रोधादिक जी कै ।
यह ग्रंथ बांचै सुनै, सील छिमा धीरज गहै ।।
सुभ गति पावै वेग्यही, कर्मकाटि [illegible] कहै ।।

।। श्री ।।

मिति पौस सुदि १० दीतवार सं. १८८६ ।।

समाप्त



कवि धनपाल

धनपाल कवि अब तक हमारे लिये अज्ञात एवं अचर्चित हैं। कवयित्री बाई अजीतमति के समान प्रस्तुत पुष्प मे ये दूसरे कवि है जिनका यहां परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है। धनपाल कवि की रचनाओ का संग्रह टोंक जिले के प्रमुख वैष्णव तीर्थस्थल डिग्गी नगर के दिगम्बर जैन मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत एक गुटके मे उपललब्ध हुआ है। लेखक ने जून१६८३ मे जब नगर के शास्त्र भण्डार के सूचीकरण का कार्य किया तब इस महत्वपूर्ण कवि की रचनाओ का पता लगा सका।

धनपाल प्राचीन कवि देल्ह के सुपुत्र थे। ये वे ही देल्ह कवि हैं जिनकी अब तक बुद्धि प्रकाश एव विशाल कीर्ति गीत नामक कृतिया उपलब्ध हुई है। दोनो ही लघु रचनायें हे। इनके एक पुत्र ठक्कुरसी बडे अच्छे कवि थे जिनकी अब तक १५ कृतियां प्राप्त हो चुकी है। कविवर ठक्कुरसी का विस्तृत परिचय एवं उनकी कृतियो के मूलपाठ हम श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी के दूसरे पुष्प मे दे चुके हैं। [1]ठक्कुरसी के परिचय के आधार पर धनपाल कवि सभवत. देल्ह कवि के दूसरे पुत्र थे। इसलिए ये भी ढूंढाड के प्रसिद्ध नगर चम्पावती के रहने वाले थे। कवि जाति से खण्डेलवाल दि० जैन एव गोत्र से पहाड़िया थे। धनपाल कवि ने अपनी अधिकाश कृतियों मे अपने बडे भाई ठक्कुरसी के समान अपने आप को "देल्ह नंदन लिखा है।

समय—कविवर ठक्कुरसी का समय हमने संवत् १५२० से १५६० तक का माना है धनपाल ठक्कुरसी के छोटे भाई थे इसलिये इनका समय संवत् १५२५ से १५६० तक का माना जा सकता है। स्वयं कवि ने अपनी कृतियों में रचना काल काल का उल्लेख नहीं किया इसलिये उक्त समय ही ठीक जान पड़ता है।

कृतियां—धनपाल कवि की ठक्कुरसी के समान अधिक रचनायें तो उपलब्ध नही हो सकी हे लेकिन एक ही गुटके में उपलब्ध कवि की रचनायें निम्न प्रकार हैं—

1. देखिये—कविवर बूचराज एवं उनके समकालीन कवि
   लेखक एवं सम्पादक—डा० कस्तूरचंद कासलीवाल, पृष्ठ सं. २३८–२९५

१. मुनिसुव्रत जिनवन्दना

२ नेमिजिन वन्दना

३. वर्द्धमान गीत

४ आदि जिन गीत

इस प्रकार गुटके मे कवि की चार लघु कृतियों का संग्रह मिलता है। राजस्थान के अन्य शास्त्र भण्डारों में हो सकता है धनपाल कवि की और भी रचनाओं की उपलब्धि हो जावे। उक्त चारों कृतियों का परिचय निम्न प्रकार है:—

१ मुनिसुव्रत जिन वन्दना :—

कवि की यह एक ऐतिहासिक वन्दना है जिसमे राजस्थान के बूंदी जिले में स्थित केशोराय पाटन के प्रसिद्ध जैन मं में विरा. भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वंदना का वर्णन है। वर्तमान मे केशोराय पाटन नाम से प्रसिद्ध नगर पहिले पाटन नाम से और इसके पूर्व आश्रम पत्तन नाम से प्रसिद्ध था। स्वयं कवि धनपाल ने पाटन को अतिशय क्षेत्र लिखा है जहां भक्तगण वंदना के लिए आते रहते है और अपनी मनोकामना पूर्ण करते रहते हैं। ऐसे पाटन नगर में मुनिसुव्रतनाथ का अतिशय क्षेत्र है जिसकी वन्दना के लिए मुनि आर्यिका, श्रावक श्राविका सभी आते रहते हैं। इसके पश्चात् कवि ने भगवान मुनिसुव्रतनाथ के पिता सुमति राजा, माता पद्मावती एवं उनके लाञ्छन कछुवे का उल्लेख किया है। इसी तरह उनके शेष जीवन का भी छन्दों मे उल्लेख किया है। पूरी वन्दना चार छन्दों मे पूर्ण होती है और अन्त मे कवि ने अपने पिता एवं स्वय के नामोल्लेख के साथ भगवान मुनिसुव्रतनाथ की कृपा की याचना की है :—

> पद कमल सेवित देवह नन्दन धनपाल विनती करहे ।
> मनसुव्रत जे सेवत पावे तब मनवछित पूरो ॥१॥

अर्थात् कवि के समय मे भी भगवान मुनिसुव्रतनाथ के दर्शनार्थ सपरिवार आने की परम्परा थी कवि ने उक्त वन्दना को राग मलार/मल्हार में लिखा है।

२. नेमि जिन वन्दना—

कवि की यह दूसरी ऐतिहासिक कृति है जिसमे भगवान नेमिनाथ की वन्दना की गयी है। इस गीत में जयपुर राज्य की प्राचीन राजधानी आमेर के दि० जैन मन्दिर सांवला बाबा के (नेमिनाथ स्वामी) स्तवन के पश्चात् नेमिनाथ स्वामी के माता पिता, जन्म स्थान, तोरण द्वार से लौटने की घटना, वैराग्य व स्थान

गिरनार पर्वत पर तप, कैवल्य एवं निर्वाण कल्याणक का वर्णन किया गया है। १५वीं शताब्दि में आमेर के सांवला बाबा के मन्दिर में स्थित [illegible] की मूल नायक प्रतिमा अत्यधिक प्रसिद्ध एवं अतिशय युक्त मानी जाती थी। कवि ने जिसका निम्न प्रकार वर्णन किया है :—

> जाहि नाम लीया दुरित नासौ, गुणह गणत न पार।
> अंबावती प्रतिब्यंब, शोभिता स्याम वर्ण गहीर।
> बन्दहु सुभ वियहु नेमि जिणवरु, दीह अट्ठ शरीर ॥१॥

इस वन्दना मे पांच छन्द हैं। कवि ने इस गीत मे अपने आपको वेल्ह तनय लिखा है।

३. वर्धमान गीत :—

यह कवि का तीसरा ऐतिहासिक गीत है। इस गीत में कवि ने जयपुर से १२ किलो मीटर दक्षिण में स्थित प्राचीन नगर सांगानेर के संघी जी के मन्दिर मे विराजमान महावीर स्वामी की स्तवन के रूप मे भगवान महावीर का माता पिता, गर्भ, तप कैवल्य एव निर्वाण स्थान पावापुरी का उल्लेख किया है तथा गौतम आदि ग्यारह गणधरों का एवं अन्य घटनाओ का वर्णन किया है। गीत में पांच छन्द हैं। सांगानेर मे संघी जी के मन्दिर का निर्माण १२वीं शताब्दि में हुआ था। मन्दिर अपनी कला एवं शिखरो के लिए पूरे राजस्थान में प्रसिद्ध है।

४. आदि जिन गीत :—

यह कवि का चौथा गीत है जिसमें प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का का स्तवन कियागया है कवि ने टोडारायसिंह के दि.जैन मन्दिर आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा को अपने युग में अत्यधिक महत्वपूर्ण लिखा है। गीत के शेष भाग में इसी तरह कावर्णन है जैसे उक्त तीन तीर्थंकरों के गीतों में वर्णन किया गया है।

इस प्रकार चारों ही गीतो मे कवि ने स्थान विशेष के मन्दिरों में विराजमान प्रतिमाओं का नामोल्लेख करके उनमें इतिहास का पुट दिया है। कवि का मुख्य निवास चम्पावती था लेकिन वहां के किसी मन्दिर की प्रतिमा का उल्लेख नहीं करके पाटन (केशोराय) आमेर, सांगानेर व टोडारायसिंह के मन्दिरों के महात्म्य का वर्णन किया है।

भाषा—गीतों की भाषा अपभ्रंश प्रभावित राजस्थानी है। कवि का मुख्य कार्य क्षेत्र ढूंढाड़ प्रदेश था इसलिये गीतो की भाषामें ढूंढारी भाषा का भी प्रयोग हुआ है।

गीतों के मूल पाठ

मुनिसुव्रत जिन वन्दना

रागु मलार

सकल जिणेसर पणउ सरसै धरि ध्यानो जी ।
ए जह पाढणु नगर भलं तहं अतिशय भावो जी ।
इक भानु अतिसय वेगु जाणिवि भविक जन वंदे घणा ।
ए तुरिय संघ आनंद उपजै होइ महोछा जिण तणा ।
परत्यासु पूरै विघन चूरै प्रगट जिणवर आणि जे ।
पाटण भामकि सुथिर बैठे सुव्रता जिन वंदिजे ।।१।।

ए जो सुमति नरेसर नंदण पदमावती मातो जी ।
तसु लछनि काछिव सोहैं स्याम सरीरो जी ।
इक स्याम वर्णहि अति मनोहर देखतां मनु मोहिए ।
इंद्रादिकह जामण महोछा मेर सिहरां सोहए ।
गायंति किन्नर अमर अछरि आणि भाव सम्मपए ।
वीसमै जिणवर वांदि सखी हे मनह वंछितु अप्पए ।।२।।

ए जहि जाणे हो जोवनु वंतु भवे वैरागो जी ।
ए जहि जीते हो मदन भयंकर उपसम रागो जी ।
उपसम रागा मदन जितें पंच आश्रव टालए ।
दसण णाण चरित्तमय जीय णाण केवल पालए ।
दश अठ गणहर मलि भाविहि समोशरण छज्जए ।
मनसुव्रतां जिन चरण वंदे दुरित पयलां गज्जए ।।३।।

ए जो बहु गुण मंडित जिणवर मुकति दातारो ।
चउतीसाति अयारां सोभिता गुणंह अपारजी ।
अपार गुणह न पार आमं विविध जीव हितंकरो ।
मनवच काय नरनारि सेवे जनमि जनमि सुखंकरो ।
पद कमल सेवित देवह मानव भवपास छिपा करो ।
मनसुव्रतां जे जात पावे सदा संपतु त्याह वरो ।

२. नेमीश्वर वंदना

राग सोरठी

पणमो आदि जिणंदो जहि पणमा होइ अनंदो ।
गुण प्रगट करें निसिचंदो, हैं गाउं नेमिजिणंदो ।
गुण गाइसें श्री नेमि जिणवर, सयल सुख दातार।
जहि नाम लीया दुरित नासें, गुणह गणत न पार ।
अबावती प्रतिव्यंब शोभिता स्याम वर्ण गहीर ।
वंदहु सुभ वीयहु नेमि जिणु, दोइ अठु धनुष शरीरु ।।१।।

सूरीपुरह उपन्नो, राइ समद विजै सुत धन्नो ।
वर लक्षण गुण संपुन्नो, सिवदेवी कुषि रतन्नो ।
सिवदेवी माता उरि उपन्नो, सयल सुरपति आइया ।
ले मेर सिहरां करि महोछा, इंद्र आगें नच्चिया ।
तिहु ग्यान करि संजुत्त, दीसें सुन्दरा आकार ।
वंदहु सुभ वीयहु नेमि जिणवरु, जादम वंस सिणगारु ।।२।।

हलि सम्बविसें सोभियो, तु मे उग्रसेणि घी मंगो ।
राजमती सरीस सुचंगो सा परणें नेमि जिणंदो ।
नेमि जिणवरु व्याहण चढिया, तोरणि तांम पराइया ।
हकारि सारथि नेमि पूंछा, जीव कांइ पुकारिया ।
ए भगति होइसी तुम्ह तणी राय उग्रसेणी अणाइया ।
रथु मोडि पाछें चलें जिणवरु, जाइ चढे गिरनारिया ।।३।।

सो जाइ चढे गिरनारे जहि तजीये राजमती नारे ।
सव् अथिर जाणि ससारो, मुणि धरें महाव्रत भारो ।
व्रत भारु ले छद्मस्तु रहिये लोयती यह पसंसीयें ।
वरदत्त घरि पारणें कियें, प्रथम गणहरु आइयें ।
वाणीय सरस विसा कोमल, भवि जनह नमंसीये ।
वन्दी हु शुभकियो नेमि जिणवर, सब्वजीव अभो दियो ।।४।।

छायाल गुणह संजुतो, बाइसमु जिणवर पत्तो ।
दश अठ दोश थे चत्तो, पुणु अठ गुणह संयुत्तो ।
तिहु लोक वंदित चरण जिणवर, संख लंछण सोभियो ।
गिरणारि गिरि निर्व्वाण थाणक अठमी पुहवी गयो ।
नरनारि जे गुण कहहि स्वामी, सफल जन्मह त्या तना ।
कवि वेल्हु तन धनपाल प्रणमि ते भेटियो मैय नेमि जिणा ।।५।।

२. वर्धमान गीत

रागु मल्हार

सकल जिणेसर ध्याउं, सरसै आधारे जी ।
गुण गाउ श्री वीर जिणेसर बुद्धि अणुसारें जी ।
गुण गाइसै श्री वीर जिणवरु, बुधि कै अनुसारि ।
तसु नाम लीया होइ नव निधि भेटिया भवपारु ।
सांमानथरि अतिबिंब सोभिता, हैम वर्ण शरीर ।
वंदहु शुभ भवीयहु वीर जिणवरु, सत्त हव सरीर ।।१।।

ए जो कुंडल पुरिहिं अवतरे भयंउ अनंदो जी ।
राणी तिशला दे उवरि ऊपनी सिधारथ नंदो जी ।
तिशलादे माता उरि उपर्ना राय सिद्धारथ नंदणो ।
तसु इन्द्र आगैं आइ नच्चै देव दुंदभी वाजणो ।
जिम मेघ गर्जित मोर नाचित चात्रिग करति अनंदु ।
तिम पेखि भवियहु वीर जिणवरु, मेइसमउ जिणंदु ।।२।।

ए जो तीस बरस लगु जिणवरु, गुज्यौ ग्रिह वासो जी ।
पुणु ज्जुण तिण समु जाणिरु, लीनै वन वासो जी ।
वनवासु ले व्रत भारु धरियै, लोयतीयह जु हारीयै ।
दश अठु दोसह रहितु स्वामी, जीव गणु सा धारीयै ।
दोइदस वरिस छद्मस्त रहियै, इन्द्र आसणु कंपियै ।
सौ वर्धमान जिणंद वंदहु, सब भव खय कारियै ।।३।।

ए जो केवल ग्यानु ऊपाय्या, मुनिजन आया जी ।
तह गोत्तम आदिहिं ग्यारा गणहर आया जी ।
गोतम श्रोतम अरु निरोतम सयल गणहर आइया ।
वाणीय कै परगासु हुवो, अमरगण जय कारीया ।
सो अतिसै जिणु नमो भवीयहु चैतीसैती रायरू ।।४।।

ए जो तीस बरस फिरि जिणवरु संबोध्या भाजो जी ।
पुणु अंत कालु आयै जाणिरु पूरा सुम ध्यानो ।
शुभ ध्यान पूरा कर्म्म चूरा पंचमी गति पाइया ।
पावापुरिहिं निर्वाण थानकु भव्यजन नसांसिया ।
कवि वेल्ह नदणु मनि अनंदणु वल्हपाल गाइया ।
मह सयल वंछितु होऊ स्वामी वीर जिणु जै कारिया ।।५।।

।। इति श्री वर्धमान गीत समाप्ता ।।

४. आदि जिन गीत

राग गौडी

सो जिणुसमरहु भावधरि जहि सु चाहो भवपार हो ।
मरु दे माता उरि धरै नाभि घरा अवतार हो ।
सो नाभि नदनु भविक वंदै. तोड़ा नयरि मझारि ।
पंचसै धनुष प्रमाण काया व्रिष लाछण धारि ।
सर्व्वार्थसिद्धि थे आइया ईसाक वंशह जाणि ।
अजोध्या नगरी भयो जिणु रिषभ गुण की खानि ।।१।।
जनम चैत्र वदि नवमी को कचनवरण शरीर हो ।

इन्द्र महोछै आइया, मेर न्हायो वीर हो ।
इकु मेर सिहरां हयो जिणवरु इंद्र नाचै बहु परे ।
सचीसइहथां हलेविणु, आणियो माता घरे ।
कुमरै पणे वखि लक्ष पूरब, तेसठि रजु करेइ ।
निवेउ पायो वेलि अपछरे लोयंतीय हसरेइ ।।२।।

आखातिजाहा पारणो घरि श्रेयांस नरेसहो ।
वरस सहस छदमस्तु भौ केवल फागुण ग्यासिहो ।
फागुण ग्यारसी हुवा केवलु समोसरण बिराजये ।
त्रिषभ सेणह आदि गणहर वाणि दुंदभी गाजियो ।
तपु लक्ष पूरब जेणिपाल्यो छहै हरिहि नमसियो ।
सो आदि जिणवरु वंदहु भवियहु धम्म मारग दसियो ।।३।।

इडक पाटक पूरणा पूरया ध्यान वियारिहो ।
गिरि कयलासह सिव हुआ अठ गुणाह विचारिहो ।
कैलास गिरि निर्वाण थानकु अठ गुण सजुतीया ।
जोति मैं जोति समाय पैठा पठहि सुणहि ति धनु जिया ।
कवि देल्ह नदण सुगति मांगै धनपालह गाइया ।
श्री आदि जिणवरु नमौ भवियहु तुरिय संघ मनि भाइया ।।४।।

भट्टारक महेन्द्रकीर्त्ति

महेन्द्रकीर्त्ति नाम वाले एक से अधिक भट्टारक हो गये हैं लेकिन भट्टारक पट्टावलियों के अनुसार अब तक निम्न प्रकार परिचय मिलता है :—

(१) भट्टारक महेन्द्रकीर्त्ति	(१) अजमेर गादी के भ० देवेन्द्रकीर्त्ति के शिष्य (सं० १७९९)
(२) ,,	(२) आमेर गादी के भ० देवेन्द्रकीर्त्ति के शिष्य (सं० १७९०)
(३) ,,	(३) ,, भ. देवेन्द्रकीर्त्ति (द्वितीय) के शिष्य (सं० ११३१)
(४) आचार्य महेन्द्र कीर्त्ति	(४) सूरत गादी के भट्टारक मल्लिभूषण के शिष्य (सं० १५७०)

उक्त चार महेन्द्रकीर्त्ति नाम वाले विद्वानो मे से कौन से महेन्द्रकीर्त्ति प्रस्तुत पदो के रचयिता है। जिस गुटके मे इन पदो का संग्रह मिला है उसमे भी कोई लेखन काल नहीं दिया। लेकिन गुटका १७ वी अथवा १८ शताब्दि मे लिपि बद्ध हुआ लगता है इसलिए प्रस्तुत महेन्द्रकीर्त्ति भ. देवेन्द्रकीर्त्ति (द्वितीय) के शिष्य तो नही हो सकते क्योंकि वे तो अभी १००वर्ष पूर्व ही हुए थे। सूरत गादी के भट्टारक मल्लि भूषण के शिष्य आचार्य महेन्द्र कीर्त्ति भी इन पदों के रचयिता नही हो सकते क्योंकि पदों की भाषा एवं शैली१६वीं शताब्दि जैसी नहीं है। अब शेष दो भट्टारक रहे एक अजमेर गादी के, दूसरे आमेर गादी के। किस्की नगर जिसमें प्रस्तुत गुटका संग्रहीत है वह आमेर गादी के भट्टारक का नगर न होकर अजमेर गादी के भट्टारक के अन्तर्गत आता था इसलिए प्रस्तुत पदो के रचियता भट्टारक महेन्द्र भट्टारक विद्यानन्द के शिष्य थे जिनका पट्टाभिषेक संवत् १७९९ मे हुआ था।

संवत् १७५१ में भट्टारक रत्नकीर्त्ति ने अजमेर में पुनः स्वतन्त्र भट्टारक गादी की स्थापना की थी और अपना पुनः पट्टाभिषेक महोत्सव आयोजित किया था। भट्टारक रत्नकीर्त्ति के पश्चात् विद्यानन्द (संवत् १७६६) में और भट्टारक

महेन्द्रकीर्त्ति स० १७६६ में भट्टारक गादी पर अभिषिक्त हुए थे ऐसा उल्लेख भट्टारक पटावलियों मे मिलता है। महेन्द्रकीर्त्ति के चार वर्ष पश्चात् ही संवत् १७७३ मे भट्टारक अनन्तकीर्त्ति का पट्टाभिषेक होने का उल्लेख मिलता है जिसमे महेन्द्रकीर्त्ति का समय संवत् १७६६—१७७३ तक (सन् १७१२ से १७१६) तक का निश्चित होता है और इसके आधार पर उनके सभी पद १८वीं शताब्दि के प्रथम चरण मे निर्मित लगते है।

महेन्द्रकीर्ति भट्टारक थे। पदो के मूल्याकन से पता चलता है कि वे आध्यत्मिकता की ओर अधिक रूचि रखते थे। अभी तक इनके जितने पद उपलब्ध हुए हैं लेकिन वे सभी पद भाव भाषा की दृष्टि से उत्तम पद हैं।

(१) भ्रमस्यू भूलि रह्यो ससार—प्रस्तुत पद मे कवि ने प्रत्येक अन्तरे मे उदाहरणो द्वारा यह प्राणी मोह मगन होकर आत्मा को किस प्रकार भूल बैठा है इसका अच्छा वर्णन किया है। यह प्राणी व्यर्थ ही मोह के वश होकर अपने आपको परतन्त्र कर लेता है और उलटे कार्य करने मे ही सुख मान बैठता है। यह मानव बन्दर, तोता, स्वान, सिह, हाथी, हिरण आदि के समान विपरीत कार्य करने पर भी अपने आपको सुखी मानने लगता है और मृग तृष्णा के समान दिन रात फिरता रहता है।

(२) मेरो मन विषयाही स्युं राच्यो—पद में कवि ने मानव की वास्तविक स्थिति प्रस्तुत की है कि वह जीवन भर मृत्यु के अन्तिम क्षण तक स्त्री, कुटुम्ब, धन सपत्ति आदि में ही मगन रहता है और अपने आत्म कल्याण की ओर तनिक भी ध्यान नही देता।

(३) साधो अद्‌भुत निधि घर मांही एव साधो अद्‌भुत निधि घरि पाई—इन दो पदों में मानव को अपनी निधि को पहिचानने का आग्रह किया है। यह मानव अपनी आत्मा को भूलकर उसे अन्यत्र ढूंढने का प्रयास करता हैं। जब कि आत्मा का शरीर मे तिलो मे तेल, काष्ठ मे अग्नि के समान वास रहता हैं।

(४) देखो कर्म्म की गति न्यारी—इस पद मे कवि ने रावण, मन्दोदरी, राम सीता, यशोधर राजा अमित देवी राणी, माता चन्द्रमती आदि के जीवन में घटित घटनाओं की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करते हुए कर्मों की विचित्र लीला का अच्छा चित्र उतारा है और अन्त मे भगवान जिनेन्द्र की आराधना में ही कर्मों के बाश से छुटकारा मिल सकता है इसका वर्णन किया है।

(५) सेवत विषय तृपति नहि मानैं—प्रस्तुत पद में कवि ने संक्षिप्त रूप में मानव स्वभाव पर प्रकाश डाला है कि वह संसार में विषयों के सेवन करते रहने पर अपने आपको अतृप्त मानता है और दिन रात उन्हीं के पीछे दौड़ता रहता है।

(६) सब दु.ख मूल है मिथ्यात—इस पद मे कवि ने मिथ्यात्व को ही मानव के जग मे भ्रमित होते रहने का प्रधान कारण माना है तथा पच्चीस दोषों को छोडने एवं पंच परमेष्ठी का ध्यान ही मिथ्यात्व को दूर करने एवं सम्यकत्व प्राप्ति का उपाय बतलाया हैं।

(७) करूणा करो भगवंत जिनेश्वर पय नमु —यह पद भक्ति परक है जिसमें प्रभु भक्ति से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है इसका वर्णन कियागया है। जिनेन्द्रदेव की महिमा वेद भी बखान करने में असमर्थ रहे हैं इसलिए उन्होंने "नेति नेति" शब्द के द्वारा उनके महात्म्य को प्रगट किया है। वेदों के नेति नेति शब्दों का वैष्णव कवियों ने भी वर्णन किया है।

(८) "चेतन काहे भरम भुलाना" एवं चेतन चेतत क्यूं नहि मनमैं—इन पदों में कवि ने बहुत ही रोमांचक शब्दो में मानव को सावधान रहने का आग्रह किया है। वह प्राणी आत्म स्वभाव को छोड़ कर पर स्वभाव में लग जाता और रतन को छोड कर कांच के टुकड़े मे ही लुभाता रहता है।

इस प्रकार उक्त पदों के मूल्यांकन से पता चलता है कि भट्टारक महेन्द्र कीर्ति आध्यात्मिक संत थे जो अपने प्रवचनो एव साहित्य रचना केद्वारा सदैव समाज को नैतिकता एवं आत्म स्वरूप को पहिचानने का पाठ पढ़ाया करते थे। उनके सभी पदो मे आत्मचिंतन एवं आत्मज्ञान की जो धारा दिखायी देती है वह अत्यधिक स्वाभाविक है। ऐसा मालूम पड़ता है जैसें महेन्द्रकीर्ति को रात दिन आत्मज्ञान प्राप्त करने की चिंता सताती रहती थी और उसी चिंता को उन्होंने अपने हिन्दी पदों में व्यक्त किया हो। कवि के पदों मे महाकवि बनारसीदास के पदों की छाप दिखायी देती है तथा कबीर एवं दूसरे निर्गुण पंथी कवियों की झलक दृष्टिगोचर होती है लेकिन इतना अवश्य है कि कवि ने इन पदों में अपने सैद्धान्तिक ज्ञान का भी अच्छा उपयोग किया है।

भाषा—महेन्द्रकीर्ति के पदो की भाषा राजस्थानी के समीप है। १८वीं शताब्दी में जिस प्रकार भाषा मे निखार आने लगा था वही रूप में हमें इन पदों की भाषा में दिखाई देता है लेकिन फिर भी राजस्थानी के शब्दो की बहुलता है स्यु, राख्यो, भाख्यो जैसी क्रिया पद शब्द राजस्थानी भाषाके साथ अपनी अधिक निकटता प्रदर्शित करते हैं।

भट्टारक महेंद्रकीर्त्ति रचित पद

१

राग आसावरी

भमस्यू भूलि रह्यो संसार ।

मोह मगन आतम गुण भूल्यो, भज्यो न जिनव्रत सार ।।भ्र०।।१।।

सीत व्यथा पीडित ज्युं मरकट, तापै गुंजा हार ।

ऊंधै मुख नलनी को सुवटा, कुंणै पटक्यो डार ।।भ्र०।।२।।

ज्युं नर मूढ राचि विसयामिष, मगन भयो तिहुं काल ।

सुष को लेस कहू नहि सुपनै, नरक निगोद्यामार ।।भ्र०।।३।।

जैसे स्वांन भुसैं मंदिर मैं, केहरि कूप गुंजार ।।

फटक सिला मैं देषि आप गज, कीन्हो दशन प्रहार ।।भ्र०।।४।।

ज्युं मृग वन मैं देषि भाडली, मानि सरोवर बार ।।

चहुं दिसि फिरयौ न पायो जलकरण, फूल्यो कांस गवांर ।।भ्र०।।५।।

पायकुटंब भयो ग्रह घोरी, सब सिर धारयौ भार ।।

एकलडो दुष सहै निरतर, जामण मरण अपार ।।भ्र०।।६।।

२

राग आसा

मेरो मन विषयाहीं स्युं राच्यो ।

सुष को साज नही सुपनामैं, परत्रिय देखि देखि नाठयो ।।

बनकी त्रिषा प्रीति वनितास्युं, देषि परिग्रह माच्यो ।।मे०।।१।।

जब लग पत न करै भवि प्राणी, अशुभ कर्म नहिं पाच्यो ।।

महेन्द्रकीर्त्ति तब कहा करौगे, नरक निगोदनि पांच्यो ।।मे०।।२।।

३

राग सारंग तथा पीर

देखो मोह तणी अधिकाइ, सो मोपैं कहियन जाइ ॥
जिह दुख दीयो अनादि ही कालहि, फिरि फिरि तिह लपटाई ॥दे०॥

इहै दुष्ट दुर्मति दुखदाता, नरक निगोदि निसाई ॥
छेदन भेदन ताडन तापन, सूला सेज सुटाई ॥दे०॥२॥

चहुगति भ्रम्यो महा दुख पायो. पराधीन भयो भाई ॥
पर की संगति आपो छीजैं, निज गुण सबै घटाई ॥दे०॥३॥

तातैं सम्यक दर्शन सेवो, भव्य जीव सुखदाई ॥
महेन्द्रकीर्त्ति तव होइ निरंजन आवागमन मिटाई ॥दे०॥४॥

४

राग आसावरी

साधो अद्भुत निधि घर मांही ।
इत उत फिरैं करैं नहि सोधी, अपनी जानत नांही ॥सा०॥१॥

जैसे मृग कस्तूरी कारण वनमैं हिंडत डोलैं ।
मोह मिथ्यात विकल भयो प्राणी, परम धर्म नहि तोलै ॥सा०॥२॥

घर पुरसारथ भोजन सीझा, परभी वसि कुं भटकत अंधा ॥
त्युं प्यौ जीव भ्रमत दुख कारणि, लागि रह्यो दुह धंधा ॥सा०॥३॥

सत्तर कोडाकोडी सागर, मोह महाथिति जाणी ॥
करण तीनि करि समकित राख्यौ,तब प्रगटम निधि जाणी ॥सा०॥४॥

सप्त प्रकृति उपशम करि राखी, तब तैं क्षायिक राई ॥
वेदक तैं निज पर गुण वेदै, यही मोक्ष की साई ॥सा०॥५॥

दर्शन मोह कीयो सत चूरण, वेसठि प्रकृति विनासी ॥
महेन्द्रकीर्त्ति प्रभु भयौ जिनेश्वर लोकालोक विकासी ॥सा०॥६॥

५

राग आसावरी

साधो अद्भुत निधि धरि पाई ।
तीं बिनु भम्यो अनंत चतुर्गति, श्री जिनराज बताई ।।सा०।।१।।

ज्यु अपना पुरुषां की थूणी, घणा काल की राधी ।।
बीजक सहीत पत्र ज्यों निकस्यौ, सांप्रत भयौ सुसाधी ।।सा०।।२।।

ज्यु परमातम देह भूमि मैं, त्यु कचन पाषाणे ।।
अगनि काष्ठ तिल तेल ही वासो, यू आतम निधि जाणे ।।सा०।।३।।

अष्ट कर्म्म रज भू आछादी भेद विना नहीं पावै ।।
सम्यग्दर्शन ज्ञान चरण बल, सद्गुरु यतन लषावै ।।सा०।।४।।

सौ गुरु चौतिस अतिसय जाके अनन्त चतुष्टय सोहै ।
अष्ट प्रातिहार्य प्रभु सोभित, भव्य जनन मन मोहै। सा०।।५।।

निकट भव्य सो महा उपसमी, भद्ररूप परिणामी ।।
महेद्रकीर्त्ति आतम निधि परसै,मुकति नयर पदगामी ।।सा०।।६।।

६

राग आसावरी

देखो कर्मन की गति न्यारी ।
नही टरत कही नहि टारी ।।

रावन सरीखे सुभट महानर. कहै मंदोदरी राणी ।
सीता सती देहु रघुपती को, राज करो अती जाणी ।।दे०।।१।।

अतेवर जाकै सहस अठारा रूप कला गुण सोहै ।
विद्याधर पुत्री अति सुंदर, अहनिश पिय मन मोहै ।।दे०।।२।।

राव यशोधर विष दे मारयो अम्रित देवी राणी ।
चंद्रमती माता की सगति, मिथ्या बुद्धि बषाणी ।.दे०।।३।।

और असख्य भए महाराजा, तेहु कर्म वसि हारे ।
सम्यक् भाव विना जीव जेते, बहुगति मांही मारे ।।दे०।।४।।

इसौ जानि जिन धर्म्म आराधो, हितू न दूजो कोई ।
महेंद्रकीर्त्ति जिन चरण शरण तैं जन्म मरण नही होई ।।दे०।।५।।

७

राग कानरो

परमेसुर निस्तारो ।
करुणा करि मोहि तारो हो प्रभु ॥परमे०॥
परमदयाल परमपद गामी, अघमोचन अघटारो ॥
वीतराग अरहंत जिनेश्वर, मुकति रमनि वर प्यारो ॥हो प्रभु०॥१॥
अधम उधारण सिव सुखकारण, भव्य जीव आधारो ।
महेंद्रकीर्त्ति कर जोरि वीनवे, आवागमन निवारो ॥हो प्रभु०॥२॥

८

राग कानरो

क्युं करि भक्ति करौं प्रभु तेरी,
अष्ट कर्म मन बैरी ॥हो प्रभु०॥१॥
मोह मिथ्यात महा रिपु घेरयो, छांडत नार न नेरी हो ॥
चहुंगति मांहि भ्रम्यो चिरकाल,तुम सरणागत हेरी हो ॥हो प्रभु०॥२॥
जिन अनंतगुण स्मरण,आत्म शक्ति सु सेरी हो ॥हो प्रभु०॥३॥
महेंद्रकीर्ति अरहंत ध्यान तैं,मुकतिवधू अति नियरि हो॥हो प्रभु०॥४॥

९

राग कानरो

भव सागर भमतो दुख पायो, मोह मिथ्यात महाविस खायो ॥
यो संसार समुद्र अपरमित, अब जब तरयो पार नहीं पायौं ॥
काम क्रोध मद लोभ महाजल, जन्ममरण नक चक भरायो ॥भ०॥१॥
चहुंगति बडवानल अति तातैं, नरक पयाल मांहि संतायो ॥
जैन धरम यह परम पर्योहण, भव्य जीवनि मन भायो ॥भ०॥२॥
साम्य विसेस पाइ थिर रायो, समकित हित अति पवन सुहायो ॥
महेंद्रकीर्त्ति सिव रतन दीपकुं, श्री जिनराज सुपंथ बतायो ॥भ०॥३॥

१०

राग कानरो

सेवत विषय तृपति नहि मानै,
मदन महारिपु कै मदपानै ।।
जैसे स्वान अस्थि चर्व्वण तैं चाटि रुधिर मनमै सुष जानै ।।

भ्रम वसि भूलि गयो आतमनिधि,मूढ और की ओर ही ठाणै ।।से०।।१
निज स्वभाव तजि परसग राच्यो, मोह् विकल ममता चित आणै ।।
महेंद्रकीर्त्ति प्रभु सेइ जिनेश्वर, पूजै तीनि भुवन के राणै ।।से०।।२।।

११

राग केदारो

सब दुष मूल है मिथ्यात ।
जाके उदै जीव नही चेतै करै आतमघात ।।स०।।१।।

मोह् दर्शन नाम जाकै घरै अति उतपात ।।
छाडि दोष पचीस तम घन होइ समकति प्रात ।।स०।।२।।

पंच गुरु पद नाम ध्यायो, द्रिढ ह्वै रइहै तात रमात ।।
महेन्द्रकीर्त्ति सेइ श्री जिनवर, होवौ निर्मल गात ।।स०।।३।।

१२

राग केदारो

महिमा अपार जाके गुणको न आरापार
जग को अधार इसो देव जिणदेव ध्याइये ।।

इन्द्रादिक देव जाकी, मन वचकाय करै सेव,
तीस च्यारि अतिसय बिराजमान गाइये ।।

अनत चतुष्टय प्रगट प्रतिभासै सदा,
आठ प्रातिहार्य महाविभूति पाइये ।।

अहो भव्य वृन्द तजि मोह् मान माया फंद,
बीतराग पद वंद नित्य चित्त लाइये ।।

१३

राग धनाश्री

करुणा करो भगवंत जिनेश्वर पय नवु ॥
जिनगुण सिंधु अपार, पार कहि कैसे पावु ॥
इन्द्री बुधि मनहीन कहो प्रभु क्यूं करि गावु ॥
मेरु चढण कु पांगुलो उदधि तरण भुज हीन ॥
पंछी उडै आकास मैं ताहि गिणे द्रिग छीन ॥जिने०॥१॥

गूंगो मुखि कुवरं, आलसी नभ को पासै ।
मूढ हलाहल भखै, अगनि ज्वाला मुख ग्रासै ॥
ज्युं सूर्य जल कुंड मैं, पकडयौ चाहै बाल
इसो सुभट नर कौन है जो गहि राखै काल ॥जिने०॥२॥

वीत राग सर्वज्ञ सिद्ध परमातम स्वामी ।
निर्विकार निर्दोष सुद्ध पद मोक्ष के गामी ।
निज भाषा स्तुति ये करै समवसरण तिरजंच ।
ज्यु जलनिधि जल तैं भरचो चिडी लेय भरचूंच ॥जिने०॥३॥

दोष अठारह रहित देव अरहंत जिनेश्वर ।
अतिसय वर चौतीस दिव्य सोभै परमेश्वर ।
अष्ट प्रातिहार्य भले अनंत चतुष्टय पाय ।
त्रेसठि प्रकृति विनासिके भए त्रिभुवनपति राय ॥जिने०॥४॥

जिनवर रूप अनंत कह्यौ क्यु मनही समावै ।
नेति नेति कहै वेद नाहि कछु अंत न आवै ।
अपनी ममता मारिको रहै अंतरि लौ लाइ ।
मैलै मिटै कुबुद्धी की तब दरसन दे आइ ॥जिने०॥५॥

जाको सम्यक् ज्ञान ध्यान रज कर्म विनासै ।
सकल तत्त्व को रूप परम होए परकासै ॥
चिदानंद छिद्र पहै चिद्विलास चिदधाम ॥
महेंद्रकीर्ति मनि मित असो सिव पावै विसराम ॥जिने०॥६॥

१४
राग सारंग

चेतन काहे भरम भुलाना ॥टेक॥
सहज स्वभाव राचि निज अपनो छिन मैं सिव पुरि जाना ॥चे०॥२॥
छाडि अमौलिक रतन अनोपम, काच की किरच लुभाना ॥चे०॥३॥
दुष्ट अनिष्ट मिथ्यात महा विष, रचि रचिभेष धराना ॥चे०॥४॥
स्वपर विवेक महा सुष कारण, सेवो समकित राना ॥
सहज यतन परगट होइ ऐसे, ज्युं कचन पाषाना ॥चे०॥४॥
जन्म जरा कहू मरण न व्यापैं, सुद्ध रूप ठहराना ॥
महेंन्द्रकीर्त्ति तव अंतर कैसो जल कण सिंधु समाना ॥चे०॥५॥

१५
राग सारंग

चेतन चेतत क्युं नहि मनमै ।
मोह प्रमाद महापद पीयो छक्यो धरणि घर बन मे ॥
यो जड रूप कर्म को दाता, राचि रह्यो तू तनमे चे०॥
षट्रस भोजन बहुविधि पोषो, तो हू नही गुणगनमैं ॥
प्रबल मिथ्यात घटा है आछी, सूर्य लषै ना घन मैं ॥चे०॥२॥
बिनु समकित ज्यु तत्व न भासैं, कहा भयो जोजनमैं ॥
महेंद्रकीर्त्ति कस्तूरी कारणि, ज्युं ढूंढत मृग बन मै ॥चे०॥३॥



देवेन्द्र कवि

१७वीं शताब्दि में जितनी संख्या मे हिन्दी के जैन कवि हुए उतने इसके पूर्व कभी नही हुए। देवेन्द्र कवि ऐसे ही कवि थे जो १७वीं शताब्दि के प्रारम्भ मे हुए और जिन्होंने हिन्दी काव्यों के लेखन मे अपना नाम प्रशस्त किया। वे इस भाग में जिस प्रकार बाई अजीतमति, चनपाल, एवं भट्टारक महेंद्रकीर्ति अब तक अचर्चित रहे हैं उसी प्रकार देवेन्द्र कवि भी नामोल्लेख के अतिरिक्त शेष दृष्टि से अचर्चित कवि ही रहे हैं जिनका विस्तृत परिचय यहा प्रथम बार दिया जा रहा है।

देवेन्द्र कवि का प्रथम बार नामोल्लेख मैंने राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डार की ग्रन्थ सूची पंचम भाग मे किया था। और उनकी अब तक उपलब्ध एकमात्र कृति यशोधर रास का उल्लेख किया था। इसके पश्चात् किसी भी विद्वान ने उनका कहीं परिचय दिया हो वह मेरे देखने में नहीं आया। अभी अब मैं नवम्बर ८३ में परमपूज्य आचार्य धर्मसागर जी महाराज के दर्शनार्थ एवं वहां के शास्त्र भण्डार की खोज मे प्रतापगढ (राजस्थान) गया तो जूना मन्दिर के शास्त्र भण्डार यशोधररास की एक प्राचीनतम पाण्डुलिपि मिल गयी जो अपने रचना काल के ६ वर्ष पश्चात् ही लिपिबद्ध की गयी थी। इस प्रकार देवेन्द्र कवि ऐसे चोथे अचर्चित कवि हैं जिनका यहां परिचय दिया जा रहा है।

देवेन्द्र कवि के पिता बुधेश विजय थे जो स्वयं भी कवि थे तथा अपने नाम के पूर्व कवि उपाधि लगाते थे। वे जैन ब्राम्हण थे इसलिए बुधेश शब्द का प्रयोग करते थे। देवेन्द्र के पूर्वज अनन्त पंड्या थे जो भट्टारक सकलकीर्ति के अनुज एवं शिष्य ब्रह्म जिनदास द्वारा सम्बोधित हुये थे। अनन्त पंड्या का राजाओं की तरह सम्मान था। उसने सम्यकत्व की आराधना की थी तथा जीवदया व्रत का पालन किया था। कुतुबुखान की सभा में उसने जैन धर्म की प्रभावना तथा सर्प को घड़े में बन्द किया था। यही नहीं अनेक जिन मन्दिरों का निर्माण

तथा जीर्णोद्धार कराया था [1] तथा प्रतिष्ठा विधान कराये थे।

अनन्त पंड्या के कउजी पुत्र हुए जो अत्यधिक उदार स्वभाव के थे। इसकी एक पुत्री पद्मावती थी जिसके पति का नाम धरणीधर था। ब्राह्मणो के चोबीस कुलों मे वह विशिष्ठ माना जाता था। धरणीधर के दो पुत्र थे जिनमें जेष्ठ पुत्र विक्रम तथा कनिष्ठ पुत्र गगाधर थे। गगाधर जैन न्याय के विशेष ज्ञाता थे तथा सम्यकत्व से सुशोभित थे। उसे सौभाग्य से जगत से विरक्ति हो गयी जो बादमे भट्टारक विसालकीर्त्ति के पट्ट में देवेन्द्रकीर्त्ति के नाम से विख्यात हुए। उन्होने कर्नाटक प्रदेश मे जैनधर्म की बहुत प्रभावना की थी और जैन राजाओ द्वारा पूजित हुए थे।

विक्रम [3]त्रिविध आगमो के ज्ञाता थे इसलिए वे विक्रमभट्ट के नाम से विख्यात थे। महीपाल कीर्त्ति उनके विद्यागुरु थे। विक्रम की पत्नि का नाम अजबाई था जो शीलवती एवं गुणवती थी। देवेन्द्र उसी का पुत्र था। भगवान जिनेन्द्रदेव का वह परम उपासक एव जैन शास्त्रो का परम ज्ञाता था।

देवेन्द्र कवि थे। उन्होंने कितने ग्रन्थो की रचना की थी यह तो अभी ज्ञात नही हो सका है लेकिन उनकी एक मात्र रचना "यशोधर रास" का रचना काल

---

१ धन धन जिनदास ब्रह्मचारणी, सा० प्रतिबोध्या ब्राह्मण राज तो।
अनन्त पडया नाम भलूं, ।सा०। जाणे जेह ने राज समान तो ॥५६॥

तीणें आदरयो समकीत रत्न ।सा०। यश जीवदया प्रतिपालतो।
अट सर्प दीव्य करयूं ।सा०। कुलूशांत सभा विसालतो ॥६०॥

२ जैन धर्म तिहा थापीयो ।सा०। व्यापीयो जस अपार तो।
बिंब प्रासाद उद्धार करया ।सा०। तस सुत कउजी उदारतो ॥६१॥
तस पुत्री पद्मावती ।सा०। धरणीधर तस कंत तो।
चौबीसा ब्राह्मण कुलि ।सा०। सोहि महीमावंत तो ॥६२॥

तस पुत्र दोये पवित्र ।सा०। विक्रम गंगाधर नाम तो।
जैनवादी विद्या तिला ।सा०। समकित रतन सुहामनो ॥६३।

गंगाधरे तप उद्धरयो ।सा०। भाग्य सौभाग्य समुद्र तो।
विसालकीर्त्ति पाटि हूंवा ।सा०। देवेन्द्रकीर्त्ति सुरेन्द्रतो ॥६४॥

अकंलक सूरी सीघासने ।सा०। कर्णाटक देस प्रसीध तो।
जिनधर्म तीहां उद्धरयो ।सा०। जैन राजादिक पूजा कीधतो ॥६५॥

३ विक्रम भट्ट विख्यात तो ।सा०। सील समकित गुण खाण तो।
तस वि पुत्र बीशारद ।सा०। देवेन्द्र वासुदेव जाण तो ॥६६॥

संवत् १६३८ आसोज सुदी २ शुक्रवार है। "रास की रचना महूआ नगर (गुजरात) हुई थी और वह भ० वादिचन्द्र आदेश से लिखी गयी थी[4]।

देवेन्द्र कवि भगवान मुनिसुव्रत नाथ के परम उपासक थे इसलिए ग्रंथ का प्रारम्भ उन्हीं के मंगलाचरण एवं समापन भी उन्हीं के स्मरण से किया है। यशोधर रास ६ अधिकारों में विभक्त है तथा वह प्रबन्ध काव्य के रूप में है। कवि ने रास का प्रारम्भ मंगलाचरण से किया है इसके पश्चात् सरस्वती वन्दना की गयी है और "गासू' यशोधर रास" के रूप में रास रचने का संकल्प व्यक्त किया है। स्याद्वाद प्रकाशिनी जगन्माता शारदा के स्तवन के पश्चात् चौबीस तीर्थंकरों का २४ पद्यो में स्तवन किया है और फिर तीर्थंकरों के गणधरों की संख्या का उल्लेख करते हुए भगवान महावीर के निर्वाण के पश्चात् होने वाले तीन केवलियों[6] एवं पांच श्रुतकेवलियों[7] केनामों का स्मरण किया है[8]।

श्रुत केवलियो के पश्चात् विशाखाचार्य आदि दश पूर्वधारी एवं नक्षत्रादि ११ अग के पाठियों का भी स्मरण किया है। इसके पश्चात् आचार्यों को स्थान दिया है जिसमे कुन्दकुन्दाचार्य, उमास्वामि समन्तभद्र, पूज्यपाद, जिनसेन, अकलक, एवं गुणभद्र जैसे आचार्यों का उल्लेख एव गुणानुवाद किया है।

एकादशांग सुजाण नक्षत्रादि सोहामणाए।
अनुक्रमि श्री कुंदकुंद पंच नामि कोडामणीए ॥२०॥

जिन चरण कमल सेवि ।सा०। करि जिन शास्त्र अभ्यास तो।

४ संवत् १६ आठ त्रिसि ।सा०। आसो सुद तीज बीजि शुक्रवार तो।
रास रच्यो नवरस भरयो ।सा०। महूआ नगर मझार तो ॥

५ अवनी अनोपम रूप, वादीचंद तस पाट सोहिए।
वादी सयल सणगार। भवी अण जन तणां मन मोहिए ॥२१॥

दोहा

एह गच्छपती आदेस थी, रास रचेवा आज।
उद्यम मांड्यो मन रली, सजन आनन्दह काज ॥१॥४॥

६ अनुक्रमि गौतम स्वामि, सुधर्माचारज केवलीए।
अंतिम केवली जाण, जंबूस्वामि कीरती वलिए ॥१६॥

७ श्रुत केवली वली पंच, पंच संसार दुःख हरए।
विष्णुनंदि मिम होय, अपराजित जिजित स्मरए ॥१७॥

गोवरधन गुणवंत, आणी भवी अरा उद्धरेए।
भद्रबाहु बहु भेद, चन्द्रगुपती संसय हरेए ॥१८॥

उमास्वामी मुनि संत समन्तभद्र भवि भ्रांतिसोए।
प्रतिबोध्या सिवकोटि कीध स्वयभू गुणनिलोए ॥२१॥

पूज्यपाद प्रसीध जिनसेन सासने चंदलोए।
अनोपम अकलक वीर धरि कीध जीतवा भलोए ॥२२॥

गुणभद्रादि अनेक पूर्वाचारज बहु हुवाए।
हो ध्याऊं धरी भाव काम वांछित सिद्ध थवाए ॥२३॥

कवि ने आचार्यों के पश्चात् भट्टारको की परम्परा का उल्लेख किया है जिनमे भ० पद्मनन्दि. विद्यानन्दि मल्लिभूषण, लक्ष्मी चन्द्र, वीरचन्द्र, ज्ञानभूषण, प्रभाचन्द्र, वादिचन्द्र के नाम गिनाये हैं। ये सभी भट्टारक बलात्कार गण की सूरत शाखा के भट्टारक थे। इस प्रकार यशोधर रास ऐतिहासिक तथ्यो का भाग बन गया है।

भगवान महावीर का समवसरण जब विपुलाचल पर्वत पर आया तो श्रेणिक महाराज पूरे प्रजाजनों के साथ उनकी वन्दना को गए। उनका हृदय से स्तवन किया और गौतम गणधर से यशोधर के जीवन वृत जानने की अपनी इच्छा प्रकट की इस प्रकार कवि ने प्रथम अधिकार काव्य की भूमिका के रूप मे प्रस्तुत किया है जिससे पता चलता हैकि कवि में काव्य निर्माण की विलक्षण प्रतिभा थी।

दूसरे अधिकार से नवम अधिकार तक यशोधर की जीवन कथा दी हुई है जो अत्यधिक काव्य-मय भाषा एव शैली में लिखी गयी है। कवि के पूर्व मे जितने भी यशोधर के जीवन पर काव्य, रास एवं चरित्र लिखे गये थे उनसे कवि परिचित था या नही इस सम्बन्ध मे तो हम कोई प्रकाश नही डाल सकते क्योंकि स्वय कवि ने अपने पूर्ववर्ती किसी भी कवि का नामोल्लेख नहीं किया जिन्होने अपभ्रंश संस्कृत एव हिन्दी मे यशोधर काव्य/रास/चरित्र लिखे थे लेकिन कवि ने यशोधर की जीवनकथा लिखते समय उसी परम्परा का निर्वाह किया है जो उसके पूर्ववर्ती कवियो ने किया था। लेकिन सभी प्रसंगो का वर्णन करते हुए कवि ने अपनी काव्य कौशल का प्रदर्शन अवश्य किया है। इससे काव्य मधुर एवं सरस बन गया है। वैसे भी स्वय कवि अपने रास को नवरस युक्त रचना कहा है। और "रास रच्यो नव रस भर्यो" जैसे शब्दो का प्रयोग किया है। यहां हम कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं :—

नगर म नारी की सुन्दरता का वर्णन करते हुए कवि ने कहा है कि सुन्दरिय पर भवरे झूमते थे और जब वे उन्हें उडाती तो उनकी करधनी शब्द करती थी। उनके मधुर शब्दो को सुन कर स्वय कोयल लज्जित हो जाती थी।

भमर बादंला कंकणु खलके, खारस सरस सुगंत तो ।
कोयल नारी अवय सुराविनु, वाजी वचन अंगंत सु ।।६७।।

कवि ने एक ओर श्मशान का जहां वीभत्स वर्णन किया है वहां उद्यान का बड़ा ही मनोरम वर्णन हुआ है। इससे पता चलता है कि कवि की वर्णन शैली सामान्य रूप से अच्छी थी।

वीभत्स वर्णन :—

चीहावकाए उठ्या बहु धूम, अर्ध दग्ध कलेवर पड्याए।
ठाम ठाम ए पड्या बहुत, बली पशु मांस एहां मडाए ।।२।।

विकसयाए मुख दीसि दांत, तु बली ए बणी रडवडीए।
सीआलीयांए ताणे तास, आकाशे गृध लेई उडैए ।।३।।

कूतरा एक लागी अपार, बकता माहो माहि हह कहिए।
वायस ए करके बहठ, कागिए बणू कल बली रहिए ।।४।।२०।।

प्राकृतिक सुन्दरता —

वाडी बन ठाम ठाम, कपूर कदली कोमल दिसी हेलो।
नालकेर खजूर, पूग तरणां तरु अर ही केहेल ।।८।।

ताल तमाल हे ताल,सरल सोहि सज्जन समाहेल।
कोमल मध्य रसाल, देवदारु आदि उत्तमा हेल ।।९।।

तज पत्र नागवेल एलची सभी फले करी हेल।
जायफल लंवगह वेल, मरी बेल कि झूमके भरी हेल ।।१०।।

कवि ने यशोधर रास में सूर्यास्त एवं चन्द्रोदय दोनों का वर्णन किया है। जिनके वर्णन से प्रबन्ध काव्य की महत्ता में वृद्धि होती है। सूर्यास्त वर्णन का एक उदाहरण निम्न प्रकार है :—

अस्ताचले रे सूर आवंतो जाणीयो।
निज सीर परि रे मुकुट समो धरवायो ।।४।।

पश्चिम दिशि रे रवी आविह्‌ बारातडी।
पंखी तरणा रे सोर अति करे बापडी ।।५।।

गिर अंतरे रे रवि बल्‌ण नाम पामयु।
उत्तम केरे को तिग एक सीस नमामयु ।।६।।

व्यभचारिणी रे गमन गोख रीसि चढी ।
रवि उपरि रे देखाडि आंखि रातडी ॥७॥२१॥

उक्त पद्यों मे सूर्यास्त होने पर वह किसको कैसा लगता है इसका सामान्यत अच्छा वर्णन मिलता है ।

इसी तरह कवि ने चन्द्रोदय का भी अच्छा वर्णन किया है ।

पूरब दिशी रे गुफा थको ए नीसरी ।
गगन वनै रे संचरयो शशी कैसरी ॥२२॥

किरण नखे रे अंधकार गज विदारयो ।
जाणी तारा रे मुक्ताफल विस्तारयो ॥२३॥

शशी सीतल रे अमृत मय कहि वाउ तो ।
लांछन मसि रे हर दह्यो काम जीवाड तो ॥२६॥

इस प्रकार यशोधर रास में और भी कितने ही अच्छे एव काव्यमय वर्णन है जिनसे रास के काव्यत्व मे वृद्धि होती है ।

लेकिन यह भी कहा जाना चाहिये कि कवि की वर्णन शैली अन्य कवियो से एकदम भिन्न है । वह प्रत्येक वर्णन मे अपनी छाप छोडना चाहता है लेकिन इसमे वह पूरी तरह से सफल हुआ है यह सन्देह युक्त है ।

भाषा—कवि गुजरात का रहने वाला था और गुजरात में ही रास की रचना की गयी थी इसलिए रास की भाषा पर गुजराती भाषा एवं शैली का पूरा प्रभाव है । छन्दो का प्रयोग एवं शब्दो का चयन दोनों मे गुजराती का प्रभाव द्योतित है । महाकवि ब्रह्म जिनदास ने जिस शैली का प्रयोग किया था और उसी शैली को यहा कवि देवेन्द्र अपनाया है । १६वी १७वी शताब्दि मे गुजराती शैली का हिन्दी कवियो पर पूरा प्रभाव रहा । इसीका नमूना यशोधर रास में देखा जा सकता है ।

छन्द—रास मे दोहा छन्द के अतिरिक्त और भी भास छन्दों का उपयोग किया गया है । हमे आज एक भास में कितने ही पद मिलेंगे साथ ही दूसरे भास आणदानी भास हेलांनी (१३), भास नारे सुआनी (१५), भास ब्रह्म गुणराजनी (१६), भास चौपई (२४) भास भमारुलीनी भास रासनी (३१), भास साहेलीनी (३६), भास वसन्त फागुणनी (४६), भास भूपाल रागनी (५३), भास भद्रबाहुनी (८१) भास पटुलसडीनी(८४) भास जीवडानी (६८) आदि भासों का छन्दोंके रूप मे प्रयोग किया है । कवि

से चौपाई जैसे स्वतन्त्र छन्द को भी ढाल चोपई कर छन्द का प्रयोग किया गया है। हां दोहा के आगे पीछे ढाल का प्रयोग नहीं किया है।

रचना स्थान—जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि यशोधर रास की रचना महुवा नगर में चन्द्रप्रभ चैत्यालय में की गयी थी। [1]नगर धनधान्य एवं सुवर्ण से ओतप्रोत था। वहां वणिक समाज के पर्याप्त संख्या में घर थे। बड़े बड़े बाडी एवं बगीचे थे जिनमें विभिन्न प्रकार के फलो वृक्ष थे। नगर में श्रावकों की अच्छी बस्ती थी जो दान पूजा व्रत अभिषेक करने में बड़ी रुचि रखते थे। वहां बड़े २ विशाल जिन मन्दिर थे इस प्रकार जिस नगर (महुआ) मे कवि रहते थे वह अपने समय का उत्तम नगर माना जाता था।

तेह देस माही सोहि महूआ नयरी वसततो।
धन कण कणयर तने भरी, महाजन नवसय महंततो ॥७॥
ब्राह्मण वेदने अभ्यासे नाहि पूर्ण नदी मांही तो।
अवर वरण घणा वसि सां· नित नित होय उछाहतो ॥८॥
सिंहपुरा कुल मंडण महि वारिया श्रावक वसंततो।
दान पूजा व्रत अभिषेक, बहुपरि धरम करंततो ॥१२॥१३२॥

महुआ नगर के मन्दिर की मूलनायक प्रतिमा चन्द्रप्रभु स्वामी की थी। मन्दिर मे धरणेन्द्र पद्मावती की प्रतिमा भी थी जिनके दर्शनमात्र से भूत पिशाच की बाधा दूर हो जाती थी मन्दिर के बहार क्षेत्रपाल भी पूजे जाते थे।

महुआ नगर में अनेक श्रावक थे जिनमे संघवी नाकर नन्दन, संघवी शिवदास सघवी दाभाई, साह नाहानकुल चादलो, सघवी जना, जयवंत सघवी, हंसराज सुत साह कुंआरी, नाहुन सुत मांगजी, माणजी आदि के नाम विशेषतः उल्लेखनीय थे जिनके नाम कवि ने ग्रंथ प्रशस्ति में गिनाये हैं। इन सबने यशोधर रास की रचना मे विशेष प्रेरणा की थी।

सघसी नाकार नंदन ।सा०। संघवी साहि सिवदास तो।
भूपाल कुल सोहावरु ।सा०। संघवीदा भाई गुणराम तो ॥३६॥
साहा नाहा नकुल चांदलो ।सा०। दा भाई दान दातार तो।
सांघवी जना कुल मांडण ।सा०। जयवंत सघीव उदारतो ॥३९॥
हंसराज सुत साहा कुंअर जी ।सा०। नाहुन सुत मांगजी सुचंगतो।
माणजी आदि संघ श्रावकनी ।सा०। रास रच्यो मन रंगतो ॥४०॥

---

१ तेह चन्द्रप्रभ्वती आदेश थी, महुआ नगर मझारतो।
चंद्रप्रभ चैत्यालय रास रच्यो शुभ कारतो ॥

देवेन्द्र कवि भट्टारक सकलकीर्त्ति के आम्नाय में होने वाले भट्टारकों— सकलकीर्त्ति, भुवनकीर्त्ति ज्ञानभूषण, विजयकीर्त्ति, शुभचन्द्र, सकल भूषण, सुमति कीर्त्ति एवं गुणकीर्त्ति जैसे भट्टारकों एवं ब्रह्म जिनदास एवं उनके शिष्य शांतिदास ब. हंसराज एवं ब. राजपाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से बड़े प्रभावित थे इसलिए कवि ने उनका साभार उल्लेख किया है। कवि के समय मे ब्रह्म शांतिदास थे जिनके उपदेश एवं प्रेरणा से कवि की धर्म एवं साहित्य रचना की ओर प्रवृत्ति बढी।

यशोधर के जीवन की लोकप्रियता

यशोधर राजा का जीवन जैन समाज में अत्यधिक लोकप्रिय रहा है। द्रव्य हिंसा के स्थान पर भाव हिंसा भी कितनी पाप बन्ध का कारण बनती है यही इस काव्य का मुख्य संदेश है। इसलिए महाकवि पुष्पदन्त से लेकर देवेन्द्र कवि तक निम्न कवियों ने अपनी शैली एवं भाषा मे यशोधर काव्यों की रचना करके यशोधर के जीवन का एक कीर्त्तिमान प्रस्तुत किया :—

१	जसहर चरिउ	महाकवि पुष्पदन्त	अपभ्रंश	९ वीं शताब्दि
२.	यशस्तिलक चम्पू	सोमदेवसूरि	संस्कृत	शक संवत् ८८१
३	यशोधर चरित्र	भ. सकलकीर्त्ति	,,	१५ वीं शताब्दि
